सूर्योदय 7:10 सूर्यास्त 6:00

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 5.0 न्यू | 16.6 अधि |
| धर्मशाला | 3.8 न्यू | 21.1 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 83,313 |
| निफ्टी | 25,642 |
| सोना 1,49,000 | चांदी 2,52,750 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | शुक्रवार, 6 फरवरी 2026 | 24 माघ, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 3, अंक 40, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### 3.2 तीव्रता के भूकंप से हिला किन्नौर




**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश के किन्नौर जिले में बीती रात भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी के अनुसार भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 3.2 मापी गई। भूकंप का केंद्र जमीन से करीब पांच किलोमीटर की गहराई में था। शुक्रवार तड़के लगभग 3 बजकर 59 मिनट पर दो बार हल्के झटके महसूस हुए। तीव्रता कम होने के कारण किसी तरह के जान-माल के नुकसान की सूचना नहीं है। प्रशासन सतर्क है।

### दिल्ली में आतंकी पन्नू के दो गुर्गे गिरफ्तार

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने प्रतिबंधित संगठन 'सिख फॉर जस्टिस' (एसएफजे) के आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू से जुड़े दो स्लीपर सेल को गिरफ्तार किया। आरोपियों बलजिंद्र और रोहित उर्फ कीरथ ने 26 जनवरी से ठीक पहले दिल्ली में अलग-अलग जगहों पर 'खालिस्तान जिंदाबाद' के नारे लिखकर अशांति फैलाने की कोशिश की। जांच में पता चला कि कनाडा में बैठे पन्नू के करीबी ने इन दोनों को 2 लाख रुपए के लालच में यह काम करने के लिए हायर किया था। (अनंत ज्ञान)

### गाजा में इसराइल ने हमास के दो कमांडर किए ढेर

**एजेंसी, गाजा।** इसराइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) और आंतरिक सुरक्षा एजेंसी शिन बेट ने गाजा पट्टी में हमास के खिलाफ अभियान में सफलता हासिल की। संयुक्त ऑपरेशन में हमास की ऑपरेटिंग सेल के प्रमुख मुहम्मद इस्सम हसन अल-हबील को मार गिराया गया। अल-हबील 7 अक्तूबर 2023 के हमास हमले में शामिल था और इजरायली कॉर्पोरल नोआ मार्सियानो की हत्या में हाथ था। आईडीएफ का कहना है कि यह कार्रवाई हमास द्वारा युद्धविराम उल्लंघन के बाद की गई और इसे इसराइल में न्याय और बदला माना जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

### आमरण अनशन पर बैठे 20 संतों की बिगड़ी तबीयत

**एजेंसी, जयपुर।** राजस्थान में खेजड़ी के पेड़ को बचाने को लेकर चल रहे आंदोलन के चौथे दिन आमरण अनशन पर बैठे करीब 20 संतों की तबीयत खराब हो गई। धरनास्थल पर ही अस्पताल बनाकर 17 लोगों को भर्ती कराया गया है, जबकि दो संतों को आईसीयू में भर्ती कराया गया है। बिश्नोई समाज रेगिस्तान की जीवन रेखा कही जाने वाली खेजड़ी के पेड़ की पूजा करता है, मगर पश्चिमी राजस्थान के बीकानेर, जैसलमेर, बाड़मेर, जोधपुर और पाली में बड़ी संख्या में सोलर प्लांट लगाए जाने की वजह से हज़ारों की संख्या में खेजड़ी के पेड़ काटे जा रहे है। (अनंत ज्ञान)

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- मरीजों को मिलेगी अत्याधुनिक इलाज की सुविधा -पेज 2
- चन्नू हट्टी में धंस रही जमीन मकानों व दुकानों को खतरा -पेज 4
- सलौणी-दियोटसिद्ध सड़क का निर्माण अधर में लटका -पेज 6
- स्कूलों में मोबाइल फोन पर राज्यव्यापी प्रतिबंधः सीएम -पेज 10
- सपरून में फुट ओवर ब्रिज न बनने से बढ़ी मुश्किलें -पेज 12


# हर मंच पर लड़ेंगे हिमाचली हकों की लड़ाई : सीएम

## कहा-राजस्व घाटा अनुदान बहाली के लिए भाजपा विधायकों के साथ दिल्ली जाने को हूं तैयार

अनंत ज्ञान

**अरुण डोगरा रीतू, बरठीं (बिलासपुर)।** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने केंद्र सरकार और भाजपा के सांसदों-विधायकों पर सीधा हमला बोलते हुए कहा कि हिमाचल से हर साल मिलने वाली करीब 10 हजार करोड़ रुपए की ग्रांट बंद कर दी गई, लेकिन प्रदेश के भाजपा सांसद संसद में चुप्पी साधे बैठे हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या भाजपा के जनप्रतिनिधि हिमाचल के 50 हजार करोड़ रुपए के हक के लिए आवाज उठाएंगे या नहीं?

बिलासपुर जिला के झंडूता विधानसभा क्षेत्र के बरठीं में विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने साफ शब्दों में कहा कि एक फरवरी हिमाचल के इतिहास का काला दिन है, जब केंद्र सरकार ने दशकों से मिल रही ग्रांट बंद कर दी। उन्होंने कहा कि यह फैसला सीधे-सीधे पहाड़ी राज्य के अधिकारों पर डाका है और इसकी लड़ाई जनता के सहयोग से लड़ी जाएगी।

मुख्यमंत्री ने दो टूक कहा कि जब तक प्रदेश में कांग्रेस सरकार है, तब तक ओल्ड पेंशन स्कीम बंद नहीं होगी, चाहे कितना ही दबाव क्यों न बनाया जाए। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने ओपीएस लागू करने पर 1600 करोड़ रुपए की सहायता रोक दी, फिर भी राज्य सरकार कर्मचारियों के हितों से पीछे नहीं हटेगी। सुक्खू ने भाजपा सरकारों की आर्थिक नीतियों पर निशाना साधते हुए कहा कि पिछली भाजपा सरकार ने 50 हजार करोड़ रुपए का कर्ज छोड़ा, जबकि वर्तमान कांग्रेस सरकार ने तीन साल में 23 हजार करोड़ रुपए का कर्ज लेकर 26 हजार करोड़ रुपए ब्याज और मूलधन के रूप में चुका दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने आय के नए संसाधन खड़े किए और भ्रष्टाचार के रास्ते बंद किए हैं।

मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि प्रदेश की 68 प्रतिशत भूमि वन क्षेत्र में है, लेकिन केंद्र सरकार ने इस वास्तविकता को नजरअंदाज कर दिया। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि हिमाचल के अधिकारों की अनदेखी होती रही, तो भाजपा विधायकों के नेतृत्व में भी दिल्ली जाने को सरकार तैयार है, क्योंकि सरकारें आती-जाती रहती हैं, लेकिन प्रदेश के हक स्थायी होते हैं।

जनसभा में मुख्यमंत्री ने कई अहम घोषणाएं करते हुए बरठीं क्षेत्र के लिए री-रड़ोह पुल और दधोग टपें गांव में पुल निर्माण हेतु अढ़ाई करोड़ रुपए, बरठीं, गेहड़वी व झंडूता स्कूलों को सीबीएसई पैटर्न पर लाने, तलाई में सब-तहसील, मल्होट में को-ऑपरेटिव बैंक, तथा पीएचसी कलोल को अपग्रेड करने की घोषणा की। उन्होंने भल्लू घाट सड़क हादसे में प्रभावित 16 परिवारों को 31-31 हजार रुपए की सहायता भी प्रदान की।




झंडूता विधानसभा क्षेत्र में मुख्यमंत्री सुक्खू के भव्य स्वागत में उमड़ा जनसैलाब। अनंत ज्ञान

### सीएम ने आपदा राहत और विकास परियोजनाओं का किया खुलासा

**मुख्यमंत्री** ने आपदा राहत का जिक्र करते हुए कहा कि 9300 करोड़ रुपए के नुकसान का आकलन हुआ, लेकिन भाजपा सांसदों ने संसद में एक भी सवाल नहीं उठाया। कांग्रेस सरकार ने बिना किसी मांग के मुआवजा राशि बढ़ाकर घर गिरने पर 7 लाख रुपए की और किराये की सहायता भी दी, क्योंकि आम आदमी का दर्द बांटना ही व्यवस्था परिवर्तन है। इससे पहले मुख्यमंत्री ने झंडूता विधानसभा क्षेत्र में 42.43 करोड़ रुपए की चार विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। कार्यक्रम में तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी, कांग्रेस नेता विवेक कुमार, पूर्व विधायक बंबर ठाकुर, जिला कांग्रेस अध्यक्ष अंजना धीमान सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# मेघालय में अवैध कोयला खदान में धमाका, 16 मरे



**एजेंसी, शिलांग**

पूर्वोत्तर राज्य मेघालय से एक बड़े हादसे की खबर सामने आई है। यहां एक कोयला खदान में हुए धमाके में कई मजदूरों की मौत हो गई और कई लोग अभी फंसे भी हैं। आधिकारिक रूप से मिली जानकारी के अनुसार मेघालय के ईस्ट जयंतिया हिल्स जिले में गुरुवार को 'अवैध' कोयला खदान में विस्फोट होने से कम से कम 16 मजदूरों की मौत हो गई और कई अन्य के फंसे होने की आशंका है। पुलिस महानिदेशक आई नोंगरंग ने बताया कि यह घटना थांगस्कू इलाके में हुई और बचाव दल तलाशी अभियान चला रहे हैं। उन्होंने कहा, "हमने अब तक 16 शव बरामद किए हैं, लेकिन विस्फोट के समय खदान के अंदर मौजूद लोगों की संख्या के बारे में सटीक जानकारी नहीं है। कई लोगों के फंसे होने की आशंका है।" वहीं, प्रधानमंत्री मोदी ने मृतकों के परिवारों को 2-2 लाख रुपए देने की घोषणा की है। (अनंत ज्ञान)

◆ **पीएम मोदी ने मृतकों के परिवारों को 2-2 लाख देने की घोषणा**

# यूपीएससी परीक्षा में फेस ऑथेंटिकेशन पर ही एंट्री

**एजेंसी, नई दिल्ली**

◆ **यूपीएससी-2026 में पहली बार दिखेंगे बदलाव**




संघ लोकसेवा आयोग (यूपीएससी) ने सिविल सेवा परीक्षा 2026 का नोटिफिकेशन जारी किया है। आयोग ने इस बार 933 पदों के लिए भर्ती विज्ञापन जारी किया है। आवेदन की आखिरी तारीख 24 फरवरी है। परीक्षा केंद्र में फेस ऑथेंटिकेशन के बाद ही एंट्री दी जाएगी। इस बार प्रयास और पात्रता से जुड़े नियमों में भी बड़ा बदलाव किया गया है। इसके मुताबिक अब सिलेक्शन के बाद दोबारा परीक्षा देने की आजादी पहले जैसी नहीं रहेगी। नए प्रावधानों में सेवा में रहते हुए बार-बार परीक्षा देने का रास्ता बंद कर दिया गया है।

वहीं, आईएएस और आईएफएस को लेकर पुराने नियम जस के तस रखे गए हैं। चयनित अफसर को एक बार परफॉर्मेंस बेहतर करने का मौका मिलेगा। जैसे किसी का 2026 में आईपीएस में सिलेक्शन हुआ तो वह 2027 में परफॉर्मेंस बेहतर करने की परीक्षा देने का पात्र होगा। उसके बाद अगर वह परीक्षा देना चाहता है तो उसे सेवा से इस्तीफा देना होगा। पहले से आईपीएस में चयनित या नियुक्त उम्मीदवार सीएसई 2026 से दोबारा आईपीएस नहीं पा सकेंगे। वहीं, प्रीलिम्स के बाद लेकिन मेन्स से पहले अगर आईएएस या आईएफएस बनते हैं, तो मेन्स लिखने की अनुमति नहीं मिलेगी।

सिविल सर्विस एग्जाम-2026 में अगर ग्रुप-ए या फिर आईपीएस मिलती है, तो उम्मीदवार को सिर्फ एक बार यानी सीएसई-2027 में रैंक सुधारने का मौका मिलेगा। मौका तभी मिलेगा जब उम्मीदवार को ट्रेनिंग जॉइन न करने की वन टाइम एक्जेम्प्शन (एक बार की छूट) मिले। छूट फाउंडेशन कोर्स तक सीमित होगी। यदि उम्मीदवार न ट्रेनिंग ज्वॉइन करता है, और न छूट लेता है, तो सीएसई-2026 और सीएसई-2027 दोनों के आधार पर मिली सेवा अपने आप रद्द हो जाएगी। सीएसई 2026 से चयनित उम्मीदवार सीएसई 2027 देना चाहते हैं, तो अनुमति जरूरी होगी। (अनंत ज्ञान)

# 1950 से 1987 के बीच भारत में पैदा हुए तिब्बती भारतीय नागरिक

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** दिल्ली हाईकोर्ट का अहम निर्णय आया है कि अब 26 जनवरी 1950 के बाद और एक जुलाई 1987 से पहले भारत में पैदा हुए तिब्बती समुदाय के लोगों को भारतीय नागरिक माना जाएगा। यह निर्णय दिल्ली हाईकोर्ट ने 3 निर्वासित तिब्बतियों द्वारा दायर याचिक, जिसमें उन्होंने न्यायालय से आग्रह किया था कि उन्हें भारतीय पासपोर्ट देने से इंकार किया जा रहा है कि सुनवाई में सुनाया।

**मामला?**

**याचिका** का निपटारा करते हुए दिल्ली हाईकोर्ट के न्यायधीश संजीव सचदेवा ने आदेश दिए कि इन तिथियों के मध्य भारत में जन्मे सभी तिब्बतियों को भारतीय नागरिक माना जाए और उन्हें इंडियन पासपोर्ट देने से इंकार नहीं किया जा सकता। अधिवक्ता गिरीराज सुब्रह्मण्यम ने जनहित में प्रो-बोनो के तहत मई 2016 में 80 पृष्ठों की याचिका साक्ष्यों सहित दिल्ली हाईकोर्ट में दायर की थी, जिस पर न्यायधीश संजीव सचदेवा ने यह ऐतिहासिक फैसला सुनाया है।

# राष्ट्रपति के अभिभाषण पर पीएम के जवाब दौरान विपक्ष का वॉकआउट

**एजेंसी, नई दिल्ली**

◆ **प्रधानमंत्री मोदी ने नेहरू इंदिरा की नीतियों को लेकर कांग्रेस पर साधा निशाना**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव का जवाब दिया। स्पीच के दौरान विपक्ष ने नारेबाजी शुरू कर दी। विपक्षी नेताओं ने कहा कि राहुल गांधी को बोलने दिया जाए, तानाशाही नहीं चलेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि खड़गे जी की उम्र देखते हुए उन्हें बैठकर नारे लगाने की इजाजत दी जाए। इसके बाद विपक्ष ने वॉकआउट कर दिया।

प्रधानमंत्री ने एक घंटा 27 मिनट भाषण के दौरान नेहरू-इंदिरा की नीतियों को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा यह कौन-सी मोहब्बत की दुकान है, जो मोदी की कब्र खोदने की बात करते हैं। यह सार्वजनिक जीवन की मर्यादा का अपमान नहीं है। उन्होंने कहा कि टीएमसी, कांग्रेस, लेफ्ट, डीएमके दशकों से केंद्र में सत्ता का हिस्सा रहे। उनकी पहचान क्या बनी, उनके वक्त डील के नाम पर बोफोर्स याद आता है। आज डील की चर्चा गौरव से होती है। प्रधानमंत्री मोदी को बुधवार शाम 5 बजे लोकसभा में भी स्पीच देनी थी, लेकिन विपक्ष के विरोध चलते स्पीकर ओम बिरला ने भाषण टाल दिया।

स्पीकर ने कहा कि सदन में पीएम के साथ कुछ अप्रत्याशित घटना हो सकती थी। लोकसभा में शुक्रवार को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव हंगामे के बीच पास हो गया। 2004 के बाद पहली बार यह प्रस्ताव प्रधानमंत्री के भाषण के बिना पास हुआ है। (अनंत ज्ञान)

# अनुराग पर लगा बैन हटा, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के साथ कर सकेंगे काम

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**सुप्रीम कोर्ट से राहत**




सुप्रीम कोर्ट ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के पूर्व प्रेसिडेंट अनुराग ठाकुर से लाइफ टाइम बैन हटा दिया है। कोर्ट ने गुरुवार को अपने 9 साल पुराने फैसले को बदला है। उसमें ठाकुर को बोर्ड से दूर रहने को कहा गया था। अब वे भारतीय क्रिकेट के संचालन में बोर्ड के कामकाज में शामिल हो सकेंगे।

कोर्ट ने कहा कि उन पर जिंदगीभर का प्रतिबंध लगाना न तो सही था और न ही इसका कोई इरादा था। चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अगुवाई वाली बेंच ने कहा, 'यह आनुपातिकता के सिद्धांत को लागू करने का सही मामला है।' बेंच ने यह भी साफ कर दिया कि अनुराग पहले ही बिना शर्त माफी मांग चुके हैं, जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया था।

साल 2017 में लोढ़ा कमेटी की सिफारिशों को लागू न करने की वजह से अनुराग को पद से हटाया गया था। लोढ़ा कमेटी के नियमों में आयु सीमा और सरकारी पद जैसे कई कड़े प्रावधान शामिल थे। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि 2 जनवरी, 2017 के फैसले के निर्देश 3 और 4 पहले ही वापस ले लिए गए थे। मौजूदा आवेदन केवल उन पर लगाए गए प्रतिबंध से संबंधित था। अनुराग के वकील ने कहा कि यह प्रतिबंध लगभग 9 साल से लागू था और इसे जारी रखने से गंभीर कठिनाई होगी। (अनंत ज्ञान)

# हाईकोर्ट पहुंचा सरकारी बस सेवा निजी ऑपरेटर को देने का मामला

अनंत ज्ञान



**नाहन।** सिरमौर के सराहां-मेहंदोबाग-नाडब-खोजर रूट की एकमात्र सरकारी बस सेवा निजी ऑपरेटर को सौंपने का मामला अब हाईकोर्ट पहुंच गया है। जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने याचिका दायर कर इस फैसले का विरोध किया है। हाईकोर्ट ने परिवहन सचिव और एचआरटीसी निदेशक से चार सप्ताह में जवाब मांगा है, अगली सुनवाई 17 मार्च को होगी। हजारों ग्रामीणों को इस रूट के बंद होने से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

जानकारी के अनुसार, ग्राम पंचायत कथाड़ के पूर्व उपप्रधान रतनलाल, पच्छाद की बीडीसी मेंबर भावना और स्थानीय युवक राजेंद्र ठाकुर ने हाईकोर्ट में प्रदेश सरकार, परिवहन विभाग व एचआरटीसी के खिलाफ जनहित याचिका दायर की। इस याचिका को हाईकोर्ट ने मंजूर करते हुए परिवहन सचिव और एचआरटीसी के निदेशक से चार सप्ताह में जवाब मांगा है।

इसके साथ ही मामले में अगली सुनवाई 17 मार्च को निर्धारित की गई है। 17 मार्च से पहले परिवहन विभाग व एचआरटीसी निदेशक को अपने जवाब हाईकोर्ट में दाखिल करने होंगे।

# सुप्रीम कोर्ट ने ममता सरकार को कर्मचारियों का बकाया 25% डीए देने के दिए आदेश

**एजेंसी, नई दिल्ली**



पश्चिम बंगाल सरकार और उसके कर्मचारियों के बीच लंबे समय से चल रहे महंगाई भत्ते (डीए) के विवाद में सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को करीब 20 लाख राज्य सरकारी कर्मचारियों को बड़ी राहत दी है। कोर्ट ने सरकार को निर्देश दिया कि 2008 से 2019 तक की अवधि का डीए बकाया भुगतान किया जाना चाहिए। अदालत ने कहा कि पहले के अंतरिम आदेश के अनुसार, बकाया राशि का कम से कम 25 प्रतिशत 6 मार्च तक जारी किया जाना चाहिए।

बेंच ने राज्य सरकार को बाकी 75 प्रतिशत डीए पर फैसला करने के लिए चार सदस्यों की एक कमेटी बनाने का भी आदेश दिया। जानकारी के मुताबिक, सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल सरकार को कर्मचारियों को महंगाई भत्ता (डीए) एक कानूनी अधिकार के तौर पर जारी करने का निर्देश दिया है, क्योंकि यह वेतन की गणना के लिए आरओपीएस नियमों में शामिल है।

2009-19 तक का डीए का बकाया कर्मचारियों को जारी किया जाए। इसमें शामिल वित्तीय प्रभावों को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व स्ट जस्टिस इंदु मल्होत्रा और दो रिटायर्ड हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस के साथ कैग या कैग द्वारा नियुक्त एक वरिष्ठ अधिकारी की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया है। यह समिति बंगाल राज्य के कर्मचारियों को डीए के भुगतान का निर्धारण करेगी। (अनंत ज्ञान)

# आसाराम के अहमदाबाद आश्रम पर चलेगा बुलडोजर

**एजेंसी, अहमदाबाद।** गुजरात हाईकोर्ट ने गुरुवार को आसाराम के अहमदाबाद स्थित मोटेरा आश्रम ट्रस्ट की तरफ से दायर याचिका खारिज कर दी। इस याचिका में शहर के मोटेरा इलाके में स्थित बड़े भूखंड को खाली कराने की सरकारी कार्रवाई को चुनौती दी गई थी। कोर्ट के फैसले से राज्य सरकार के लिए आश्रम की जमीन अपने कब्जे में लेने का रास्ता साफ हो गया है। आश्रम की 45,000 वर्ग मीटर से अधिक की जमीन पर 2030 कॉमनवेल्थ गेम्स के लिए स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स बनाया जाना है। वर्तमान में इस जमीन की मार्केट वैल्यू 500 करोड़ रुपए से ज्यादा की है।

◆ **हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को जमीन वापस लेने का दिया आदेश**

गुजरात हाईकोर्ट की जस्टिस वैभवी नानावटी ने इस मामले में सुनवाई की। कोर्ट ने गुरुवार को अपने आदेश में कहा कि आश्रम में नियमों का उल्लंघन हुआ है और उस जगह अब विकास परियोजना की जरूरत भी है, इसलिए सरकार की मांग सही है। इस फैसले के बाद अहमदाबाद नगर निगम कभी भी आश्रम में बने अवैध निर्माणों को हटाने की कार्रवाई शुरू कर सकता है। (अनंत ज्ञान)


**नजरिया** | **मंडी की संकरी गलियों में अक्सर भूल जाते हैं पर्यटक, हो रही झूला पुल से जोड़ने की वकालत**

# त्रिलोकीनाथ-पंचवक्त्र के बिना जुड़े पूरा नहीं होगा शिवधाम का सपना

अनंत ज्ञान

**अनिल शर्मा, मंडी।** प्राकृतिक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संपदा ही क्षेत्र विशेष को पर्यटन के क्षेत्र में आगे बढ़ाती है और मंडी नगर इन तीनों से भरपूर है। चारों ओर पहाड़ियों से घिरा नगर अनायास ही पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करता है। यहां के प्राचीन और विश्व प्रसिद्ध मंदिर व ऐतिहासिक इमारतें दिशाहीन होने के कारण विश्व पटल पर विख्यात नहीं हो पाई है।

मंडी में हिंदू, सिख और बौद्ध धर्म के लोगों का आना जाना लगा रहता है, लेकिन कुछ कारण ऐसे हैं जो पर्यटकों के कदमों को रोक देते हैं। मंडी के सबसे प्राचीन और अद्भुत संरक्षित त्रिलोकीनाथ व प्रलय काल में स्थिर रहने वाला पंचवक्त्र मंदिर नदी के आर-पार हैं, जो पर्यटक पंचवक्त्र आते हैं वे त्रिलोकीनाथ नहीं जा पाते और जो त्रिलोकीनाथ आते हैं, वे पंचवक्त्र नहीं जा पाते, क्योंकि दोनों संरक्षित ऐतिहासिक मंदिरों को आने-जाने की दूरी 2 से 3 किलोमीटर है और मंडी की गलियों में पर्यटक अक्सर भूल जाते हैं। जब तक प्राचीन संरक्षित दोनों मंदिर आपस में न जुड़ जाएं तब तक शिवधाम की परिकल्पना पूर्ण नहीं हो सकती है।



पंचवक्त्र मंदिर के बीच से नदी पार दिखाई देता त्रिलोकीनाथ मंदिर। अनंत ज्ञान

### ऐतिहासिक हैं दोनों मंदिर

**त्रिलोकीनाथ** मंदिर में लिपि में एक शिलालेख लगा है, जो 11 या 12वीं शताब्दी को इंगित करता है और पंचवक्त्र में भी एक स्तंभ पर दुर्लभ लिपि में कुछ अंकित किया गया है, जो इनके महत्व और निर्माण समय को कई शताब्दियों पुराना साबित करती है। इसके साथ दोनों मंदिरों की शैली भी पर्यटकों को आकर्षित करती है। इन मंदिरों में तंत्र शास्त्र में प्रयोग होने वाले चिन्हों और मूर्तियों को भी स्थापित किया गया है।

> **दोनों** मंदिर यदि छोटे पुल से जुड़ जाएं, तो पर्यटन के साथ साथ सभी श्रद्धालुओं के लिए भी लाभप्रद रहेंगे। वर्षों से दोनों मंदिर आपस में नहीं जुड़ पाए हैं, जबकि झूला पुल से दोनों मंदिर आसानी से जुड़ सकते हैं। सरकार को इस पर गंभीरता से प्रयास करना चाहिए।
>
> -कमलकांत शर्मा, संस्कृति संरक्षक मंडी।

# जैनब चंदेल बनी राज्य बाल कल्याण परिषद की महासचिव

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष रह चुकी जैनब चंदेल को बाल कल्याण परिषद हिमाचल प्रदेश के महासचिव पद पर तीन वर्षों के लिए नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति को संगठनात्मक अनुभव और सामाजिक सरोकारों के प्रति उनकी सक्रिय भूमिका से जोड़कर देखा जा रहा है। परिषद से जुड़े सूत्रों के अनुसार, जैनब चंदेल बाल अधिकारों के संरक्षण, कल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और ज़मीनी स्तर पर समन्वय को मजबूत करने की दिशा में सक्रिय भूमिका निभाएंगी। उनकी नियुक्ति से परिषद की गतिविधियों को नई गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।



# मरीजों को मिलेगी अत्याधुनिक इलाज की सुविधा

## रोबोटिक सर्जरी से लेकर कैंसर केयर तक होगा उन्नत तकनीक का इस्तेमाल: धनीराम शांडिल

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** प्रदेश के स्वास्थ्य ढांचे को नई मजबूती देने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. कर्नल धनी राम शांडिल ने राज्य मेडिकल सर्विसेज कॉरपोरेशन लिमिटेड की स्पैशल हाई पावर परचेज कमेटी की बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि चिकित्सा उपकरणों और सामग्री की खरीद प्रक्रिया में किसी भी तरह की देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी और पूरी प्रक्रिया पारदर्शिता के साथ तेज़ी से पूरी की जाए। उनका कहना था कि सरकार का लक्ष्य है कि प्रदेश के हर मरीज को उसके घर के नज़दीक उन्नत, सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं मिलें।

स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि राज्य में पहली बार रोबोटिक सर्जरी की शुरुआत की गई है, जो हिमाचल के स्वास्थ्य इतिहास में एक बड़ी उपलब्धि है।



स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धनीराम शांडिल बैठक करते हुए। अनंत ज्ञान

इसके साथ ही लगभग 1,110 करोड़ रुपए की लागत से स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट, ट्रॉमा सेंटर, कैंसर डे केयर यूनिट, मेडिकल कॉलेजों और आदर्श स्वास्थ्य संस्थानों को आधुनिक सुविधाओं से लैस किया गया है। उन्होंने कहा कि यह निवेश केवल इमारतों तक सीमित नहीं है, बल्कि इलाज की गुणवत्ता, तकनीक और मरीज की सुविधा को केंद्र में रखकर किया गया है।

डॉ. शांडिल ने बताया कि जापान इंटरनेशनल कोऑपरेशन एजेंसी के सहयोग से प्रदेश के स्वास्थ्य क्षेत्र को और मजबूत किया जा रहा है। पहले चरण में अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरणों की खरीद के लिए 1,710 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, जबकि दूसरे चरण में 1,617 करोड़ रुपये की लागत से स्वास्थ्य अवसंरचना को सुदृढ़ करने की कार्ययोजना स्वीकृति के लिए भेजी गई है। उन्होंने कहा कि यह निवेश आने वाले वर्षों में प्रदेश के अस्पतालों की तस्वीर पूरी तरह बदल देगा।

बैठक में नैदानिक सेवाओं को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया गया। इसमें लैप्रोस्कोपिक सर्जरी सेट, शल्य चिकित्सा उपकरण, एफईएसएस एंडोस्कोपी यूनिट, मल्टीपैरा मॉनिटर और अन्य आधुनिक उपकरणों की खरीद शामिल है। इसके अलावा ब्लॉक प्राथमिक स्वास्थ्य इकाइयों के लिए बायोमेडिकल उपकरणों की खरीद, 13 सिंगल पंचर लैप्रोस्कोप की आपूर्ति और अटल इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल सुपरस्पेशलिटी सहित हमीरपुर व टांडा मेडिकल कॉलेजों में ट्रैक-आधारित एकीकृत लैब ऑटोमेशन सिस्टम स्थापित करने के लिए निविदा दस्तावेजों को स्वीकृति दी गई।

### मुख्यमंत्री के नेतृत्व में इलाज घर के पास की सोच साकार

**स्वास्थ्य** मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार स्वास्थ्य सेवाओं के आधुनिकीकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। सरकार का स्पष्ट संकल्प है कि गुणवत्तापूर्ण इलाज के लिए किसी भी नागरिक को राज्य से बाहर न जाना पड़े, जिससे समय और धन दोनों की बचत हो सके।

# सब्सिडी से निवेश की ओर भारत की निर्णायक छलांग: जयराम ठाकुर

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि देश की आर्थिक दिशा अब पूरी तरह बदल चुकी है। उन्होंने कहा कि भारत सब्सिडी आधारित सोच से निकलकर 'निवेश आधारित' विकास के युग में प्रवेश कर चुका है। ठाकुर ने केंद्रीय बजट को आत्मनिर्भर भारत की मजबूत नींव बताते हुए कहा कि पिछले एक दशक में पूंजीगत व्यय में ऐतिहासिक वृद्धि हुई है, जिसका सीधा लाभ रक्षा, कृषि, शिक्षा और बुनियादी ढांचे को मिला है।

शिमला में आयोजित पत्रकार वार्ता में जयराम ठाकुर ने बताया कि 2013-14 के मुकाबले आज कुल पूंजीगत व्यय कई गुना बढ़ चुका है। रक्षा बजट, कृषि मंत्रालय, रेलवे, सड़क-राजमार्ग और नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में भारी निवेश हुआ है। उन्होंने कहा कि महिला श्रम भागीदारी में उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है और बहुआयामी गरीबी में बड़ी गिरावट आई है। आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं से करोड़ों लोगों को स्वास्थ्य सुरक्षा मिली है। ठाकुर ने कहा कि यह सब नरेंद्र मोदी के दीर्घकालिक विजन का परिणाम है।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि केंद्र सरकार प्रदेश को रेल, सड़क और स्वास्थ्य के लिए रिकॉर्ड सहायता दे रही है। 2026-27 के लिए कर हस्तांतरण, अनुदान सहायता और ब्याज मुक्त ऋण का बड़ा प्रावधान किया गया है। उड़ान योजना, अटल टनल और एम्स बिलासपुर जैसे प्रोजेक्ट केंद्र की प्रतिबद्धता के प्रमाण हैं। ठाकुर ने कहा कि राज्य के विकास की रीढ़ 90:10 फंडिंग वाली केंद्र प्रायोजित योजनाएं हैं, जबकि कांग्रेस सरकार जनता को गुमराह कर रही है। ठाकुर ने राजस्व घाटा अनुदान को लेकर वर्तमान सरकार पर सीधा हमला बोला और कहा कि 16वें वित्त आयोग के समक्ष राज्य का पक्ष प्रभावी ढंग से नहीं रखा गया। उन्होंने कहा कि आरडीजी बंद होने के संकेत पहले ही मिल चुके थे, लेकिन सरकार ने समय रहते कोई ठोस प्रयास नहीं किया। मुख्यमंत्री सुक्खू से सवाल करते हुए ठाकुर ने कहा कि आत्मनिर्भरता और समृद्धि के दावे जमीनी हकीकत से मेल नहीं खाते। सरकार की गारंटियां अधूरी हैं और वित्तीय हालात लगातार बिगड़ रहे हैं।

### पंचायत चुनाव और सरकार की दिशा पर सवाल



**नेता** प्रतिपक्ष ने कहा कि राज्य पर कर्ज का बोझ तेजी से बढ़ा है और कर्मचारियों को वेतन-पेंशन देना भी चुनौती बनता जा रहा है। पंचायत चुनावों को लेकर सुप्रीम कोर्ट जाने के फैसले को उन्होंने लोकतांत्रिक प्रक्रिया से डर करार दिया। अंत में ठाकुर ने कहा कि सरकार को संयमित भाषा अपनानी चाहिए और केंद्र के समक्ष मजबूती से राज्य का पक्ष रखना चाहिए, ताकि हिमाचल का भविष्य सुरक्षित हो सके। इस अवसर पर पूर्व मंत्री सुरेश भारद्वाज, बलवीर वर्मा, संजय सूद, कर्ण नंदा और अमित ठाकुर उपस्थित रहे।

# भाजपा जनता को कर रही गुमराह: विनय

## कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष बोले-आपदा राहत व मुआवजे पर केंद्र की चुप्पी दुर्भाग्यपूर्ण

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष विनय कुमार ने कहा है कि भाजपा केंद्रीय बजट और 16वें वित्त आयोग के नाम पर तथ्यहीन बयानबाजी कर प्रदेश की जनता को गुमराह करने का असफल प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि इस बार के केंद्रीय बजट में हिमाचल प्रदेश की पूरी तरह अनदेखी की गई है, जबकि पर्वतीय राज्य होने के नाते यहां की भौगोलिक, पर्यावरणीय और आपदा संबंधी चुनौतियां अलग हैं। राजस्व घाटा अनुदान बंद करना न केवल प्रदेश के अधिकारों पर चोट है, बल्कि यह संघीय ढांचे की भावना के भी खिलाफ है।

विनय कुमार ने कहा कि हिमाचल प्रदेश देश के लिए पर्यावरणीय सुरक्षा कवच की तरह है। यहां के वन और जल संसाधन केवल प्रदेश के नहीं, बल्कि पूरे उत्तर भारत के लिए जीवनरेखा हैं। ऐसे में केंद्र सरकार का दायित्व बनता है कि वह पर्यावरण संरक्षण के एवज में प्रदेश को विशेष आर्थिक सहायता जारी करे। उन्होंने कहा कि यदि राजस्व घाटा अनुदान बंद किया जाता है तो इससे विकास की गति पर सीधा असर पड़ेगा और बुनियादी ढांचे से लेकर सामाजिक योजनाओं तक सब पर दबाव बढ़ेगा।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि हाल के वर्षों में हिमाचल प्रदेश ने अभूतपूर्व प्राकृतिक आपदाओं का सामना किया है, जिससे हजारों परिवार प्रभावित हुए हैं और सार्वजनिक व निजी संपत्ति को भारी नुकसान पहुंचा है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा आपदा राहत के लिए घोषित 1500 करोड़ रुपये अभी तक जारी न होना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। विनय कुमार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से आग्रह किया कि प्रदेश के साथ भेदभाव छोड़कर राहत राशि तुरंत जारी की जाए, ताकि प्रभावित लोगों के पुनर्वास और पुनर्निर्माण कार्यों को गति मिल सके। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने हिमाचल से चुने गए सभी भाजपा सांसदों से अपील की कि वे दलीय राजनीति से ऊपर उठकर प्रदेशहित में केंद्र सरकार पर दबाव बनाएं।

### पूर्व भाजपा सरकार की देन है आर्थिक संकट



**विनय** कुमार ने दो टूक कहा कि प्रदेश के मौजूदा आर्थिक संकट के लिए पूर्व भाजपा सरकार पूरी तरह जिम्मेदार है। उन्होंने बताया कि पिछली सरकार से हिमाचल को 12 हजार करोड़ रुपये से अधिक की देनदारियां और 75 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा का कर्ज विरासत में मिला। इसके बावजूद वर्तमान कांग्रेस सरकार ने सीमित संसाधनों के बीच संतुलन बनाते हुए विकास कार्यों को आगे बढ़ाया, आपदा प्रभावितों की मदद की और पुनर्निर्माण कार्यों को प्राथमिकता दी।

# हिमाचल के हित सर्वोपरि, सबको एक मंच पर आना होगा: विक्रमादित्य सिंह

अनंत ज्ञान

- लोक निर्माण मंत्री ने युवाओं की मेहनत और समर्पण की सराहना की
- शिमला में शिक्षा, खेल और स्वरोजगार में सफल युवाओं को किया सम्मानित

**ब्यूरो, शिमला।** लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने शिमला स्थित होलीडे होम में आयोजित एक कार्यक्रम में अपनी बात रखते हुए कहा कि युवाओं की मेहनत, प्रतिभा व समर्पण की वे सराहना करते हैं। उन्होंने कहा कि ये युवा न केवल अपने लिए अवसर बना रहे हैं, बल्कि प्रदेश के भविष्य को भी नई दिशा दे रहे हैं। समारोह में शिक्षा, स्वास्थ्य, कला, कारोबार, खेल और समाजसेवा जैसे क्षेत्रों से जुड़े उन युवाओं को सम्मानित किया गया, जिन्होंने अपने कार्यों से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास किया है। स्वरोज़गार को अपनाकर आत्मनिर्भरता की मिसाल कायम करने वाले युवाओं का भी इस अवसर पर विशेष रूप से सम्मान हुआ। इन युवाओं ने सीमित संसाधनों के बावजूद संकल्प और निरंतर प्रयास से प्रदेश का मान बढ़ाया है। विक्रमादित्य सिंह ने एक आवाज़ में कहा कि हिमाचल के हितों की लड़ाई के लिए हम सभी को एक मंच पर आना होगा। चाहे मामला केंद्र सरकार से जुड़ा हो, चंडीगढ़ में हिमाचल के अधिकारों का हो या बीबीएमबी जैसे मुद्दों का। प्रदेश के हक़ के लिए निरंतर संघर्ष आवश्यक है। उन्होंने कहा कि यह लड़ाई राजनीति से ऊपर उठकर हिमाचल को आगे ले जाने और उसके अधिकार सुरक्षित रखने की है।



### केंद्र से रोहित वेमुला एक्ट लागू करने और भेदभाव रोकने की मांग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया की केंद्रीय कार्यकारिणी ने केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के सामने शांतिपूर्ण मार्च के दौरान दिल्ली पुलिस की कार्रवाई की कड़ी निंदा की है। संगठन ने कहा कि प्रदर्शन के दौरान एसएफआई के अखिल भारतीय अध्यक्ष आदर्श एम साजी, संयुक्त सचिव आइशे घोष, केंद्रीय कार्यकारिणी के सदस्य सूरज एलमोन और अभिजीत एम एल सहित दिल्ली इकाई के कई पदाधिकारियों और सौ से अधिक छात्रों को हिरासत में लेना लोकतांत्रिक अधिकारों पर सीधा हमला है। एसएफआई के अनुसार यह मार्च उच्च शिक्षण संस्थानों में जातिगत भेदभाव के खिलाफ प्रभावी कदम उठाने, यूजीसी की इक्विटी से जुड़ी नियमावली को सख्ती से लागू करने और रोहित वेमुला एक्ट को कानून का रूप देने की मांग को लेकर आयोजित किया गया था। संगठन का कहना है कि संस्थानों में भेदभाव की सच्चाई सरकारी रिपोर्टों में भी सामने आ चुकी है, इसके बावजूद सरकार समस्याओं का समाधान करने के बजाय दमन का रास्ता अपना रही है।

# मोदी सरकार में हिमाचल का रेल नेटवर्क पूरी तरह विद्युतीकृत: इंदु

अनंत ज्ञान

- कहा-पूंजी निवेश से विकास को रफ्तार, हिमाचल को 50 साल ब्याज मुक्त सहायता

**धर्मशाला।** राज्य सभा सांसद इंदु गोस्वामी ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा राज्यों को विशेष सहायता के अन्तर्गत हिमाचल प्रदेश को पूंजी निवेश के लिए वर्ष 2020-21 से जनवरी 2026 तक 8309 करोड़ रुपए की सहायता प्रदान की गई जोकि वित्त आयोग की सिफारशों के अतिरिक्त है। उन्होंने बताया कि यह राशि 50 साल के ब्याज मुक्त पर प्रदान की गई है जिसका ब्याज अधिभार केन्द्र सरकार द्वारा वहन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि राज्यों को बिशेष सहायता के अन्तर्गत हिमाचल प्रदेश को पूंजी निवेश के लिए वर्ष 2020-21, वर्ष 2021-22 , वर्ष 2022-23, वर्ष 2023-24 , वर्ष 2024-25 और वर्ष 2025-26 (जनवरी 2026 तक) क्रमशः 533 करोड़ , 800 करोड़, 651 करोड़, 1,516 करोड़, 2,381 करोड़, और 2,428 करोड़ की सहायता प्रदान की गई। इंदु गोस्वामी ने बताया कि मोदी सरकार ने हिमाचल प्रदेश की सभी रेल ट्रैकों का शत प्रति शत विद्युतीकरण कर दिया गया है जबकि कांग्रेस के 2009-14 के पांच वर्ष के शाशन काल में हिमाचल प्रदेश के एक भी रेलवे ट्रेक का विद्युतीकरण नहीं किया गया है। उन्होंने बताया कि इस समय राज्य में 13,168 करोड़ लागत से 255 किलो मीटर लम्बी 4 रेलवे परियोजनाओं का कार्य तीव्र गति से किया जा रहा है और अंब अंदौरा-बैजनाथ पपरोला-पालमपुर और शिमला रेलवे स्टेशनों को अमृत भारत योजना के अंतर्गत विकसित किया जा रहा है।



# सिकंदर ने राज्यसभा में उठाया हिमालयी राज्यों के सूखते जल स्रोतों का मुद्दा

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** राज्यसभा सांसद एवं भाजपा के प्रदेश महामंत्री डॉ. सिकंदर कुमार ने राज्यसभा में हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और नॉर्थ ईस्ट के कई पहाड़ी राज्यों में मीठे पानी के स्रोतों के तेजी से गहराते संकट का मुद्दा जोरदार ढंग से उठाया। उन्होंने कहा कि भारतीय हिमालयी क्षेत्र, जिसे दक्षिण एशिया का जल स्तंभ कहा जाता है, आज एक गंभीर पारिस्थितिक संकट से गुजर रहा है। हालात यह हैं कि लगभग 50 प्रतिशत प्राकृतिक जल स्रोत या तो पूरी तरह सूख चुके हैं या सूखने की कगार पर हैं। कभी जल से भरपूर रहे पहाड़ी इलाकों में अब कई गांवों की महिलाओं को हर सुबह एक घंटे से अधिक पैदल चलकर पानी लाना पड़ रहा है, जो सामाजिक और मानवीय चिंता का विषय बन चुका है।



डॉ. सिकंदर कुमार ने कहा कि जल संकट के साथ-साथ यह क्षेत्र जलवायु परिवर्तन, अव्यवस्थित विकास प्रक्रियाओं और पर्यावरणीय संरक्षण की ठोस रणनीतियों के अभाव जैसी गंभीर चुनौतियों से भी जूझ रहा है।

उन्होंने नीति आयोग की वर्ष 2018 की रिपोर्ट का हवाला देते हुए बताया कि करीब 50 प्रतिशत झरने पहले ही सूख चुके हैं, जिसके इन संसाधनों पर निर्भर लोगों के लिए दूरगामी और विनाशकारी परिणाम सामने आ सकते हैं। उन्होंने भारत सरकार से आग्रह किया कि भारतीय हिमालयी क्षेत्र के सामरिक, पारिस्थितिक और आर्थिक महत्व को ध्यान में रखते हुए कड़े और दूरदर्शी निर्णय लिए जाएं, ताकि जमीनी स्तर पर जागरूकता बढ़े और लोग अल्पकालिक लाभ के बजाय पर्यावरणीय संधारणीयता को प्राथमिकता देकर भविष्य के लिए सूखते जल स्रोतों को बचा सकें।

# बजट में हिमाचल के लिए नहीं कोई कमी: अनुराग

## कहा-गुमराह करना बंद करे कांग्रेस सरकार, संस्थान और कनेक्टिविटी में बड़ा निवेश

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश के सांसदों के प्रतिनिधिमंडल ने नई दिल्ली में विस्तृत प्रेस कॉन्फ्रेंस कर 2014 से 2026 के बीच केंद्र सरकार द्वारा राज्य को मिले केंद्रीय कर हस्तांतरण, अनुदान और विकास निवेश के आंकड़े सार्वजनिक किए। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व हमीरपुर से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने किया। उनके साथ शिमला से सांसद सुरेश कश्यप, कांगड़ा से सांसद राजीव भारद्वाज तथा राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन और सिकंदर कुमार मौजूद रहे। सांसदों ने कहा कि तथ्यों के उलट कांग्रेस सरकार जनता को गुमराह कर रही है, जबकि आंकड़े साफ बताते हैं कि केंद्र ने हिमाचल के साथ कोई भेदभाव नहीं किया।



नई दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हमीरपुर के सांसद अनुराग सिंह ठाकुर सहित हिमाचल के अन्य सांसद। अनंत ज्ञान

अनुराग ठाकुर ने बताया कि यूपीए सरकार के 2004 से 2014 के दौरान हिमाचल को केंद्रीय करों में जहां केवल 12,639 करोड़ रुपये मिले, वहीं मोदी सरकार के 2014 से 2026 के बीच यह राशि बढ़कर 76,799 करोड़ रुपये हो गई। इसी तरह अनुदान-एड में यूपीए काल के 50,298 करोड़ रुपए के मुकाबले मोदी सरकार के दौरान 1.41 लाख करोड़ रुपये हिमाचल को प्राप्त हुए। उन्होंने कहा कि नए वित्त आयोग के तहत हिमाचल का शुद्ध संघीय करों में हिस्सा 0.830 प्रतिशत से बढ़कर 0.914 प्रतिशत हो गया है, जिससे 2026-27 में राज्य को करीब 2,300

सांसदों ने कहा कि पहाड़ी राज्यों के लिए केंद्र की नीति में बुनियादी बदलाव आया है। राज्यों को पूंजी निवेश के लिए विशेष सहायता योजना के तहत हिमाचल को 2020-21 से जनवरी 2026 तक करीब 8,309 करोड़ रुपए का ब्याज-मुक्त 50 वर्षीय ऋण मिला। ग्रामीण स्थानीय निकायों को 16वें वित्त आयोग के तहत 3,744 करोड़ रुपये का अनुदान दिया गया, जो पिछले आयोग से लगभग दोगुना है। इसके साथ ही एम्स बिलासपुर, केंद्रीय विश्वविद्यालय, आईआईएम सिरमौर, आईआईआईटी ऊना, नए मेडिकल कॉलेज, बल्क ड्रग पार्क और मेडिकल डिवाइस पार्क जैसी परियोजनाओं से न सिर्फ बुनियादी ढांचा मजबूत हुआ बल्कि रोजगार के अवसर भी बढ़े। रेल और राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं में भी पिछले दशक की तुलना में कई गुना तेजी आई है।

### हिमाचल के हित में साथ आएं, ब्याज दर घटाने को दिल्ली आएं सीएम

**अनुराग** सिंह ठाकुर ने मुख्यमंत्री से अपील की कि आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति छोड़कर हिमाचल के हित में केंद्र के साथ मिलकर काम करें। उन्होंने कहा कि यदि राज्य सरकार उच्च ब्याज दर पर लिए गए कर्ज का बोझ कम करना चाहती है तो सभी सांसद वित्त मंत्रालय के साथ बैठक के लिए तैयार हैं। तेलंगाना का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि सहकारी संघवाद ही विकास का रास्ता है और यदि दूसरे राज्य लाभ ले सकते हैं तो हिमाचल क्यों नहीं।

# बजट में सी-प्लेन की उड़ान, चंबा आज भी बेबस: नवनीत चौफला

अनंत ज्ञान

- सी-प्लेन व हेली टैक्सी, बन सकती विकास की उड़ान

**राहुल सहगल, चंबा।** राष्ट्रपति पुरस्कार विजेता नवनीत चौफला, जिन्होंने देश की सुरक्षा में अदम्य साहस दिखाया, अब अपने ही ज़िले चंबा के लिए आवाज़ उठाने को मजबूर हैं। 2026-27 के केंद्रीय बजट में सी-प्लेन सेवाओं की घोषणा के बावजूद चंबा आज भी सुरंग और हवाई संपर्क के मामले में अंधेरे में खड़ा है।

नवनीत चौफला ने सरकार से सवाल किया— 'बजट में योजनाएं उड़ान भर रही हैं, लेकिन चंबा आज भी ज़मीन पर रेंग रहा है। दशकों से भौगोलिक अलगाव की सज़ा भुगत रहा चंबा अब इंतज़ार नहीं कर सकता। जब तक सुरंग बने, तब तक क्या चंबा सांस रोककर जीए? उन्होंने सुझाव दिया कि चमेरा झील को सी-प्लेन लैंडिंग हब के रूप में विकसित किया जाए। इससे चंबा सीधे हिमाचल के प्रमुख जल क्षेत्रों जैसे कांगड़ा का पोंग डैम, बिलासपुर का रणजीत सागर डैम, मंडी का पंडोह बांध, कुल्लू की पार्वती घाटी और रामपुर का कोल्ड डैम से जुड़ सकता है। नवनीत के अनुसार यह नेटवर्क न केवल कनेक्टिविटी बढ़ाएगा, बल्कि पर्यटन, व्यापार, आपदा प्रबंधन और आपातकालीन सेवाओं को भी गति देगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह केवल यात्रा का मुद्दा नहीं है, बल्कि चंबा के सम्मान, अवसर और भविष्य का सवाल है। नवनीत ने चेतावनी दी कि इस मुद्दे को फाइलों में दफन न किया जाए; अब नीति नहीं, क्रियान्वयन चाहिए। नवनीत चौफला का संदेश साफ है— सी-प्लेन और हेली टैक्सी सेवाएं चंबा के लिए विकास की वह उड़ान बन सकती हैं, जिसकी दशकों से जरूरत महसूस की जा रही है। अब सरकार से सवाल—चंबा को उसका हक मिलेगा या सिर्फ आश्वासन?



## स्वागत पठानिया की चेयरमैनी बहाली से कांग्रेस की सत्ता गरमाई, घर पहुंचे तो जुटी समर्थकों की भीड़

# छियोड़ी में फिर लौटी सियासी 'रौनक'

अनंत ज्ञान

**विक्रम ढटवालिया, छियोड़ीं (हमीरपुर)।** चेयरमैनी के सरकारी रुतबे के ताम-झाम में घर पहुंचे पूर्व विधायक कुलदीप पठानिया के साथ सियासी 'रौनक' फिर लौट आई है। राज्य मार्केटिंग बोर्ड के अध्यक्ष के पद पर विधिवत विराजमान होने के बाद पठानिया वीरवार को शिमला से हमीरपुर लौटे, तो उनके समर्थक भी स्वागत में उमड़ गए। जिस तेजी के साथ पठानिया को वफादारी का तोहफा नए माहौल में मिला है, उसी के साथ उनके इर्द-गिर्द समर्थकों का बड़ा जमावड़ा भी पहुंच गया है। हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र की राजनीति ने भी इस नए अंदाज ने फिर से करवट ली है। सत्ता की गलियारों में उनकी यह ताजपोशी न केवल हमीरपुर बल्कि जिला की राजनीति में भी अलग मायने रखती है। यही वजह थी कि गांव में वे जब पहुंचे, तो समर्थकों के लिए 'धाम' का भी आयोजन किया गया था।



छियोड़ी के रेस्ट हाउस में समर्थकों के साथ कुलदीप पठानिया। अनंत ज्ञान

### पठानिया की मजबूती से राजनीति में बदलाव की आहट

**हमीरपुर** विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस के भीतर राजनीति भी अजीबोगरीब मरहले में है। इसलिए अब पठानिया को जिसने अंदाज में पार्टी के भीतर मजबूत किया गया है, इसका मतलब खास है। आने वाले दिनों में हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र की राजनीति भी बदलेगी, कितनी बदलेगी, कौन यहां का करणधार होगा? इसका पता तो आगे चलकर ही लगेगा, लेकिन इतना जरूर है कि अब हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र में राजनीतिक फिजां का नजारा भी नए सूत्र में थम सकता है।

### जिला की राजनीति में कौन ताकतवर?

**रुतबा** बहाली के साथ ही इस बात की चर्चा भी नर्सरी से शुरू हो गई है कि न केवल हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र वालों की जिला की राजनीति में सत्ता के गलियारों में कौन नेता ताकतवर है। वैसे तो भोरंज के विधायक सुरेश कुमार सत्ता की इस राजनीति में जिलाभर में 'पैनी' निगाहें रखते हैं। मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिट्टू का अंदाज भी अलग तरह का है। हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र की राजनीति में वे भी बदले हुए अंदाज में पिछले काफी समय से राजनीतिक गतिविधियां बढ़ाए हुए हैं। जिलाभर की राजनीति में इन तीनों नेताओं का रुतबा अलग तरह का और प्रभाव रखने वाला है।

अनंत ज्ञान स्पैशल

### पार्टी के भीतर पठानिया के विरोधियों को भी ताजपोशी से करारा झटका

**पार्टी** के भीतर पठानिया के विरोधियों को भी ताजपोशी से करारा झटका तो लगा ही है। क्योंकि मुख्यमंत्री दरबार में विरोधी नया माहौल बनाने और नई तन बुन करने की फिराक में थे। क्या हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस को नए चेहरे की जरूरत महसूस हो रही है, या फिर पुराने ढर्रे पर ही चलेगी? आने वाले दिनों में निश्चित रूप में अब राजनीति का नया पड़ाव देखने को मिलेगा।

# यशवंत राव केलकर जन्म शताब्दी पर शिमला में गूंजा राष्ट्रवादी विचारों का स्वर

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** राजधानी शिमला में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद शिमला महानगर इकाई ने संगठन शिल्पी, प्रखर विचारक और राष्ट्रनिष्ठ कार्यकर्ता यशवंत राव केलकर के जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर एक भव्य अभिवाचन कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में राष्ट्रवादी चेतना, संगठनात्मक अनुशासन और वैचारिक स्पष्टता को मजबूत करना रहा। शिमला महानगर के विभिन्न शिक्षण संस्थानों से जुड़े विद्यार्थियों, कार्यकर्ताओं और बौद्धिक वर्ग की सक्रिय भागीदारी ने आयोजन को सार्थक बनाया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री देवदत्त जोशी उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में केलकर के जीवन, संगठनात्मक प्रयोगों और विद्यार्थी परिषद को एक सशक्त राष्ट्रवादी छात्र संगठन के रूप में स्थापित करने में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि विचारों की दृढ़ता, अनुशासन और निरंतर परिश्रम के माध्यम से छात्र शक्ति को राष्ट्र निर्माण का प्रभावी माध्यम बनाया जा सकता है और आज के विद्यार्थियों को केलकर के आदर्शों से प्रेरणा लेनी चाहिए।



अभिवाचन कार्यक्रम में विद्यार्थी और अतिथि। अनंत ज्ञान

अभिवाचन सत्र के दौरान विद्यार्थियों ने केलकर जी के जीवन, विचार और संगठनात्मक दर्शन पर आधारित पाठों का वाचन किया। अंत में परिषद ने यह संकल्प व्यक्त किया कि जन्म शताब्दी वर्ष में पूरे साल बौद्धिक, शैक्षणिक और सामाजिक गतिविधियों के माध्यम से केलकर जी के विचारों को समाज और विद्यार्थियों तक पहुंचाया जाएगा। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगीत के साथ हुआ।

## हिमाचल को आर्थिक पतन से बचाना है तो केंद्र शासित प्रदेश बनाना है अनिवार्य : शिशु गुप्ता



**अनंत ज्ञान, चंबा।** हिमाचल प्रदेश की लगातार बिगड़ती आर्थिक स्थिति को लेकर प्रदेश की राजनीति में नया विमर्श शुरू हो गया है। राजनीतिक विश्लेषक शिशु गुप्ता ने प्रदेश के भविष्य को लेकर बड़ा बयान देते हुए हिमाचल को केंद्र शासित प्रदेश घोषित करने की आवश्यकता पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते ठोस और कठोर निर्णय नहीं लिए गए तो प्रदेश गंभीर आर्थिक संकट में फंस सकता है। शिशु गुप्ता ने कहा कि हिमाचल प्रदेश लगातार बढ़ते कर्ज और सीमित आय स्रोतों के कारण वित्तीय असंतुलन की स्थिति में पहुंच चुका है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में विकास से अधिक संसाधनों का बड़ा हिस्सा राजनीतिक और प्रशासनिक व्यवस्थाओं पर खर्च हो रहा है, जिससे आर्थिक स्थिति और कमजोर होती जा रही है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि हिमाचल की भौगोलिक परिस्थितियां औद्योगिक विस्तार के लिए सीमित हैं, ऐसे में पारंपरिक प्रशासनिक मॉडल से प्रदेश को आर्थिक मजबूती देना कठिन होता जा रहा है। गुप्ता के अनुसार केंद्र शासित प्रदेश बनने की स्थिति में अनावश्यक राजनीतिक खर्चों पर नियंत्रण संभव होगा और संसाधनों का उपयोग सीधे जनहित और विकास कार्यों में किया जा सकेगा। केंद्र सरकार की सीधी निगरानी से योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता आएगी तथा सरकारी सहायता वास्तविक पात्र लोगों तक पहुंच सकेगी।

## न्यूज ब्रीफ

### सलूणी में जनहित मुद्दों को लेकर सौंपा ज्ञापन

**सुनील, अनंत ज्ञान, सलूणी।** सलूणी क्षेत्र की लंबित जनहित समस्याओं को लेकर स्पोर्ट्स एंड यूथ सर्विसेज क्लब सलूणी के प्रतिनिधिमंडल ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में नागरिक अस्पताल के निर्माण कार्य को शीघ्र प्रारंभ करने, सलूणी बाजार में सार्वजनिक शौचालय, सड़क किनारे पड़ी निर्माण सामग्री हटाने और पशु दफन के लिए भूमि चिन्हित करने जैसी मांगें शामिल थीं। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व क्लब के मुख्य सलाहकार मदन मोहन शर्मा ने किया और उन्होंने एसडीएम सलूणी से भेंट कर समस्याओं पर ध्यान आकर्षित किया। एसडीएम ने शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया। क्लब ने उम्मीद जताई कि प्रशासन इन मुद्दों पर सकारात्मक कदम उठाएगा।

### विद्यार्थियों ने किया सदर थाना चंबा में शैक्षणिक भ्रमण

**अनंत ज्ञान, चंबा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला करियां (चंबा) के वोकेशनल ट्रेड (सिक्योरिटी) के विद्यार्थियों के व्यावहारिक ज्ञान और कौशल विकास के लिए ऑन-द-जॉब ट्रेनिंग के तहत सदर थाना चंबा में शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों को सुरक्षा व्यवस्था, अनुशासन और थाना स्तर पर किए जाने वाले प्रशासनिक कार्यों की विस्तृत जानकारी दी गई। पुलिस अधिकारियों ने प्रशिक्षण से जुड़े प्रश्नों का समाधान किया।

### गणतंत्र दिवस परेड से लौटे कलाकारों का स्वागत

**अनंत ज्ञान, चंबा।** गणतंत्र दिवस पर दिल्ली स्थित कर्तव्य पथ पर हिमाचल की लोक कला का प्रतिनिधित्व कर चुके चंबा जिले के कलाकार जितेंद्र पंकज शर्मा और रितिका ठाकुर का शुक्रवार को गृह जिला में भव्य स्वागत किया गया। स्थानीय लोगों ने फूल-मालाओं से अभिनंदन किया। लगभग 6-7 वर्षों बाद हिमाचल की झांकी में पुनः भागीदारी और राष्ट्रीय मंच पर सांस्कृतिक प्रस्तुति ने जिले और प्रदेश का नाम रोशन किया। कलाकारों ने कड़ी मेहनत और अनुशासन से यह उपलब्धि हासिल की।

### गाय को छोड़ने वाला एक आरोपी हत्थे चढ़ा

**अनंत ज्ञान, चंबा।** चंबा के डुगली नाला क्षेत्र में बुधवार देर रात दो युवकों द्वारा एक बेजुबान गाय को पिकअप वाहन में भरकर नाले में छोड़ने का मामला सामने आया। ग्रामीणों की सतर्कता से मोहित, निवासी चांइूंई, को पकड़ लिया गया, जबकि वाहन चालक फरार हो गया। आरोपी ने दावा किया कि गाय किसी पुलिस कर्मी की थी और उसे छोड़ने के लिए पैसे दिए गए थे। ग्रामीणों ने पुलिस से फरार आरोपी की गिरफ्तारी और कड़ी कार्रवाई की मांग की है। प्रशासन से दोषियों को उदाहरणात्मक सजा देने की अपील की गई है ताकि समाज में सख्त संदेश जाए।

### संडूह स्कूल में बताई सामाजिक सुरक्षा योजना

**अनंत ज्ञान, चंबा।** राजकीय प्राथमिक पाठशाला संडूह में चाइल्ड हेल्पलाइन चंबा द्वारा बच्चों और अध्यापकों के लिए जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्याध्यापिका अमिता देवी ने की। चाइल्ड हेल्पलाइन के विक्की जरयाल और पंकज कुमार ने बच्चों को टोल-फ्री नंबर 1098 की कार्यप्रणाली, बाल अधिकार, बाल विवाह, बाल मजदूरी, नशे, बाल तस्करी, बाल यौन शोषण, घरेलू हिंसा एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से अवगत कराया। बच्चों को सोशल मीडिया दुरुपयोग, फुसलाने, ब्लैकमेलिंग और अनजान व्यक्तियों से सतर्क रहने की सलाह दी गई। कार्यक्रम में 23 बच्चों ने भाग लिया। मुख्याध्यापिका और जिला समन्वयक कपिल शर्मा ने इस पहल की सराहना करते हुए सभी का धन्यवाद किया।

### पुन्नर स्कूल के विद्यार्थियों ने ली जॉब ट्रेनिंग

**अनंत ज्ञान, डरोह।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पुन्नर के 12वीं कक्षा के मेधावी बच्चे साहिल, शगुन, आंचल, साक्षी व सेजल व्यवसायिक विषय बैंकिंग के तहत वोकेशनल ट्रेनर गुरु स्वरूप के मार्गदर्शन पर चंडीगढ़ के जीरकपुर में तीन दिवसीय विशेष आन जॉब ट्रेनिंग प्राप्त करके वापस आए। इंडसइंड बैंक द्वारा यह विशेष ट्रेनिंग द ओर्चिड होटल जीरकपुर में हुई। सीएफएसआई ट्रेनर गुरु स्वरूप के अनुसार इस प्रशिक्षण से विद्यार्थियों को व्यावहारिक अनुभव प्राप्त होगा तथा उनके कौशल विकास में सहायता मिलेगी।

### करियाड़ा सहकारी सभा का वार्षिक अधिवेशन 7 को

**अनंत ज्ञान, गरली।** दी करियाड़ा कृषि सेवा सहकारी सभा समिति का वार्षिक साधारण अधिवेशन 7 फरवरी को दोपहर 12:10 बजे सभा कार्यालय में आयोजित किया जाएगा। अधिवेशन की अध्यक्षता सभा के चैयरमैन अजीत लाल शर्मा करेंगे। एक वर्ष के दौरान किए गए आय-व्यय का विस्तृत लेखा-जोखा सदस्यों के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। वहीं, संस्था के संचालन, भविष्य की योजनाओं, सदस्यों से जुड़े मुद्दों और विकास कार्यों पर गहन मंथन होगा। सहकारी सभा समिति के सचिव सुरेंद्र सिंह ठाकुर ने बताया कि अधिवेशन में पारदर्शिता के साथ वित्तीय स्थिति की समीक्षा की जाएगी और संस्था को और मजबूत बनाने से जुड़े कई अहम प्रस्तावों पर निर्णय लिए जाएंगे।

### सीएसआईआर-आईएचबीटी की टीम का मिजोरम दौरा

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** सीएसआईआर-हिमालय जैवसंपदा प्रौद्योगिकी संस्थान (आईएचबीटी), पालमपुर की वैज्ञानिक टीम ने 2 से 4 फरवरी 2026 के दौरान आइजोल, मिजोरम का दौरा किया। यह दौरा भारत सरकार के जैवप्रौद्योगिकी विभाग द्वारा वित्तपोषित परियोजना के अंतर्गत चल रही शोध एवं प्रसार गतिविधियों की निगरानी के लिए किया गया। टीम ने आइजोल जिले के डर्टलांग और सिहफिर गांवों में किसानों से संवाद किया तथा अन्ना और डोरसेट गोल्डन किस्म के लो चिलिंग सेब के पौधे वितरित किए। संस्थान के निदेशक डॉ. सुदेश कुमार यादव ने कहा कि यह परियोजना किसानों की आजीविका सुधारने में सहायक सिद्ध हो रही है।

### राज्य बिजली बोर्ड पेंशनर्स कल्याण संघ शाखा चंबा की मासिक बैठक आयोजित

## स्मार्ट मीटर और निजीकरण का किया विरोध

अनंत ज्ञान



पेंशनर्स कल्याण संघ शाखा चंबा की बैठक में लंबित देयों का भुगतान करने की उठाई मांग। अनंत ज्ञान

**चंबा।** हिमाचल प्रदेश राज्य बिजली बोर्ड पेंशनर कल्याण संघ शाखा चंबा की मासिक बैठक बिजली बोर्ड के विश्राम गृह हरदासपुर परिसर में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संघ के राज्य वरिष्ठ उपाध्यक्ष निक्कू राम दुनेरिया ने की। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने सरकार और बोर्ड प्रबंधन की फूट डालो, राज करो की नीति की कड़ी आलोचना की।

उन्होंने कहा कि सभी पेंशनरों के लंबित देयों का भुगतान समान रूप से किया जाना चाहिए और पेंशनरों को आयु के आधार पर बांटने की नीति पर तुरंत रोक लगाई जाए। स्मार्ट मीटर के माध्यम से बिजली बोर्ड को निजीकरण की ओर धकेलने और आम जनता की मेहनत की कमाई पर अतिरिक्त बोझ डालने के प्रयासों की भी तीखी निंदा की गई। इस अवसर पर निक्कू राम दुनेरिया ने कहा कि यदि आम जनता का उत्पीड़न इसी तरह जारी रहा तो सरकार को इसके गंभीर परिणाम निकट भविष्य में भुगतने पड़ेंगे। इंजीनियर नरेश सेठ ने बिजली बोर्ड के कुप्रबंधन पर सवाल उठाते हुए कहा कि पिछले लगभग 12 वर्षों से बंद पड़े पद्मश्री कैलाशचंद महाजन पावर हाउस (2 मेगावाट), बालू चम्बा के जीर्णोद्धार के लिए सरकार सोई हुई है। उन्होंने सरकार से शीघ्र संज्ञान लेने की जोरदार मांग की। इस अवसर पर खेम सिंह नरयाल, हमिंदर सिंह बिजलवान, नरेश सेठ, दलीप चोना, बुधिया राम, प्रेम चंद, हंस राज, शंकर सिंह, मान चंद, चंद्र कुमार, हेम लता, रजनी, नीलम, परिज्ञा, धनों देवी सहित लगभग 50 सदस्यों ने भाग लिया। यह जानकारी एसोसिएशन के महासचिव दलीप चोना ने दी।

## तेलका-सलूणी मार्ग पर चलने वाली बस की समयसारिणी को लेकर जनाक्रोश

अनंत ज्ञान



एडीसी को सौंपकर ज्ञापन परिवर्तन की उठाई मांग। अनंत ज्ञान

**चंबा।** तेलका-सलूणी मार्ग पर चलने वाली सरकारी बसों के अव्यवस्थित समय को लेकर क्षेत्रवासियों में रोष है। इस समस्या को लेकर स्थानीय नागरिकों, विद्यार्थियों और कर्मचारियों ने एडीसी चंबा अमित मेहरा को ज्ञापन सौंपकर बसों के समय में त्वरित सुधार की मांग की। ज्ञापन में बताया गया कि अधिकांश सरकारी बसें प्रातः 10 बजे के बाद ही सलूणी पहुंचती हैं, जिससे छात्र, नौकरीपेशा और आम लोग समय पर अपने गंतव्य तक नहीं पहुंच पाते। विशेष रूप से राजकीय महाविद्यालय सलूणी, आईटीआई और अन्य स्कूलों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को कठिनाई होती है।

क्षेत्रवासियों ने कहा कि टिकरू सहित अन्य स्टेशनों से प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग यात्रा करते हैं, लेकिन बस सेवा समय पर न होने के कारण घंटों इंतजार करना पड़ता है या पैदल चलने को विवश होना पड़ता है। ज्ञापन में सुझाव दिया गया कि वर्तमान बस को प्रातः 10:30 बजे सलूणी पहुंचने के बजाय प्रातः 9:30 बजे तक पहुंचाया जाए, ताकि यात्रियों की सुविधा सुनिश्चित हो। ज्ञापन सौंपते हुए नागरिकों ने प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई की अपील की। ज्ञापन सौंपने वालों में दिनेश ने कहा कि समय पर बस सेवा शुरू होने से क्षेत्र के सैकड़ों लोगों को बड़ी राहत मिलेगी और नियमित यात्रा सुनिश्चित होगी।

## तीन साल से भाला उप स्वास्थ्य केंद्र बंद : जय

**अनंत ज्ञान, चंबा।** विधानसभा क्षेत्र चंबा की गुवाड़ पंचायत में स्थित भाला उप स्वास्थ्य केंद्र तीन वर्षों से बंद पड़ा है। केंद्र पर ताला लटके होने से क्षेत्र की हजारों की आबादी को मामूली बुखार, सर्दी-खांसी और प्राथमिक उपचार के लिए भी चंबा शहर का रुख करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों में गहरा रोष है और वे चुनाव के दौरान किए गए वादों को भूलने का आरोप सदर विधायक नीरज नैय्यर पर लगा रहे हैं। वीरवार को 'पोल खोल अभियान' के तहत भाजपा कार्यसमिति सदस्य जय सिंह ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि चुनावों के समय भाला उपस्वास्थ्य केंद्र को पीएचसी में अपग्रेड करने का वादा किया गया था, लेकिन तीन साल बीतने के बावजूद न तो अपग्रेड हुआ और न ही केंद्र चालू हो सका। उन्होंने इसे जनता को गुमराह करने का मामला बताते हुए कहा कि धरातल पर काम न के बराबर है। जय सिंह ने आरोप लगाया कि सत्ता में आने के बाद विधायक ने पंचायत का दौरा भी नहीं किया, जबकि लोगों ने उन्हें ज्ञापन सौंपकर स्वास्थ्य केंद्र के अपग्रेड की मांग की थी। उन्होंने कहा कि सवाल उठाने पर विरोध करने वालों को अपशब्दों का सामना करना पड़ता है, लेकिन वे जमीनी सच्चाई सामने लाते रहेंगे। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि विधायक और उनके परिवार के लिए इलाज की बेहतर व्यवस्थाएं हैं, जबकि आम जनता मामूली उपचार के लिए भी तरस रही है। लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो वे संगठित होकर विरोध तेज करेंगे। ग्रामीणों की मांग है कि भाला उप स्वास्थ्य केंद्र को तत्काल चालू किया जाए और चुनावी वादे के अनुरूप उसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में अपग्रेड किया जाए।

## शमशेर सिंह राणा यंग अचीवर अवॉर्ड से सम्मानित



**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला चंबा की तहसील भटियात तहत पंचायत छलाड़ा के उप प्रधान शमशेर सिंह राणा को उनके उत्कृष्ट जनसेवा कार्यों के लिए यंग अचीवर अवॉर्ड 2026 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें हिमाचल प्रदेश के लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह द्वारा प्रदान किया गया। यह प्रतिष्ठित अवॉर्ड पंचायत स्तर पर विकास कार्यों सामाजिक सरोकारों और जनहित में उनकी सक्रिय व प्रतिबद्ध भूमिका को देखते हुए दिया गया। इस अवसर पर क्षेत्रवासियों और शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई दी। यह सम्मान न केवल ग्राम पंचायत छलाड़ा, बल्कि पूरे भटियात क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है।

## चन्नू हट्टी में धंस रही जमीन मकानों व दुकानों को खतरा

अनंत ज्ञान



**देशराज कश्यप, धरवाला।** नेशनल हाईवे 154ए पठानकोट-भरमौर सड़क पर चूड़ी पुल के समीप चन्नू की हट्टी नामक स्थान पर जमीन लगातार धंस रही है। इससे रिहायशी मकानों और दुकानों को खतरा उत्पन्न हो गया है।

वहीं, चूड़ी पुल के समीप यह सड़क बेहद उथल-पुथल व संकरा है, जिससे आए दिन जाम लगना भी यहां आम बात हो चुकी है। इससे वाहन चालकों तथा किसी भी आपातकालीन स्थिति में यहां आपको अच्छी खासी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। लोगों का कहना है कि यहां बहुत जल्द कोई स्थायी समाधान निकाला जाए, ताकि ट्रैफिक जाम धंसती जमीन रिहायशी मकान व किसी भी तरह की अनहोनी से बच्चा जा सके। स्थानीय निवासी विजय कुमार का कहना है कि गत महीनों पहले आई आपदा ने जहां समूचे चंबा जिले में कहर बरपाया है। वहीं, चूड़ी पुल के समीप बसा गांव चन्नू हट्टी भी धंसती जमीन व रावी नदी के तेज बहाव से बेहद खतरा उत्पन्न हो चुका है। विजय का कहना है कि रावी नदी के किनारे शीघ्र कंक्रीट दीवार लगवाई जाए। वहीं, धंसती जमीन पर जरा सी बारिश होने से यहां सफर करना और भी मुश्किल हो जाता है, जिसका स्थायी समाधान करवाया जाए, ताकि चन्नू हट्टी गांव के लोगों का भविष्य सुरक्षित हो सके।

## गर्म पानी के टब में गिरने से झुलसे मासूम की पीजीआई में मौत

**अनंत ज्ञान, सलूणी।** चंबा जिले के सलूणी उपमंडल के आडपा गांव में कपड़े धोने के लिए रखे गर्म पानी के टब में गिरकर गंभीर रूप से झुलसे चार वर्षीय मासूम ने इलाज के दौरान पीजीआई चंडीगढ़ में दम तोड़ दिया। मासूम की मौत की खबर सुनते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। जानकारी के अनुसार, 21 जनवरी को सुभाष कुमार की पत्नी घर में कपड़े धोने के लिए टब में गर्म पानी भर रही थी। उसी दौरान उनका चार वर्षीय बेटा आरव खेलते-खेलते संतुलन खो बैठा और गर्म पानी से भरे टब में गिर गया। मासूम की चीख-पुकार सुनकर परिजन दौड़े और तुरंत उसे किहार अस्पताल पहुंचाया। हालत गंभीर होने के चलते डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद बच्चे को पीजीआई चंडीगढ़ रेफर कर दिया। वहां कई दिनों तक जिंदगी और मौत से जूझने के बाद आरव ने अंतिम सांस ली। पुलिस अधीक्षक चंबा विजय सकलानी ने बताया कि परिजनों के बयान दर्ज किए हैं।

## श्री साईं कॉलेज ऑफ फार्मेसी के 10 विद्यार्थियों का सन फार्मा में चयन




मल्टीनेशनल कंपनी सन फार्मा ने किया ज्वॉइंट कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**अशोक ठाकुर, पठानकोट।** श्री साईं ग्रुप के सीएमडी कंवर तुषार पुंज की अध्यक्षता में मल्टीनेशनल कंपनी सन फार्मा की ओर से ज्वॉइंट कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया, जिसमें श्री साईं कॉलेज ऑफ फार्मेसी, बधानी के 10 विद्यार्थियों का चयन सन फार्मास्यूटिकल इंडस्ट्रीज लिमिटेड में हुआ।

वाइस प्रेजिडेंट रिया पुंज और कंवर तुषार पुंज ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि छात्रों को केवल डिग्री प्रदान करना ही उद्देश्य नहीं है, बल्कि उन्हें उद्योग के लिए पूर्णतः तैयार करना हमारा लक्ष्य है। कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. राजेश गुप्ता ने बताया कि अकादमिक उत्कृष्टता के साथ-साथ प्रैक्टिकल नॉलेज और स्किल डेवलपमेंट पर विशेष ध्यान दिया जाता है, जिसका प्रतिफल आज इस सफलता के रूप में सामने आया। प्लेसमेंट ड्राइव में सन फार्मा की ओर से कमलेश देविकर (एचआर मैनेजर), नवीन तिवारी, कुलदीप राज, अंकित और शिवांगी उपस्थित रहे। निदेशक प्लेसमेंट प्रो. सुलक्ष्य कुमार मुरगाई ने बताया कि चयन प्रक्रिया में इंटरएक्टिव सेशन, ऑनलाइन टेस्ट और पर्सनल इंटरव्यू शामिल थे। चेयरमैन एसके पुंज और एमडी तृप्त पुंज ने कहा कि पिछले तीन दशकों से श्री साईं ग्रुप गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और नैतिक मूल्यों के साथ छात्रों का भविष्य संवार रहा है। यह चयन संस्थान की नियमित प्लेसमेंट नीति, उद्योग-संस्थान सहयोग और छात्र-केंद्रित दृष्टिकोण की पुष्टि करता है। इस अवसर पर सभी विभागाध्यक्ष, संकाय सदस्य और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## ईशान ने जेआरएफ परीक्षा में राष्ट्रीय स्तर पर पाया 40वां स्थान



**पिंकी, अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** बढ़ू निवासी ईशान ठाकुर ने जेआरएफ परीक्षा में राष्ट्रीय स्तर पर 40वां स्थान प्राप्त कर उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है। ईशान एक साधारण किसान परिवार से ताल्लुक रखते हैं। उनके पिता किसान हैं और माता गृहिणी हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद ईशान ने कड़ी मेहनत, अनुशासन और दृढ़ संकल्प के बल पर यह मुकाम हासिल किया, जो युवाओं के लिए प्रेरणादायक है।

ईशान वर्ष 2019-20 सत्र में पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय नलेटी के छात्र रहे हैं। विद्यालय के प्राचार्य सतनाम सिंह ने ईशान और उनके परिवार को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वर्तमान में वे मिनर्वा कॉलेज इंदौरा में प्रोफेसर के रूप में सेवाएं दे रहे हैं।

## प्रदेश भवन निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड में स्थायी सचिव की नियुक्ति हो : रविंद्र

अनंत ज्ञान



**राकेश डोगरा, डरोह।** हिमाचल प्रदेश भवन निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड के सदस्य रविंद्र सिंह रवि ने प्रदेश सरकार से मांग की कि श्रम कल्याण बोर्ड हमीरपुर में स्थायी सचिव नियुक्त किया जाए। इस समय जो सचिव लगाया गया है, उसके पास पांच अन्य विभागों का भी अतिरिक्त कार्यभार है और ऊपर से कामगार कल्याण बोर्ड का मुख्य कार्यालय हमीरपुर में स्थानांतरित किया गया है, जबकि बोर्ड का सचिव शिमला में ही रहता है। वह कभी हमीरपुर आता ही नहीं है, जिसके कारण प्रदेश के पांच लाख श्रमिक कानूनी योजना से वंचित हो चुके हैं।

पिछले 3 साल से कोई लाभ नहीं मिल रहा है। औपचारिकताएं पूरी करने के बावजूद भी उनको किसी किस्म का लाभ नहीं मिल रहा है। उन्होंने कहा कि जो मजदूरों के क्लेम पास किए गए हैं, उनको भी खातों में पैसे नहीं आ रहे हैं। दिसंबर, 2025 में कांगड़ा जिले के 6 श्रमिकों को 3 साल के बाद बोर्ड ने मृत्यु लाभ पास किया गया था, लेकिन उनको आज 2 महीने बीत जाने के बाद भी पैसा जारी नहीं किया गया है। इस प्रकार इस बोर्ड की कार्यप्रणाली के कारण लाखों मजदूर कानून के लाभ से वंचित हैं। उन्होंने कहा कि उच्चतम न्यायालय ने राज्य सरकारों को निर्देश दिया है कि कामगार कल्याण बोर्ड में स्थायी स्टाफ की नियुक्ति करें। इन आदेशों के तहत आज तक हिमाचल प्रदेश में कामगार कल्याण बोर्ड में स्थायी सचिव रहे हैं, लेकिन प्रदेश सरकार में 2022 से मजदूर कल्याण के लिए स्थायी सचिव नहीं लगाया गया है। उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग की है कि कामगार कल्याण बोर्ड में तुरंत स्थायी सचिव की नियुक्ति की जाए, अन्यथा निर्माण मजदूरों को आंदोलन का रास्ता बनाना पड़ेगा।

## 85 नए ट्रांसफॉर्मर और 33 केवी सब स्टेशन का कार्य जल्द होगा शुरू: मलेंद्र

### विधायक ने बिजली बोर्ड के अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

अनंत ज्ञान



अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते विधायक मलेंद्र राजन। अनंत ज्ञान

**इंदौरा।** विधायक मलेंद्र राजन ने वीरवार को विधानसभा क्षेत्र में बिजली आपूर्ति को सुदृढ़ करने को लेकर बिजली बोर्ड के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में क्षेत्र में चल रहे विद्युत विकास कार्यों पर चर्चा की गई। विधायक मलेंद्र ने कहा कि प्रदेश सरकार विधानसभा क्षेत्र में बिजली के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए पूरी गंभीरता से कार्य कर रही है। क्षेत्र में विद्युत नेटवर्क को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से करोड़ों रुपए की योजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं, ताकि आम जनता को बेहतर और निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके।

उन्होंने जानकारी दी कि विधानसभा क्षेत्र में 85 नए ट्रांसफॉर्मर स्थापित करने के साथ नई एलटी लाइन डालने की प्रक्रिया जारी है। गांवों में लो-वोल्टेज की समस्या का समाधान होगा। मौकी में लगभग 10.5 करोड़ रुपए की लागत से 33 केवी विद्युत सब स्टेशन का निर्माण कार्य जल्द शुरू किया जाएगा। इस सब स्टेशन के बनकर तैयार होने से आसपास के क्षेत्रों में बार-बार होने वाली बिजली कटौती, ट्रिपिंग और तकनीकी समस्याओं का स्थायी समाधान होगा। उन्होंने कहा कि यह सबस्टेशन क्षेत्र के विकास की दृष्टि से एक महत्वपूर्ण उपलब्धि साबित होगा।

विधायक ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी विद्युत विकास कार्यों को गुणवत्ता के साथ और निर्धारित समय सीमा में पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि कार्यों के दौरान आम जनता को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए और शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए। बैठक में विद्युत बोर्ड के अधिशाषी अभियंता संदीप सन्याल, एसडीओ इंदौरा शंकर दयाल, एसडीओ फतेहपुर गुरनाम सिंह, आरवीएनएल से अजमेर और राजेश पूरी तथा समस्त कनिष्ठ अभियंता उपस्थित रहे।

## सिक्योरिटी गार्ड एवं सुपरवाइजर के 150 पद के साक्षात्कार 9 से

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** क्षेत्रीय रोजगार अधिकारी अक्षय कुमार ने बताया कि सिस इंडियालिमिटेड हमीरपुर की ओर से सिक्योरिटी गार्ड एवं सुपरवाइजर के पुरुषों के 150 पद के लिए साक्षात्कार आयोजित किए जाएगे। इन पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता दसवी तथा इसके ऊपर रखी गई है, आयु 19 से 40 वर्ष तक रखी गई है। आवेदक को कंपनी द्वारा 18 से 23 हजार रुपए प्रतिमाह वेतन दिया जाएगा।

उन्होंने बताया कि अभ्यार्थी साक्षात्कार के समय अपने साथ दो पासपोर्ट साइज फोटो, रिहायशी प्रमाण पत्र, मूल प्रमाण पत्र एवं अपना बायोडाटा की कॉपी व अनुभव प्रमाणपत्र यदि हो साथ लेकर 9 फरवरी को उप रोजगार कार्यालय कांगड़ा में, 10 फरवरी को उप रोजगार कार्यालय धर्मशाला में, 11 फरवरी को क्षेत्रीय रोजगार कार्यालय नगरोटा बगवां में, 12 फरवरी को उप रोजगार कार्यालय इंदौरा में, 13 फरवरी को उप रोजगार कार्यालय, देहरा में प्रातः 11 बजे पहुंचकर कंपनी के समक्ष साक्षात्कार में उपस्थित हो सकते हैं। विभागीय साइट पर साक्षात्कार काब्योरा अपलोड कर दिया गया है। आवेदक साक्षात्कार में भाग लेने से पहले वेबसाइट पर पर अपनी ई-मेल आईडी या मोबाइल नंबर से आवेदन करना होगा। ऑनलाइन आवेदन के बाद ही साक्षात्कार में भाग लिया जा सकता है। अधिक जानकारी के लिए मोबाइल 83518-90071 पर संपर्क कर सकते हैं।

## प्रताप वर्ल्ड स्कूल के स्टूडेंट्स का पंजाब स्टेट इंटर स्कूल कराटे चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन



प्रताप वर्ल्ड स्कूल इंदौरा के विद्यार्थियों ने कराटे चैंपियनशिप में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**अशोक ठाकुर, इंदौरा।** प्रताप वर्ल्ड स्कूल इंदौरा की प्रिंसिपल रेणु परमार एवं प्रबंध निदेशक डॉ. रिचा महाजन ने बताया कि विद्यालय के विद्यार्थियों ने द्वितीय इंटर स्कूल पंजाब स्टेट कराटे चैंपियनशिप 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय व प्रदेश का नाम रोशन किया है। यह प्रतियोगिता वर्ल्ड सेनको काई कराटे ऑर्गेनाइजेशन इंडिया की ओर स आयोजित की गई, जिसका आयोजन सेंट एम्ब्रोसिया स्कूल, उधनवाल, बटाला, जिला गुरदासपुर में किया गया। इसमें प्रताप वर्ल्ड स्कूल के खिलाड़ियों ने कुल 21 स्वर्ण पदक, 24 रजत पदक एवं 27 कांस्य पदक प्राप्त किए। विद्यालय ने ऑल ओवर कप विजेता का खिताब भी अपने नाम किया। इस उपलब्धि पर प्रबंध निदेशक डॉ. रिचा महाजन, प्रिंसिपल रेणु परमार एवं विद्यालय प्रबंधन ने सभी विजेता खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों तथा अभिभावकों को हार्दिक बधाई दी।

# चार विधानसभा क्षेत्रों की छह हजार हेक्टेयर भूमि होगी सिंचित

## तीन से चार वर्ष में तैयार होंगी दो मध्यम सिंचाई योजनाएं, औपचारिकताएं व स्वीकृतियां प्राप्त करने में जुटा विभाग

अनंत ज्ञान

**राजेश कुमार, धर्मशाला।** कांगड़ा जिले की चार विधानसभा क्षेत्रों की छह हजार हेक्टेयर भूमि को सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी। ज्वालामुखी, देहरा, जवाली और शाहपुर विधानसभा क्षेत्रों में जहां सिंचाई की कोई योजना नहीं है, उन क्षेत्रों के लिए दो योजनाओं तीन से चार वर्ष में बनकर तैयार होंगी।

जल शक्ति विभाग इन योजनाओं के लिए औपचारिकताएं व स्वीकृति संबंधी कार्य पूरा करने में जुटा है। यहां जिक्र हो रहा है दो मध्यम सिंचाई योजनाओं का, जिसमें ज्वालामुखी की योजना करीब 300 करोड़ की है, जिससे ज्वालामुखी व देहरा का 3 हजार हेक्टेयर एरिया सिंचित होगा।

इसके अलावा सुखाहार योजना जिसकी लागत 227 करोड़ है और इससे जवाली और शाहपुर विधानसभा क्षेत्र का 2200 हेक्टेयर एरिया सिंचित होगा। इन दोनों योजनाओं की जुलाई 2025 में टेक्निकल अप्रूवल मिल चुकी है।

अनंत ज्ञान खास खबर

### पिछले वर्ष मिल चुकी है टेक्निकल अप्रूवल

**जल** शक्ति विभाग इसके लिए केंद्र सरकार से फंडिंग के प्रयास कर रहा है, जिसके लिए तीन तरह की प्रक्रिया पूरी करनी पड़ती है। सबसे पहले टेक्निकल एप्रूवल लेनी होती है, जो कि जुलाई 2025 में दोनों योजनाओं की ली जा चुकी है।

### इन्वेस्टमेंट क्लीयरेंस का मामला दिल्ली पहुंचा

इन योजनाओं की भारत सरकार से इन्वेस्टमेंट क्लीयरेंस लेनी पड़ती है, जिसको लेकर योजना का मामला प्रदेश सरकार से होते हुए सीडब्ल्यूसी शिमला, चंडीगढ़ से होते हुए दिल्ली पहुंच चुका है। इसके बाद जल संसाधन मंत्रालय के सचिव द्वारा बैठक ली जाती है, जिसके जल्द होने की संभावना है, जिसमें विभाग को योजनाओं बारे स्वीकृति मिलने की पूरी उम्मीद है। विभाग को आस है कि चालू वित्त वर्ष में इन योजनाओं की इन्वेस्टमेंट क्लीयरेंस हो जाएगी। इसके बाद आगामी वित्तीय वर्ष में इन योजनाओं को फंडिंग के लिए केंद्र सरकार के समक्ष लाने के लिए विभाग प्रयासरत है।



**इन** दो मध्यम सिंचाई योजनाओं के माध्यम से चार विधानसभा क्षेत्रों की साढ़े पांच हजार से छह हजार हेक्टेयर भूमि को सिंचाई सुविधा मिलेगी, जहां वर्तमान में कोई सिंचाई की योजना नहीं है। सभी प्रकार की स्वीकृतियां मिलने उपरांत 3 से 4 वर्ष का समय इनके निर्माण में लगेगा।

**दीपक गर्ग, चीफ इंजीनियर, जल शक्ति विभाग कांगड़ा जोन**

# केंद्रीय विश्वविद्यालय के हर विभाग के दो प्राध्यापकों को मिलेगा संस्कृत प्रशिक्षण

## प्राध्यापकों के लिए एक वर्षीय पाठ्यक्रम किया जाएगा तैयार

◆ कहा- केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय से एमओयू करेगा सीयू

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय भारतीय ज्ञान परंपरा का सम्यक बोध कराने के लिए अपने सभी विभागों के दो प्राध्यापकों को विशेष प्रशिक्षण प्रदान करेगा।

इसके तहत सभी विभाग दो प्राध्यापकों को संस्कृत बोध के लिए नामित करेंगे और हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय का संस्कृत विभाग इन नामित अध्यापकों में संस्कृत बोध पैदा करने के लिए एक वर्ष का पाठ्यक्रम डिजाइन करेगा।

यह बात हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल ने दस दिवसीय आवासीय संस्कृत संभाषण कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में कहीं। यह कार्यशाला हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय, केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली और संस्कृत भारती, हिमाचल प्रदेश के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की जा रही है। प्रो. बंसल ने कहा कि परिसर में सांस्कृतिक बोध को सशक्त करने के लिए हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय और केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के मध्य जल्द ही एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया जाएगा। इस अवसर पर केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के बलाहर परिसर की निदेशक प्रो. सत्यम कुमारी ने आशा जताई कि कार्यशाला भारतीय ज्ञान परंपरा के सातत्य को बनाए रखने में महत्वपूर्ण साबित होगी। आवासीय संभाषण कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में अतिथियों का स्वागत संस्कृत विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. योगेंद्र कुमार, विषय-प्रवर्तन कार्यशाला के मुख्य-संयाजक प्रो. बृहस्पति मिश्र और धन्यवाद ज्ञापन डॉ. रणजीत कुमार ने किया। मंच का संचालन डॉ. नरेंद्र कुमार पांडेय ने किया।



संस्कृत संभाषण कार्यशाला सत्र का उद्घाटन किया। अनंत ज्ञान

## अब छह माह बाद होगी कल्याण समिति की बैठक, लोकमित्र केंद्रों की भी होगी इंस्पेक्शन

# 31 मार्च से पहले क्लीयर होंगे सामाजिक सुरक्षा के लंबित मामले

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला कल्याण समिति की समीक्षा बैठक अब छह माह में आयोजित की जाएगी। पहले वर्ष में एक बार समीक्षा बैठक की जाती थी, जबकि अब वर्ष में दो बार जिला कल्याण समिति की बैठक का आयोजन करके, विभिन्न कल्याण योजनाओं की समीक्षा की जाएगी। यह जानकारी जिला कल्याण समिति की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करने उपरांत समिति के अध्यक्ष एवं ज्वालामुखी के विधायक संजय रत्न ने पत्रकारों से बातचीत में कही।

उन्होंने कहा कि अब जिला में लोकमित्र केंद्रों पर अंकुश लगाने के लिए समय-समय पर इंस्पेक्शन की जाएगी। साथ ही जिले में लंबित सामाजिक सुरक्षा पेंशन के मामलों को 31 मार्च से पहले क्लीयर किया जाएगा। लोकमित्र केंद्रों की भी समय-समय पर इंस्पेक्शन की जाएगी, इस बारे में एसडीएम को निर्देश जारी किए गए हैं। वर्तमान में जनता प्रमाण पत्र बनवाने के लिए लोकमित्र केंद्रों में ही जाती है, ऐसे में उनकी मॉनिटरिंग भी जरूरी है। मिनी सचिवालय धर्मशाला के सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करने उपरांत संजय रत्न ने कहा कि कांगड़ा जिला के सभी विधानसभा क्षेत्रों में कल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचाने के लिए अधिकारियों को निर्देश जारी किए गए हैं। एक सवाल के जवाब में संतय रत्न ने बताया कि 4083 मामले सामाजिक सुरक्षा पेंशन के जिले में लंबित हैं, जिन्हें 31 मार्च से पहले क्लीयर कर दिया जाएगा। इनमें से कुछ मामले प्रोसेस हो रहे हैं, जबकि कुछ सरकार के विचाराधीन हैं। 1 लाख 80 हजार 294 लोगों को जिला में सामाजिक सुरक्षा पेंशन दी जा रही है, जिस पर लगभग 227 करोड़ खर्च हो चुका है। सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारकों की ई-केवाईसी बारे अधिकारियों को दिशानिर्देश जार किए गए हैं।



बैठक के बाद प्रेसवार्ता करते विधायक संजय रत्न। अनंत ज्ञान

### अंतरजातीय विभाग के 301 आवेदन, 181 स्वीकृत

**संजय** रत्न ने कहा कि अंतरजातीय विवाह पर प्रोत्साहन राशि 2 लाख रुपए दी जा रही है। ऐसे मामलों में 301 आवेदन आए हैं, जबकि 181 मामले स्वीकृत हो चुके हैं। जैसे ही बजट का प्रावधान हो जाएगा, इन मामलों को भी क्लीयर कर दिया जाएगा।
**योजनाओं की जानकारी को लगाएं जागरूकता कैंप :** संजय रत्न ने कहा कि कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आम जनता तक पहुंचाने के लिए विभाग को जागरूकता कैंप लगाने के लिए कहा गया है। सीडीपीओ, टीडब्ल्यू की ओर से एसडीएम और बीडीओ के माध्यम सहित उद्यान और कृषि विभाग के जागरूकता कार्यक्रमों में भी कल्याण विभाग भागीदारी सुनिश्चित करके लोगों को जागरूक करें।

### भवन निर्माण के 7847 मामले लंबित

**संजय** रत्न ने कहा कि एससी/एसटी वर्ग के लोगों को घर निर्माण के लिए आवेदनों में से कुछ लैप्स हो गए थे, जिन्हें पहले पूरा किया जाएगा। वर्तमान में 7847 मामले भवन निर्माण आवेदन के लंबित हैं, जिनके लिए बजट का प्रावधान करके जल्द क्लीयर किया जाएगा। पहले किसी विधानसभा क्षेत्र में कम, जबकि किसी में ज्यादा मामले स्वीकृत कर दिए जाते थे, लेकिन हमने हर विधानसभा क्षेत्र का अनुपात एक समान करने की दिशा में कार्य किया है।

## 17 दिनों से बिजली समस्या से परेशान लोग

**शिव गुलेरिया, अनंत ज्ञान, नगरोटा सूरियां।** विद्युत उपमंडल नगरोटा सूरियां 33 केवी गुहण सबस्टेशन के तहत आने वाले कटोरा 11 केवी फीडर में समस्या से जनता परेशान है। पिछले 17 दिनों से रात को करीब 9 बजे बिजली चली जाती है और सुबह 7 बजे आती है।

इससे पंचायत वन तुंगली, कटोरा और देहरा की ग्राम पंचायत सकरी में पूरी रात अंधेरा पसर जाता है। ठंड से बुजुर्ग, महिलाएं, बच्चे परेशान हैं। वहीं, इस समय परीक्षाओं का समय भी नजदीक होने से विद्यार्थियों को पढ़ने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि विद्युत बोर्ड को इस बारे में कई बार बताया, लेकिन अभी तक इसका स्थाई हल विद्युत विभाग नहीं कर पाया है। उन्होंने विद्युत बोर्ड से मांग करते हुए कहा कि अगर विद्युत आपूर्ति जल्द ही पूर्ण रूप से बहाल नहीं हुई तो विभाग के कार्यालय में धरना प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। उधर विद्युत मंडल जवाली के एक्सईएन विशाल पत्रवाल ने बताया की दो दिन पहले ही मुझे इस समस्या के बारे में पता चला है और 8 से 10 कर्मी दो दिन से इस लाइन की पेट्रोलिंग कर रहे हैं। उम्मीद है कि आज बिजली पूरी तरह से इस क्षेत्र में बहाल हो जाएगी।

# धर्मशाला के मुकेश थापा को किया गोरखा अवॉर्ड से सम्मानित



आगरा में 7वें त्रैवार्षिक महा अधिवेशन में नवाजा। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** भारतीय गोरखा परिसंघ के सौजन्य से आगरा में आयोजित दो दिवसीय 7वें त्रैवार्षिक महा अधिवेशन में धर्मशाला के मुकेश थापा को गोरखा अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम 31 जनवरी और पहली फरवरी को आयोजित हुआ।

इसमें यूपी की नेता प्रतिपक्ष ने उन्हें स्मृति चिन्ह और शाल भेंटकर गोरखा अवॉर्ड से अलंकृत किया। इस महा अधिवेशन में मुख्य अतिथि सूर्य प्रकाश पाल (उपाध्यक्ष राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग उत्तर प्रदेश ने शिरकत की। महा अधिवेशन में पूरे भारत से भारतीय गोरखा परिसंघ के अध्यक्ष और सदस्य उपस्थित रहे। अवार्ड की विशेषता यह है कि ये पूरे भारत से गोरखा समाज के उन विशिष्ट व्यक्तियों को दिया जाता है, जिन्होंने अपने गोरखा समाज का नाम और भारत का नाम और पूरे विश्व में रोशन किया है। मुकेश अपने नाम कई राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार हासिल कर चुके हैं। एक बाल से पेंटिंग बनाने का वर्ल्ड रिकॉर्ड भी उनके नाम है। मुकेश थापा का कहना है कि वह इसी तरह निस्वार्थ देश के लिए कार्य करते रहेंग।

## नवोदय की 9वीं और 11वीं कक्षा की प्रवेश परीक्षा कल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य राजेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि जिन अभ्यर्थियों ने लेस्ट-2026 के माध्यम से जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा 9वीं तथा 11वीं में प्रवेश के लिए आवेदन किया है, उनके प्रवेश पत्र नवोदय विद्यालय समिति की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध करा दिए गए हैं।

लेटरल एंट्री चयन परीक्षा 7 फरवरी 2026 को आयोजित की जा रही है। कक्षा 9वीं के लिए परीक्षा पीएम श्री स्कूल, जवाहर नवोदय विद्यालय, पपरोला, राजकीय उत्कर्ष वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, पपरोला तथा कक्षा 11वीं हेतु परीक्षा राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, पपरोला में आयोजित होनी है।

## राजोल और मकरोटी में आज और कल बिजली बंद रहेगी

**कोहली, अनंत ज्ञान, शाहपुर।** हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत् परिषद लिमिटेड उपमंडल रैत के तहत एनएचएआई द्वारा एचपीटीसीएल की ईएचवी 132केवी देहरा-कांगड़ा-सुरहि लाइन (चंबी पुल के पास) 6 फरवरी और 7 फरवरी को शिफ्ट करने क के लिए सुबह 9 बजे से कार्य समाप्ति तक बिजली बंद रहेगी। 33/11 केवी सब-स्टेशन राजोल के अंतर्गत आने वाले गावों राजोल, लदवाड़ा मकरोटी, अनसुई, बीएसएफ कैंप व मेहरना इत्यादि निकटवर्ती गावों में बिजली आपूर्ति बाधित रह सकती है। यह जानकारी सहायक अभियंता राजेश कुमार ने दी। वहीं, विद्युत उपमंडल धर्मशाला नंबर-2 के सहायक अभियंता रमेश धीमान ने बताया कि विद्युत लाइनों के सामान्य रखरखाव के चलते 11 केवी मंदल फीडर के क्षेत्रों पासू, अपर ढगवार, अपर मनेड तथा साथ लगते क्षेत्रों में 6 फरवरी को प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे या कार्य समाप्ति तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

# सीएमओ ने किया बैजनाथ अस्पताल का निरीक्षण



मरीजों का हालचाल जानकर ली स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में जानकारी। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**बैजनाथ।** सीएमओ जिला कांगड़ा डॉ. विवेक करोल ने सिविल अस्पताल बैजनाथ का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आपातकालीन सेवा और वार्ड में जाकर मरीजों से उनका हाल चाल जानकर मिल रही स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में जानकारी ली।

अस्पताल की सभी फाइलों को जांचकर डॉक्टरों को दिए निर्देश और अस्पताल की सफाई एवं बिजली, पानी की व्यवस्था भी पूरा जांच की। इस दौरान डॉक्टर विवेक करोल ने स्थानीय विधायक को दूरभाष के माध्यम से बिजली और पानी बारे में अवगत करवाया। निरीक्षण के दौरान जो खामियां पाई गई, तुरंत दूरभाष के माध्यम से प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. अरुण शर्मा को दिशा निर्देश जारी किए। इस अवसर पर चिकित्सा अधिकारी और स्वास्थ्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## देहरा में मुख्य चौक से पोस्ट ऑफिस चौक तक का मार्ग नो-पार्किंग जोन घोषित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** उपायुक्त हेमराज बैरवा ने मोटर वाहन अधिनियम, 1988 में प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए देहरा में मुख्य चौक से पोस्ट ऑफिस चौक तक के मार्ग को पार्किंग जोन घोषित किया है। डीसी ने बताया कि देहरा में एसडीएम कार्यालय परिसर, सिविल अस्पताल के पास तथा शहीद भुवनेश डोगरा स्टेडियम के मंच के पीछे पर्याप्त पार्किंग सुविधाएं पहले ही बनाई जा चुकी हैं और चालू कर दी गई है। ये सुविधाएं मौजूदा पार्किंग मांग को समायोजित करने के लिए पर्याप्त हैं।

## बिना वैध दस्तावेजों के रह रहा चीनी नागरिक दो दिन के पुलिस रिमांड पर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** पर्यटन नगरी मैक्लोडगंज में बिना वैद्य भारतीय वीजा के रह रहे चीनी नागरिक को वीरवार को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। फोरेंसिक जांच को भेजे गए आरोपी से कब्जे में लिए गए लैपटॉप, दो मोबाइल फोन व एक टैबलेट की रिपोर्ट का पुलिस इंतजार कर रही है, जिससे अहम जानकारी मिल सके। गौरतलब है कि बीते सोमवार को धर्मशाला स्थित एसपी कार्यालय में चीनी व्यक्ति लू वेननियन पहुंचा था। चीनी भाषा में बात करने व हिंदी न समझ पाने के बाद इस बारे में मैक्लोडगंज थाना पुलिस को सूचित किया गया था। इसके बाद प्रारंभिक तौर पर चीनी नागरिक कोई वैध दस्तावेज नहीं बता पाया था, जबकि पुलिस की ओर स संबंधित व्यक्ति से पूछताछ के दौरान उक्त व्यक्ति ने अपना पासपोर्ट प्रस्तुत कर अपने बारे में बताया था। इसके बाद पता चला था कि वह बिना भारतीय वीजा 130 दिनों से भारत में यहां ठहरा हुआ है। इसके बाद पुलिस ने विदेशी अधिनियम, 1946 की धारा 14 के तहत दंडनीय अपराध मानते हुए चीनी नागरिक पर मामला दर्ज किया है। पुलिस द्वारा चीनी नागरिक को मंगलवार को धर्मशाला कोर्ट में पेश किया था। जहां से उसे तीन दिन का पुलिस रिमांड मिला था, जबकि अब वीरवार को फिर उसे कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे दो दिन का पुलिस रिमांड मिला है। उधर, एएसपी कांगड़ा बीर बहादुर सिंह ने बताया कि पुलिस की ओर से मामले के हर पहलू की गहन जांच की जा रही है, जबकि कोर्ट से आरोपी चीनी नागरिक को पुनः पुलिस रिमांड पर भेजा गया है।

अनंत ज्ञान फॉलोअप

# चुनाव टालकर लोकतंत्र का गला घोंट रही कांग्रेस सरकार: परमार

## कहा- राजस्व घाटे की आड़ में नाकामी छिपा रही सुक्खू सरकार

अनंत ज्ञान



**राकेश डोगरा, डरोह।** प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष एवं विधायक सुलह विधानसभा क्षेत्र विपिन सिंह परमार ने प्रेस बयान में कहा कि प्रदेश सरकार आज पूरी तरह भ्रम और बहानों की राजनीति पर उतर आई है। एक ओर पंचायत और शहरी निकाय चुनावों को जानबूझकर टालकर यह सरकार लोकतंत्र की जड़ों पर प्रहार कर रही है। वहीं, दूसरी ओर राजस्व घाटे और वित्तीय संकट का रोना रो-रोकर अपनी नीतिगत दिवालियापन को छिपाने की नाकाम कोशिश कर रही है।

उन्होंने कहा कि 9 जनवरी को उच्च न्यायालय ने 30 अप्रैल तक पंचायत चुनाव संपन्न कराने के स्पष्ट निर्देश दिए थे, लेकिन कांग्रेस सरकार ने इन आदेशों का सम्मान करने के बजाय उन्हें कमजोर करने और टालने की नीति अपनाई। न तो निर्वाचन सूचियों का समय पर प्रकाशन हुआ, न ही वास्तविक चुनावी तैयारियां दिखाई दीं। यह न केवल न्यायपालिका की अवहेलना है, बल्कि संविधान की आत्मा पर सीधा हमला है। उन्होंने सवाल उठाया कि यदि सरकार चुनाव कराने के प्रति ईमानदार थी, तो फिर हाईकोर्ट के आदेशों को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देने की नौटंकी क्यों की गई मुख्यमंत्री और मंत्री सार्वजनिक मंचों से समय पर चुनाव होंगे, का ढोल पीटते रहे, जबकि भीतरखाते चुनाव टालने की पूरी रणनीति पर काम चलता रहा। यह प्रदेश की जनता के साथ खुला और सुनियोजित धोखा है। उन्होंने कहा कि पंचायत और शहरी निकाय चुनाव न होने से प्रदेश को भारी कीमत चुकानी पड़ रही है। निर्वाचित स्थानीय निकायों के बिना केंद्र सरकार की सैकड़ों योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन असंभव है। विशेष रूप से 16वें वित्त आयोग के तहत ग्रामीण और शहरी निकायों के लिए प्रस्तावित बड़ी धनराशि चुनाव न होने की स्थिति में या तो प्रदेश को मिलेगी ही नहीं, या फिर वर्षों तक लटकती रहेगी। इसके लिए पूरी तरह कांग्रेस सरकार जिम्मेदार है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा बार-बार राजस्व घाटा अनुदान (आरडीजी) बंद होने का रोना, दरअसल कांग्रेस सरकार की आर्थिक नाकामी की स्वीकारोक्ति है। अब कांग्रेस सरकार जलविद्युत परियोजनियों पर कर और सेस लगाकर हताशा की राजनीति कर रही है।

# डीसी ने युवा आपदा मित्र प्रशिक्षण के तहत स्वयंसेवकों को बांटी सर्च एंड रेस्क्यू किट

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से आयोजित युवा आपदा मित्र प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत उपायुक्त एवं अध्यक्ष, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण कांगड़ा हेमराज बैरवा ने प्रशिक्षित युवा स्वयंसेवकों को सर्च एंड रेस्क्यू किट वितरित कीं। उपायुक्त ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि आपदा के समय प्रशिक्षित युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है।

उन्होंने कहा कि युवा आपदा मित्र कार्यक्रम के माध्यम से जिले में कुल 750 स्वयंसेवकों को प्रशिक्षित किया जाना है, जिनमें से अब तक लगभग 650 स्वयंसेवक प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं, जबकि शेष स्वयंसेवकों का प्रशिक्षण प्रगति पर है। उन्होंने बताया कि युवाओं को खोज एवं बचाव कार्य, प्राथमिक उपचार, आपातकालीन संचार, भीड़ प्रबंधन तथा राहत कार्यों से संबंधित व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में ये स्वयंसेवक जिला प्रशासन के साथ मिलकर त्वरित एवं प्रभावी सहायता प्रदान कर सकें। कार्यक्रम के दौरान स्वयंसेवकों ने आपदा की घड़ी में निस्वार्थ सेवा देने का संकल्प लिया। प्रशिक्षण के अंतर्गत विभिन्न आपदा परिदृष्यों पर आधारित मॉक ड्रिल एवं व्यावहारिक अभ्यास भी करवाए जा रहे हैं। इस अवसर पर जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अधिकारी, प्रशिक्षक, प्रशासनिक अधिकारी तथा बड़ी संख्या में युवा स्वयंसेवक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य जिले में एक मजबूत, सजग और प्रशिक्षित युवा आपदा प्रतिक्रिया बल तैयार करना है।



सर्च एंड रेस्क्यू किट वितरित करते डीसी। अनंत ज्ञान

## ग्रामीणों को दी बैंक योजनाओं की जानकारी

**नरेंद्र डोगरा, अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक की अप्पर लंबागांव शाखा ने कंगेहन व सकोह में वित्तीय साक्षरता शिविर लगाया। इसकी अध्यक्षता वरिष्ठ प्रबंधक साहिल जैन ने की। शिविर में उपस्थित ग्रामीणों को बैंकिंग सेवाओं, डिजिटल लेन-देन, बचत की आदत, ऋण योजनाओं के साथ भारत सरकार की सामाजिक सुरक्षा योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और अटल पेंशन योजना की विस्तृत जानकारी दी गई। साहिल जैन ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों को वित्तीय रूप से जागरूक एवं सुरक्षित बनाना है।

## रेहन-भटोली वाया चमराल मार्ग यातायात के लिए 4 मार्च तक बंद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** डीसी हेमराज बैरवा ने मोटर वाहन अधिनियम, 1988 में प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए अधिसूचना जारी की कि रेहन उपमंडल के अन्तर्गत रेहन से भटोली वाया चमराल सड़क के मरम्मत कार्य के चलते 4 मार्च तक हर प्रकार के यातायात के लिए अस्थाई रूप से बंद रहेगा। इस दौरान गाड़ियों की आवाजाही के लिए रेहन वाया मिंटा से भटोली रोड और एमटीएन रोड से लरहून खास रोड उपयोग किया जा सकता है।

**अव्यवस्था** व्यर्थ बहता रहता पानी और न ही नियमित सफाई का कोई ठोस प्रबंधन

# बैजनाथ में ई-टॉयलेट बने शोपीस

अनंत ज्ञान

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ।** नगर परिषद बैजनाथ के अधीन आम जनता की सुविधा के लिए लाखों रुपए की लागत लगाए गए ई-टॉयलेट आम जनता के लिए जी का जंजाल ही बन चुके। बैजनाथ पपरोला नगर परिषद के अधीन आने वाले इलाके में लगाए गए यह 10 ई-टॉयलेट वर्तमान मे शोपीस बनकर रह गए हैं। जिन शौचालयों को स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से लगाया गया था, वे अब उपयोग के लायक नहीं बचे हैं।

अनंत ज्ञान मुद्दा

स्थिति यह है कि इन ई-टॉयलेटों में न तो पानी की व्यवस्था है और न ही नियमित सफाई का कोई ठोस प्रबंधन किया जा रहा है। लंबे समय से बंद पड़े इन शौचालयों के कारण आसपास गंदगी फैल रही है और दुर्गंध से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जहां कुछ लोगों को पानी पीने के लिए उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। वैसे तो कुछ ई-टॉयलेट खराब पड़े हैं, परंतु उनमें दिन-रात पानी बहता रहता है, जिस तरह से यह पानी की बर्बादी हो रही है, उससे तो जल शक्ति विभाग के स्लोगन जल ही जीवन है धरे के धरे रह जाते हैं । स्थानीय नागरिकों का कहना है कि ई-टॉयलेट बंद होने के कारण उन्हें मजबूरन खुले में शौच जाना पड़ता है, जिससे स्वच्छ भारत मिशन की मंशा पर भी सवाल उठ रहे हैं। लोगों का आरोप है कि लाखों रुपये खर्च किए जाने के बावजूद इनका समुचित रखरखाव नहीं किया गया, जो सरकारी धन की बर्बादी को दर्शाता है। नगरवासियों ने नगर परिषद व प्रशासन से मांग की है कि या तो इन ई-टॉयलेटों को शीघ्र दुरुस्त कर चालू किया जाए और नियमित सफाई व पानी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, अथवा इन्हें हटाकर उनकी जगह पक्के और स्थायी सार्वजनिक शौचालयों का निर्माण किया जाए, ताकि आम जनता को वास्तविक सुविधा मिल सके।



शोपीस बने ई-टॉयलेट। अनंत ज्ञान

**मेरे** पास इस संबंध में शिकायत आई है। जल्द ही इन ई-टॉयलेट की मरम्मत का टेंडर लगाया जाएगा, जिससे लोगों की समस्या का स्थाई समाधान हो सके।

**-चमन लाल, ईओ, नगर परिषद बैजनाथ-पपरोला।**

### लोग बोले- जल्द समाधान न हुआ तो होगा आंदोलन

**लोगों** का कहना है कि यदि जल्द इस समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे आंदोलन करने को विवश होंगे। अब देखना यह है कि नगर परिषद और संबंधित विभाग इस ओर कब ध्यान देते हैं और जनता को राहत दिलाने के लिए क्या ठोस कदम उठाते हैं।

# हिमाचल को केंद्र की 1500 करोड़ राहत का इंतजार : जगत सिंह नेगी

## राजस्व मंत्री का केंद्र पर सीधा हमला, बोले-घोषणा सिर्फ हवा में, जमीनी हकीकत शून्य

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में आपदा राहत को लेकर केंद्र और राज्य सरकार के बीच टकराव और तीखा हो गया है। बीते मानसून में भारी तबाही के बाद प्रधानमंत्री स्तर से 1500 करोड़ रुपए के विशेष राहत पैकेज की घोषणा तो हुई, लेकिन महीनों बीत जाने के बावजूद राज्य को राहत की एक भी किश्त नहीं मिली। इसी मुद्दे को लेकर प्रदेश के राजस्व एवं बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने केंद्र सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं और इसे संघीय व्यवस्था की भावना के खिलाफ बताया है।

मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा कि जब खुद प्रधानमंत्री ने हिमाचल आकर आपदा का जायजा लिया और विशेष पैकेज की घोषणा की, तो फिर उस राशि को रोकने वाला कौन है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि 1500 करोड़ का पैकेज तो दूर, राज्य को आपदा राहत के नाम पर 15 पैसे तक नहीं मिले हैं। नेगी का कहना है कि राहत राशि में देरी का सीधा असर पुनर्निर्माण, पुनर्वास और बुनियादी ढांचे की बहाली पर पड़ रहा है, जिससे आपदा प्रभावित लोग आज भी कठिन हालात में जीने को मजबूर हैं।

उन्होंने यह भी याद दिलाया कि वर्ष 2023 की आपदा में हिमाचल को 10 हजार करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान हुआ था। केंद्र की टीमों ने खुद मौके पर आकर सर्वे किया और लगभग 9300 करोड़ रुपये के नुकसान की पुष्टि भी की। इसके बावजूद पोस्ट डिजास्टर नीड्स असेसमेंट के तहत केवल 2500 करोड़ रुपये की सहायता मंजूर की गई, जिसमें से पूरी राशि अब तक जारी नहीं हुई है। नेगी के अनुसार वर्ष 2024 में केवल 600 करोड़ रुपये दिए गए और अब 2026 में प्रवेश के बावजूद राज्य अब भी 2023 की राहत का इंतजार कर रहा है।

### संघीय व्यवस्था व समान व्यवहार पर उठे सवाल



**राजस्व** और बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने केंद्र सरकार पर राज्य के साथ सौतेला व्यवहार करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड और बिहार जैसे राज्यों को आपदा राहत समय पर मिल जाती है, जबकि हिमाचल को अभी तक 2023 की आपदा के लिए घोषित पैकेज नहीं मिला। मंत्री नेगी ने इसे संघीय व्यवस्था की मूल भावना के खिलाफ बताया और सवाल उठाया कि क्या हिमाचल के साथ अलग व्यवहार किया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी राज्यों को समान अधिकार और समान व्यवहार मिलना चाहिए। नेगी के अनुसार राहत राशि में देरी का सीधे असर पुनर्निर्माण, पुनर्वास और बुनियादी ढांचे की बहाली पर पड़ रहा है, जिससे आपदा प्रभावित लोग कठिन हालात में जीने को मजबूर हैं। उन्होंने केंद्र से तुरंत राहत जारी करने की मांग की।

# आईएसबीटी के पास युवक चिट्टे सहित गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, शिमला।** शिमला के आईएसबीटी के पास पुलिस ने एक युवक को चिट्टा (हेरोइन) के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 7.48 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया है। पुलिस ने उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 21 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना बालूगंज शिमला के एएसआई पुनीत शर्मा अपनी टीम के साथ 5 फरवरी को आईएसबीटी के पास गश्त पर थे। इसी दौरान उन्हें विश्वसनीय सूचना मिली कि एक युवक, जो लंबे समय से ढली और सिमेट्री क्षेत्र में चिट्टा बेचने के काम में शामिल है, चंडीगढ़ से नशे की खेप लेकर आईएसबीटी पहुंचा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मौके पर घेराबंदी कर संदिग्ध युवक को पकड़ा। तलाशी लेने पर युवक के पास से 7.48 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी की पहचान संदीप राणा उर्फ सैंडी (20) निवासी गांव रैत, पोस्ट ऑफिस धनशाली, जिला टिहरी गढ़वाल, उत्तराखंड के रूप में हुई।

# नेशनल अप्रेंटिसशिप प्रमोशन स्कीम से युवाओं को मिलेगा रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण : उपायुक्त

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** नेशनल अप्रेंटिसशिप प्रमोशन स्कीम के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर जिला स्तरीय बैठक उपायुक्त अनुपम कश्यप की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में योजना से जुड़ी जानकारी पीपीटी प्रस्तुति के माध्यम से दी गई। अधिकारियों को बताया गया कि यह भारत सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना है, जिसका उद्देश्य युवाओं को व्यावहारिक प्रशिक्षण देकर उन्हें रोजगार के योग्य बनाना है। योजना अप्रेंटिसशिप एक्ट, 1961 के तहत संचालित की जा रही है और इसका संचालन कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय द्वारा किया जाता है।

बैठक में बताया गया कि एनएपीएस योजना का मूल उद्देश्य युवाओं को काम सीखते हुए कमाई का अवसर प्रदान करना है। इसके तहत छात्र और युवा विभिन्न उद्योगों, कारखानों, कंपनियों और संस्थानों में अप्रेंटिस के रूप में प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं। इससे उन्हें वास्तविक कार्यस्थल का अनुभव मिलता है, जो केवल शैक्षणिक पढ़ाई से संभव नहीं होता। प्रशिक्षण पूरा होने पर युवाओं को सरकारी मान्यता प्राप्त प्रमाणपत्र दिया जाता है, जिससे उनके रोजगार की संभावनाएं और अधिक सशक्त होती हैं।

उपायुक्त अनुपम कश्यप ने कहा कि जिले के सभी सरकारी और निजी कार्यालयों, जहां कर्मचारियों की संख्या 30 से अधिक है, वहां नेशनल अप्रेंटिसशिप प्रमोशन स्कीम को अनिवार्य रूप से लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बड़े होटलों, बैंकों और अन्य संस्थानों में भी युवाओं को अप्रेंटिस के रूप में अवसर प्रदान किए जाएंगे। छोटे और मध्यम उद्योगों को भी इस योजना के तहत कम लागत में प्रशिक्षित युवाओं को जोड़ने का अवसर मिलता है।



### अप्रेंटिस के लिए 25 प्रतिशत देगी सरकार

**उपायुक्त** ने बताया कि एनएपीएस के तहत सरकार नियोक्ताओं को भी प्रोत्साहन देती है। अप्रेंटिस को दिए जाने वाले स्टिपेंड का 25 प्रतिशत या अधिकतम 1500 रुपए प्रतिमाह प्रति अप्रेंटिस सरकार द्वारा वहन किया जाता है। इसके अतिरिक्त बेसिक ट्रेनिंग से जुड़ी कुछ लागत भी सरकार उठाती है।

# तीन पुश्तों से वन भूमि पर कब्जे के मामलों को ग्राम सभा में रखें

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** जुन्गा तहसील की ग्राम पंचायत जनेडघाट में वन अधिकार अधिनियम (एफआरए) को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में जुन्गा तहसील की नौ पंचायतों से 80 से अधिक एफआरए समिति पदाधिकारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता तहसीलदार जुन्गा कार्तिकेय शर्मा ने की। उन्होंने प्रतिभागियों को अधिनियम की प्रक्रिया, पात्रता और ग्राम सभा की भूमिका के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

तहसीलदार ने बताया कि 13 दिसंबर 2005 से पहले यदि वन भूमि पर कम से कम तीन पुश्तों से व्यक्तिगत या सामूहिक कब्जा और हकूक हैं, तो ऐसे मामलों को वन अधिकार समिति के माध्यम से ग्राम सभा में प्रस्तुत किया जाए। ग्राम सभा में संबंधित व्यक्ति या गांव के सामूहिक हकूक की तस्दीक की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि ग्राम सभा में तीन प्रपत्र भरे जाएंगे और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि तीन पुश्तों से काश्त की जा रही वन भूमि एक हैक्टेयर से अधिक न हो। काबिज वन भूमि के मामले व्यक्तिगत भी हो सकते हैं और गांव के सामूहिक भी।



वन अधिकार अधिनियम पर कार्यशाला आयोजित। अनंत ज्ञान

उन्होंने बताया कि एफआरए से जुड़े प्रकरण पहले संबंधित तहसीलदार और एसडीएम को प्रस्तुत किए जाएंगे, जहां तीन पुश्तों से कब्जे की फिर से पुष्टि होगी। इसके बाद मामलों को उपायुक्त के माध्यम से सरकार को आवश्यक कार्यवाही के लिए भेजा जाएगा। तहसीलदार ने एफआरए समिति पदाधिकारियों से अपील की कि वे अपने क्षेत्रों में लोगों को जागरूक करें और तय समय-सीमा के भीतर ग्राम सभा में प्रकरण प्रस्तुत करवाएं, ताकि प्रभावित परिवारों को समय पर इंसाफ और समाधान मिल सके।

# बास्केटबाल और शतरंज के ट्रायल शिमला में होंगे

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** क्षेत्रीय खेल बोर्ड शिमला ने बास्केटबॉल और शतरंज स्पर्धाओं के लिए चयन ट्रायल का कार्यक्रम जारी कर दिया है। यह चयन ट्रायल नई दिल्ली में 17 से 26 फरवरी 2026 तक होने वाली अखिल भारतीय सिविल सेवा प्रतियोगिता में भागीदारी के लिए आयोजित किए जा रहे हैं। यह जानकारी भारतीय लेखा एवं लेखापरीक्षा विभाग की ओर से जारी परिपत्र में दी गई है। बास्केटबॉल (पुरुष वर्ग) के चयन ट्रायल 6 फरवरी को सुबह 11 बजे सेंट एडवर्ड्स स्कूल शिमला में होंगे। शतरंज (पुरुष एवं महिला वर्ग) के ट्रायल 9 फरवरी को सुबह 11 बजे गॉर्टन कैसल बिल्डिंग, एजी कार्यालय शिमला में आयोजित किए जाएंगे। इच्छुक केंद्रीय सरकारी कर्मचारी निर्धारित तिथि, समय और स्थान पर संबंधित संयोजक के समक्ष रिपोर्ट कर सकते हैं। शतरंज खिलाड़ियों के लिए एआईसीएफ पंजीकरण अनिवार्य बताया गया है।

# सेब आयात पर अफवाहें फैलाना दुर्भाग्यपूर्ण : चेतन बरागटा

## कहा-बागवान के हित पूरी तरह से सुरक्षित, यूरोपीय संघ से आयात पर मजबूत सुरक्षा व्यवस्था

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** भाजपा के युवा नेता चेतन बरागटा ने सेब आयात को लेकर फैल रही अफवाहों पर बडा बयान देते हुए कहा कि कुछ लोग जानबूझकर तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर पेश कर रहे हैं, जिससे राज्य के सेब बागवानों में भ्रम और चिंता का माहौल बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि राजनीतिक लाभ के लिए बागवानों की मेहनत और भविष्य को लेकर गलत धारणाएं फैलाई जा रही हैं, जबकि सच्चाई इसके बिल्कुल उलट है।



सेब आयात को लेकर फैल रही अफवाहों पर स्थिति स्पष्ट करते भाजपा नेता चेतन बरागटा। अनंत ज्ञान

चेतन बरागटा ने स्पष्ट किया कि यूरोपीय संघ से आने वाले सेब पर 80 रुपये प्रति किलो का न्यूनतम आयात मूल्य पूरी तरह लागू है। इसके चलते किसी भी स्थिति में यूरोपीय सेब की लैंडेड कीमत 96 रुपये प्रति किलो से कम नहीं हो सकती। उन्होंने कहा कि यह प्रावधान इस बात का प्रमाण है कि केंद्र सरकार ने घरेलू सेब उत्पादकों के हितों को सर्वोपरि रखा है। उन्होंने बताया कि न्यूज़ीलैंड से आयात होने वाले सेब पर इससे भी अधिक न्यूनतम आयात मूल्य लागू है, जिससे उनकी लैंडेड कीमत लगभग 140 रुपये प्रति किलो रहती है। ऐसे सेब केवल प्रीमियम वर्ग के उपभोक्ताओं तक सीमित रहते हैं और हिमाचल के सेब के साथ उनकी कोई सीधी प्रतिस्पर्धा नहीं होती।

चेतन बरागटा ने कहा कि यूरोपीय संघ और न्यूज़ीलैंड से सेब आयात कोटा प्रणाली के तहत सीमित मात्रा में और कई वर्षों में चरणबद्ध तरीके से किया जाता है। इसके साथ ही मौसमी समय सीमा और सेफगार्ड जैसे प्रावधान पूरी तरह प्रभावी हैं, जिससे स्थानीय बागवानों को किसी भी प्रकार का नुकसान न हो।

### बागवानों से संयम और भरोसे की अपील

**भाजपा** के युवा नेता चेतन बरागटा ने सेब बागवानों से अपील की कि वे अफवाहों और भ्रामक प्रचार से दूर रहें और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की नीतियों पर भरोसा रखें। उन्होंने दोहराया कि भाजपा सेब बागवानों के हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और इस मुद्दे पर किसी भी तरह का समझौता नहीं किया जाएगा। इस अवसर पर कोटखाई नावर मंडल अध्यक्ष सुन्दर डोगरा, प्रदेश भाजपा प्रवक्ता राकेश डोगरा, प्रदेश उपाध्यक्ष किसान मोर्चा गोपाल जबैईक, जिला सचिव अशोक जस्टा तथा पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष किसान मोर्चा यशवीर जस्टा भी उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### अवैध कटान का मामला, 3 व्यक्तियों की संलिप्तता पाई

**अनंत ज्ञान, मंडी।** थाना पधर क्षेत्र के अंतर्गत अवैध रूप से पेड़ काटने का एक मामला सामने आया है, जिसमें सुनील कुमार, वन रक्षक, इंचार्ज मंढ्रा बीट, वाइल्डलाइफ रेंज बरोट की शिकायत पर पुलिस द्वारा मामला दर्ज किया गया। शिकायत के अनुसार मंढ्रा डीपीएफ के अंतर्गत घुलास स्थान, बुर्जी नं. 5 के पास तीन पेड़ों को अवैध रूप से काटे जाने की सूचना मिली थी। मौके के निरीक्षण के दौरान विभिन्न आकार के तीन पेड़ कटे हुए पाए गए, जिनकी कुल बाजार कीमत लगभग 9,93,520 रुपए आंकी गई है। जांच के दौरान राकेश कुमार पुत्र सोम देव, ज्ञान चंद पुत्र राम सिंह तथा अरुण कुमार पुत्र राम लाल, निवासी डाकघर बथेरी, उप-तहसील कटौला, जिला मंडी (हि.प्र.) की संलिप्तता पाई गई है। मामले में आगे की जांच जारी है। इस संबंध में कार्रवाई की पुष्टि पुलिस अधीक्षक मंडी साक्षी वर्मा द्वारा की गई है।

### मोटर वाहन अधिनियम के तहत 442 चालान

**अनंत ज्ञान, मंडी।** जिला पुलिस मंडी ने कानून व्यवस्था बनाए रखने और नियमों की पालना सुनिश्चित करने के लिए एक व्यापक अभियान चलाया। पुलिस ने इस अभियान के तहत विभिन्न अधिनियमों के अंतर्गत कई मामलों में कार्रवाई की। मोटर वाहन अधिनियम के तहत कुल 442 चालान किए गए, जबकि कोटपा अधिनियम के अंतर्गत 21 चालानों पर 2100 रुपए का जुर्माना वसूला गया। इसके अलावा अवैध खनन पर भी कार्रवाई की गई और माइनिंग के 3 मामले दर्ज किए गए। पुलिस का कहना है कि यह कार्रवाई यातायात नियमों की अवहेलना रोकने, सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान और अन्य अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण रखने के उद्देश्य से की गई है। पुलिस अधीक्षक मंडी, साक्षी वर्मा ने आम जनता से अपील की है कि वे नियमों का पालन करें और कानून व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें।

# केंद्रीय बजट विकसित भारत की मजबूत नींव : विधायक पूर्ण चंद

अनंत ज्ञान

**बरोट।** 2025-26 के केंद्रीय बजट को मद्धेनजर रखते हुए द्रंग विधानसभा क्षेत्र के विधायक पूर्ण चंद ठाकुर ने केंद्र सरकार की भूरी-भूरी प्रशंसा की है।

उन्होंने इस बजट को विकसित भारत-2047 की दिशा में ऐतिहासिक, सर्वसमावेशी और दूरदर्शी बजट करार दिया। उन्होंने कहा कि यह बजट युवाओं, व्यापारियों, कर्मचारियों, एसएमई और मध्यम वर्ग समेत समाज के हर वर्ग का संतुलित रूप से ख्याल रखता है। पूर्ण चंद ठाकुर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को लगातार नौवां केंद्रीय बजट पेश करने पर बधाई दी। उन्होंने प्रदेश कांग्रेस सरकार के लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह के बयान का हवाला देते हुए कहा कि एक ओर मंत्री केंद्र से करोड़ों रुपए की सहायता मिलने की बात करते हैं, वहीं दूसरी ओर मुख्यमंत्री और अन्य मंत्री कहते हैं कि केंद्र से फूटी कौड़ी की मदद नहीं मिली, ऐसे में सच क्या है। उन्होंने मनरेगा योजना में 100 से 125 दिन कार्यकाल बढ़ाने को सकारात्मक बताते हुए कहा कि इससे रोजगार और आय दोनों बढ़ेंगी, जबकि केवल कांग्रेस ही इसका विरोध कर रही है। उन्होंने नाबार्ड से प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना स्टेज-चार के तहत द्रंग विधानसभा क्षेत्र के लिए 185 करोड़ रुपये स्वीकृत होने की जानकारी देते हुए केंद्र सरकार का धन्यवाद किया तथा प्रदेश कांग्रेस सरकार पर झूठ बोलने का आरोप लगाया। उन्होंने आपदा के दौरान प्रदेश सरकार के किसी मंत्री या पदाधिकारी के न पहुंचने पर दुख जताया और कहा कि अस्वस्थ होने के बावजूद उन्होंने विधायक निधि से बंद सड़कें बहाल करवाईं, मगर विधायकों को अभी तक निधि की दो किस्तें नहीं मिलीं। उन्होंने हाई स्पीड रेल कॉरिडोर, फार्मा सेक्टर के लिए 10 हजार करोड़ रुपये, कैंसर व डायबिटीज की दवाओं को सस्ता करने, बड़े टेक्सटाइल पार्क, प्रत्येक जिले में महिलाओं के लिए छात्रावास, 20 नए जलमार्ग, खनिज कॉरिडोर, एसएमई के लिए 10 हजार करोड़ तथा महात्मा गांधी स्वरोजगार योजना जैसे प्रावधानों को देश की आर्थिक मजबूती के लिए महत्वपूर्ण बताया।

# आरती ने उत्तीर्ण की यूजीसी की राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** ग्राम पंचायत धुंदन की रहने वाली होनहार बेटी आरती चंदेल ने वाणिज्य (कॉमर्स) विषय में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा एवं कनिष्ठ शोध अध्येता परीक्षा उत्तीर्ण कर क्षेत्र, गांव और परिवार का नाम रोशन किया है।

उनकी इस उल्लेखनीय उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में हर्ष और गर्व का माहौल बना हुआ है। आरती चंदेल के पिता तिलक राज एवं माता कला देवी बेटी की इस सफलता पर गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। आरती ने अपनी प्रारंभिक एवं माध्यमिक शिक्षा राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धुंदन से प्राप्त की तथा वर्ष 2017-18 सत्र में अपनी स्कूली शिक्षा सफलतापूर्वक पूर्ण की। ग्रामीण परिवेश में रहकर कठिन परिश्रम, आत्मविश्वास और निरंतर अध्ययन के बल पर राष्ट्रीय स्तर की इस प्रतिष्ठित परीक्षा में सफलता प्राप्त करना अत्यंत प्रशंसनीय है।

# मनरेगा में हुए अब तक के घोटाले को उजागर करेगी 'जी राम जी' योजना : विक्रम राणा

अनंत ज्ञान

**सुजानपुर।** केंद्र की भाजपा सरकार ने विकसित भारत जी राम जी योजना को नए प्रारूप के माध्यम से जनता के सामने पेश किया है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य मनरेगा में अब तक हुए घोटाले को उजागर करना है।

यह घोटाले उजागर न हो जाए इस बात का भय कांग्रेस सरकार को सता रहा है, इसलिए जी राम जी योजना का कांग्रेस विरोध कर रही है। यह बात भाजपा नेता एवं मंडल अध्यक्ष प्रोफेसर विक्रम राणा ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में कही। सुजानपुर विधायक के ऊपर आरोप लगाते हुए प्रोफेसर राणा ने कहा कि जब तक विधायक सुजानपुर भारतीय जनता पार्टी में थे, तब तक यह पार्टी व इस पार्टी के नेता ओर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सब उन्हें अच्छे लगते थे, लेकिन कांग्रेस में जाते ही भाजपा के तमाम नेता व देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी अब उन्हें बुरे लगने लग पड़े हैं।



प्रोफेसर राणा ने कहा कि जिस तरह से विधायक ने जी राम जी योजना को लेकर बयानबाजी की है। उस बात को देखकर लगता है कि जी राम जी योजना का जो प्रारूप है, उसे अभी तक उन्होंने पढ़ा नहीं है या फिर उन्होंने दो दिन पहले हमीरपुर के सांसद अनुराग ठाकुर द्वारा जो हमीरपुर में आकर जी राम जी योजना को लेकर विस्तार से इसकी जानकारी दी उसको उन्होंने सुना नहीं है। यही कारण है कि वह इस योजना का विरोध कर रहे हैं। प्रोफेसर राणा ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जब से देश की बागडोर संभाली है, तब से लेकर वर्तमान तक देश में ऐसे कार्य किए हैं, जो कांग्रेस कभी सपने में भी नहीं सोच सकती और सुजानपुर के विधायक को इस बात को हमेशा याद रखना चाहिए कि जब वह भाजपा में थे और उसे समय जब मंच के ऊपर खड़े होकर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वन रैंक वन पेंशन को मंजूरी मिलने को लेकर जब उनकी शान में कसीदे पढ़ते थे, तब तक जोर-जोर से कहते थे कि मेरी पेंशन 6 हजार थी, लेकिन बन रेंक वन पेंशन नरेंद्र मोदी ने शुरू किया तो मेरी पेंशन 6000 से सीधी 60 हजार हो गई। भाजपा नेता ने विधायक सुजानपुर को नसीहत देते हुए कहा कि कांग्रेस ने मनरेगा के माध्यम से जो काले कारनामे किए हैं उन सबको यह जी राम जी योजना उजागर करेगी और इसको लेकर ही कांग्रेस इस योजना का विरोध कर रही है प्रोफेसर राणा ने कहा कि जी राम जी विकसित भारत योजना में अब 100 दिन के बजाय 125 दिन का रोजगार मिलेगा और एक सप्ताह के भीतर मजदूर को उसका वेतन दिया जाएगा लेकिन मनरेगा में वेतन मिलेगा या नहीं इस बात की भी गारंटी नहीं थी और रोजगार भी 100 दिन का था

# वॉयस ऑफ शिवरात्रि ऑडिशन में 69 कलाकारों की सहभागिता

अनंत ज्ञान



**मंडी।** अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव मंडी 2026 के अंतर्गत वॉयस ऑफ शिवरात्रि प्रतियोगिता के लिए आयोजित ऑडिशन में वीरवार को 69 कलाकारों ने भाग लिया।

ऑडिशन में करसोग, सुंदरनगर, गोहर और थुनाग उपमंडलों के कलाकारों को आमंत्रित किया गया था, जिनमें युवाओं के साथ-साथ अनुभवी कलाकारों ने भी अपनी गायन प्रतिभा का प्रदर्शन किया। अतिरिक्त उपायुक्त गुरसिमर सिंह ने बताया कि वॉयस ऑफ शिवरात्रि प्रतियोगिता के लिए अब तक कुल 192 कलाकार ऑडिशन दे चुके हैं। उन्होंने कहा कि 6 फरवरी को मंडी जिला के अलावा अन्य जिलों के कलाकारों को ऑडिशन के लिए आमंत्रित किया गया है, ताकि प्रदेश भर की प्रतिभाओं को मंच प्रदान किया जा सके। उन्होंने बताया कि वॉयस ऑफ शिवरात्रि प्रतियोगिता के विजेता को 51,000 रुपए, प्रथम उपविजेता को 31,000 रुपए तथा द्वितीय उपविजेता को 21,000 रुपएकी पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। साथ ही, चयनित कलाकारों को महोत्सव की सांस्कृतिक संध्याओं में प्रस्तुति देने का अवसर मिलेगा।

# देवादि देव जय देव गहरी नेर 15 को महाशिवरात्रि मेले में होंगे शामिल

**रूपी ठाकुर, अनंत ज्ञान, बरोट।** छोटाभंगाल घाटी के नेर गांव में स्थित घाटी के देवादि देव जय देव गहरी नेर प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी बैजनाथ में 15 फरवरी से आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय महाशिवरात्रि मेले में शरीक होने के लिए रवाना होंगे। जय देव गहरी नेर कमेटी के अध्यक्ष संजय ठाकुर ने बताया कि घाटी के आराध्य जय देव गहरी नेर 9 फरवरी को पूरी तरह सजधज कर अपने लाव-लश्करों और देवलुओं सहित मूलस्थल नेर से निकलकर मेले के लिए प्रस्थान करेंगे। देव गहरी नेर 9 फरवरी को नेर से निकलकर मुल्थान, चौहार घाटी कल्होग, पालाखुंडी तथा जोगिंद्रनगर क्षेत्र के हराबाग, जोगिंद्रनगर, चौंतड़ा, सुखबाग आदि क्षेत्रों में ग्रामीणों द्वारा आयोजित देव जातरों को स्वीकारते हुए 14 फरवरी की रात बैजनाथ में रात्रि ठहराव करेंगे और 15 की सुबह महाशिवरात्रि मेले में शामिल होंगे। इस मौके पर देव गहरी नेर के मुख्य गुर हल्कू राम, उनके देव अजियापाल के सहयोगी गूर केवल सिंह, देव कमेटी के अध्यक्ष संजय ठाकुर, दुमच धीरज कुमार, पुजारी कृष्ण सहित एक दर्जन देवलू उपस्थित रहेंगे। मेले की समाप्ति के बाद वापसी के दौरान भी विभिन्न स्थानों पर देव जातर स्वीकारते हुए 24 या 25 फरवरी को देव गहरी नेर अपने मूलस्थल नेर में विधिविधान से पुन: विराजमान होंगे।

# धर्मपुर की बेटी अनु ने रचा शैक्षणिक इतिहास

◆ यूजीसी-नेट में तीन बार सफलता, अब अंग्रेजी विषय में जेआरएफ क्लियर कर पीएचडी की ओर बढ़ाया कदम

अनंत ज्ञान

**धर्मपुर।** उपमंडल धर्मपुर की ग्राम पंचायत जोल महलुआ की होनहार बेटी अनु कुमारी ने शिक्षा के क्षेत्र में असाधारण उपलब्धि हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है।



अनु कुमारी ने अंग्रेजी विषय में हाल ही में यूजीसी-नेट के साथ जेआरएफ (जूनियर रिसर्च फेलोशिप) परीक्षा उत्तीर्ण कर एक बड़ी सफलता अपने नाम की है। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व भी वे तीन बार यूजीसी-नेट परीक्षा क्वालिफाई कर चुकी हैं और वर्तमान में सेंटर यूनिवर्सिटी ऑफ धर्मशाला से अंग्रेजी विषय में पीएचडी कर रही हैं। अनु कुमारी, गौरव राणा की धर्मपत्नी हैं तथा उनका ससुराल गांव सैनी मोहरी, तहसील बल्ह में है। वे स्वर्गीय दलीप चंद (पूर्व सैनिक) की पुत्री हैं, जिनका वर्ष 2006 में निधन हो गया था। सीमित संसाधनों और कठिन परिस्थितियों के बावजूद अनु ने अपने संघर्ष, परिश्रम और आत्मविश्वास से यह मुकाम हासिल किया।

### परिवार का मिला संबल

**अनु** की माता सोमा देवी गृहिणी हैं। परिवार में एक भाई सीआरपीएफ में कार्यरत है, जबकि एक बहन का विवाह हो चुका है। पिता के असमय निधन के बाद भी परिवार ने शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी, जिसका परिणाम आज पूरे क्षेत्र के सामने है।

### क्षेत्र में खुशी की लहर

**अनु** कुमारी की इस उपलब्धि से धर्मपुर, बल्ह और मंडी जिला में खुशी की लहर है। शिक्षकों, समाजसेवियों और स्थानीय लोगों ने इसे बेटियों के लिए प्रेरणास्रोत बताया है। लोगों का कहना है कि अनु कुमारी की सफलता यह सिद्ध करती है कि कठिन हालात भी मजबूत इरादों के आगे टिक नहीं पाते। अनु कुमारी की यह उपलब्धि न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है और आने वाली पीढ़ियों को उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित करेगी।

### शिक्षा का सफर रहा प्रेरणादायक

अनु कुमारी की प्रारंभिक शिक्षा सिद्धपुर से हुई। इसके बाद उन्होंने +2 की पढ़ाई धर्मपुर से पूरी की। स्नातक व परास्नातक की शिक्षा उन्होंने वीजीसी कॉलेज, मंडी से प्राप्त की, जबकि एलएलबी की पढ़ाई हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, शिमला से पूरी की। वर्तमान में वे उच्च शोध के क्षेत्र में सक्रिय हैं।

# बालीचौकी में पशु मित्र भर्ती के लिए शारीरिक परीक्षा 10 फरवरी को

अनंत ज्ञान

**बालीचौकी।** बालीचौकी उपमंडल के अंतर्गत पशु मित्रों के नौ पदों के लिए आवेदन करने वाले सभी अभ्यर्थियों के लिए महत्वपूर्ण सूचना जारी की गई है।

पशु मित्र संलग्न समिति बालीचौकी द्वारा बताया गया है कि अभ्यर्थियों की शारीरिक परीक्षा 10 फरवरी को राजकीय सरकारी उच्च विद्यालय बालीचौकी के खेल मैदान में आयोजित की जाएगी। समिति सदस्य सचिव एवं वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ दिलीप सिंह मेहता ने निर्देश जारी करते हुए सभी अभ्यर्थियों को सुबह 10:00 बजे पंजीकरण के लिए अनिवार्य रूप से रिपोर्ट करने को कहा है। परीक्षा में भाग लेने के लिए अभ्यर्थियों को अपने मूल प्रमाण पत्रों के साथ वोटर आईडी कार्ड, आधार कार्ड, शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र तथा जन्म प्रमाण पत्र की प्रतिलिपि सहित पहचान से संबंधित आवश्यक दस्तावेज साथ लाना अनिवार्य होगा, ताकि सत्यापन प्रक्रिया में किसी प्रकार की असुविधा न हो। समिति सदस्य सचिव एवं वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. दिलीप सिंह मेहता ने सभी अभ्यर्थियों से समय पर उपस्थित होकर निर्धारित प्रक्रिया का पालन करने की अपील की है।

### धर्मपुर में पशुमित्र भर्ती फिजिकल टेस्ट 9 को

**धर्मपुर।** मल्टी टास्क वर्कर पदों पर होने वाली भर्ती जिसे पशु मित्र के नाम से जाना जाएगा उसके लिए शारीरिक परीक्षण की अधिसूचना जारी कर दी गई है। यह सूचना उपनिदेशक पशुपालन प्रजनन मंडी जिला द्वारा जारी की गई है। यह भर्ती प्रक्रिया 17 जनवरी को समाचार पत्रों में प्रकाशित विज्ञापन की अगली कड़ी है। इसके तहत मंडी के विभिन्न उपमंडलीय पशु चिकित्सालयों में आवेदन वाले सभी पात्र अभ्यर्थियों को सूचित किया गया है कि चयन प्रक्रिया का पहला यानी शारीरिक परीक्षण निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आयोजित किया जाएगा। उपमंडलीय वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी व भर्ती कमेटी के सेक्रेटरी मेंबर डॉ. घनश्याम भूपल ने बताया कि धर्मपुर उपमंडल के अंतर्गत आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों का शारीरिक परीक्षण 9 फरवरी को सुबह साढ़े नौ बजे से आयोजित होगा। यह परीक्षण सरकारी कॉलेज ग्राउंड धर्मपुर में लिया जाएगा। इस दौरान धर्मपुर एसडीवीएच के अंतर्गत आने वाले पशु औषधालयों, जिसमें स्योह, मोरला, चोलथरा, सधोट, कून, घरवासड़ा, सकलाना, आदि शामिल हैं उनके आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को उपस्थित रहना अनिवार्य है।

**जिस** प्रकार राख से सना हाथ जैसे-जैसे दर्पण पर घिसा जाता है, वैसे-वैसे उसके प्रतिबिंब को साफ करता है, उसी प्रकार दुष्ट जैसे-जैसे सज्जन का अनादर करता है, वैसे-वैसे वह उसकी कांति को बढ़ाता है। **-वासवदत्ता**

## संपादकीय

# हिमाचल से कुठाराघात

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के बजट में हिमाचल प्रदेश के हितों की अनदेखी ने राजनीतिक गलियारों में जोरदार चर्चा पैदा कर दी है। कांग्रेस इसे प्रदेश हितों के साथ कुठाराघात मान रही है, जबकि भाजपा इस पर प्रतिक्रिया देती दिख रही है कि हिमाचल के साथ कोई अन्याय नहीं हुआ। वास्तविकता यह है कि बजट के फैसले का हिमाचल की अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक असर होगा और कई विकास कार्यों में बाधा आएगी। इस स्थिति में प्रदेश को अपनी राजनीतिक दलगत सीमाओं से ऊपर उठकर केंद्र के समक्ष एकजुट होकर हिमाचली हितों की मांग करनी होगी। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने स्पष्ट किया है कि वह भाजपा विधायकों के साथ दिल्ली तक जाने के लिए तैयार हैं। उनका मानना है कि यदि कांग्रेस और भाजपा के प्रतिनिधि मिलकर केंद्र पर दबाव डालें, तो मोदी सरकार हिमाचल की समस्या को गंभीरता से समझ सकती है और 16वें वित्त आयोग की ओर से बंद की गई ग्रांट को बहाल कर सकती है।

यह ग्रांट हिमाचल के लिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि राज्य की आय का एक बड़ा हिस्सा कर्मचारियों के वेतन और पेंशन में खर्च हो जाता है। लगभग एक-चौथाई से भी कम राशि सरकार के पास बचती है, जिससे राज्य को कामकाज चलाने के लिए लोन लेना पड़ता है। वर्तमान में हिमाचल का कर्ज एक लाख करोड़ रुपए के करीब पहुंच चुका है, और बिना राजस्व अनुदान के कर्ज का बोझ और बढ़ रहा है। प्रदेश में वित्तीय असंतुलन का असर विकास परियोजनाओं पर भी पड़ रहा है। कई योजनाएं लंबित हैं, क्योंकि राज्य सरकार के पास परियोजनाओं के लिए पर्याप्त वित्तीय संसाधन नहीं हैं। स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़कों, पर्यटन और जलविद्युत परियोजनाओं में देरी राज्य की सामाजिक और आर्थिक प्रगति को प्रभावित कर रही है। इसके साथ ही, स्थानीय व्यवसाय और रोजगार भी प्रभावित हो रहे हैं। अगर केंद्र हिमाचल की आर्थिक मांगों की अनदेखी करता रहा, तो यह राज्य की समग्र विकास दर और नागरिक कल्याण पर गंभीर प्रभाव डाल सकता है।

राजनीतिक परिप्रेक्ष्य से देखा जाए तो बजट में हिमाचल को अनदेखा करना केवल प्रदेश का आर्थिक नुकसान नहीं, बल्कि राजनीतिक दृष्टि से भी चुनौतीपूर्ण है। कांग्रेस ने इसे हिमाचली हितों के खिलाफ किया गया कार्य मानते हुए जोरदार विरोध किया है। भाजपा हालांकि इसे सामान्य बजटीय निर्णय बता रही है, लेकिन प्रदेश की वास्तविकताओं को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। राजनीतिक दृष्टि से भी यह समझना आवश्यक है कि हिमाचल के आर्थिक और सामाजिक हितों के प्रति उदासीनता का असर आगामी चुनावों और प्रदेश की राजनीति पर पड़ सकता है। नागरिक उम्मीद करते हैं कि उनके निर्वाचित प्रतिनिधि केंद्र और राज्य स्तर पर उनकी समस्याओं को प्राथमिकता देंगे। इसलिए दलगत राजनीति से ऊपर उठकर हिमाचल के लिए साझा रणनीति बनाना अनिवार्य है। यह केवल आर्थिक मुद्दा नहीं, बल्कि प्रदेश की सामाजिक-राजनीतिक स्थिरता और विकास की मांग भी है। यदि कांग्रेस और भाजपा मिलकर केंद्र पर दबाव डालते हैं, तो यह न केवल वित्तीय लाभ दिला सकता है, बल्कि प्रदेश में दलों के बीच सकारात्मक सहयोग का उदाहरण भी बनेगा।


इससे यह संदेश जाएगा कि हिमाचल की भलाई में सभी दलों की समान प्रतिबद्धता है। साथ ही, राज्य सरकार के पास अपने विकास कार्यों को बिना रुकावट के पूरा करने का अवसर मिलेगा। समग्र रूप से देखा जाए तो हिमाचल की वित्तीय स्थिति नाजुक है। बजट में घाटे और ग्रांट की कमी ने प्रदेश के विकास और कल्याण पर गंभीर प्रभाव डाला है। मुख्यमंत्री सुक्खू की पहल और राजनीतिक एकजुटता के प्रयास इस संकट से उबरने का मार्ग प्रशस्त कर सकते हैं।

प्रदेश और केंद्र के बीच संवाद, दबाव और सहयोग के माध्यम से हिमाचल के आर्थिक हितों की रक्षा संभव है। यह केवल एक राजनीतिक कदम नहीं, बल्कि हिमाचल की जनता के विकास और भविष्य की सुरक्षा का महत्वपूर्ण माध्यम है। हिमाचल के लिए राजस्व घाटा बहाली, विकास कार्यों की पूर्ति और कर्ज प्रबंधन आज समय की आवश्यकता है। राजनीतिक दलों का सहयोग और केंद्र के साथ एकजुटता ही इस पहाड़ी राज्य को आर्थिक स्थिरता, विकास और सामाजिक कल्याण दिला सकती है। ऐसे में सुक्खू और अन्य नेताओं की भूमिका महत्वपूर्ण बनती है, जो हिमाचल की समस्याओं को सामने रखकर समाधान की दिशा में काम कर रहे हैं। ■

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र — **आज की प्रमुख हस्ती**

## भारत रत्न सम्मानित महान स्वतंत्रता सेनानी

**खान** अब्दुल गफ्फार खान (6 फरवरी 1890-20 जनवरी 1988) भारत के स्वतंत्रता संग्राम के प्रमुख नेता थे, जिन्हें 'सरहदी गांधी', 'बाचा खान' और 'बादशाह खान' के नाम से जाना गया। वे पख्तूनों के अग्रणी नेता थे और महात्मा गांधी के अहिंसक सिद्धांतों के अनुयायी बने। 1929 में उन्होंने 'खुदाई खिदमतगार' संगठन की स्थापना की और लाल कुर्ती आंदोलन के माध्यम से पख्तूनों में राष्ट्रीय चेतना और अहिंसा का संदेश फैलाया। खान अब्दुल गफ्फार खान कई बार जेल गए, जहां उन्होंने हिंदू-मुस्लिम एकता के लिए गीता, कुरान और गुरु ग्रंथ की कक्षाएं आयोजित की। 1930 के दशक में वे गांधी के निकटस्थ सलाहकार बन गए और कांग्रेस का समर्थन करते हुए स्वतंत्रता आंदोलन में सक्रिय हुए। भारत का विभाजन होने पर उन्होंने पाकिस्तान में पख्तून अल्पसंख्यकों के अधिकारों और स्वायत्तता के लिए संघर्ष जारी रखा।



खान अब्दुल गफ्फार खान
जन्म : 6 फरवरी, 1890
मृत्यु : 20 जनवरी, 1988

उनका जीवन अहिंसा, समाजसेवा और राजनीतिक जागरूकता का प्रतीक था। 1987 में उन्हें भारत का सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न' से नवाजा गया। 20 जनवरी 1988 को उनकी मृत्यु हुई और उनकी अंतिम इच्छा के अनुसार उन्हें जलालाबाद, अफगानिस्तान में दफनाया गया। ■



कविता

## दिव्य शिल्पकार हैं विश्वकर्मा

भीम बसेड़ू राजपूत, महादेव (मंडी)
मोबाइल: 9816129019

**हैं** मुख्य देव शिल्पकार, मानते पूजते हैं जिन्हें भगवान,
माने जाते हैं जो ब्रह्मा के वंशज, लोक परलोक के विश्वकर्मा,
प्रथम वास्तुकार, शिल्पकार और अभियंता, निर्माण कला के देवता,
हैं आबाद करने वाली दैवी शक्ति,
सर पर अलौकिक छत देने वाले देवलोक,
ब्रह्मांड के शिल्पी, बनकर रह गए हैं जो स्वर्ग,
इंद्रप्रस्थ, लंका और द्वारिका के, अद्भुत रचनाकार,
जो हैं वजीर नगर नियोजन, करते हैं जो देवताओं के
महलों-रथों-दिव्य अस्त्र-शस्त्रों का भी निर्माण,
विश्वकर्मा की जो भी हैं पूजा-अर्चना करते,
मन वांछित फल हैं पाते,
धन्य हैं ऐसे देवलोक के वन मैन आर्मी, अकेले हैं जो संभालते,
बेशुमार भवन निर्माण सामग्री,
स्वयं को भाग्यशाली समझ रोजी रोटी कमाने वाले,
करते हैं अवसर विशेष पर, मशीन-गाड़ी-औजारों की पूजा,
है भव्य-दिव्य छत्रछाया, इसमें नहीं मिलता धोखा,
बारंबार भजो यह कर्मा-धर्मा, दिव्य शिल्पकार हैं विश्वकर्मा।

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# नशे का समाधान बन सकते हैं पुस्तकालय और खेल मैदान



धर्म चंद धीमान
गांव व डाकघर जैहमत
तहसील बलद्वाड़ा, जिला मंडी


समय-समय पर समाज में ऐसी अनेक समस्याएं जन्म लेती रहती हैं, जो सामाजिक ताने-बाने के लिए गंभीर चुनौती बन जाती हैं। कई बार ये समस्याएं इतना भयावह रूप धारण कर लेती हैं कि पूरे सामाजिक ढांचे की नींव तक हिल जाती है।

वर्तमान समय में समाज जिस सबसे गंभीर समस्या से जूझ रहा है, वह है नशे की बढ़ती प्रवृत्ति। यह समस्या केवल व्यक्ति विशेष तक सीमित नहीं है, बल्कि परिवार, समाज और राष्ट्र के भविष्य को भी खोखला कर रही है। एक समय था जब नशे को केवल शहरी जीवन की समस्या माना जाता था और उसका स्वरूप भी अपेक्षाकृत सीमित था, किंतु आज परिस्थितियां पूरी तरह बदल चुकी हैं। विकास के साथ-साथ अनेक सामाजिक कुरीतियां भी गांवों तक पहुंच गई हैं। आज ग्रामीण समाज, जो कभी शांत, सरल और श्रमप्रधान जीवन के लिए जाना जाता था, चिट्टा, स्मैक, अफीम, गांजा, शराब और नशीली गोलियों जैसे मादक पदार्थों की चपेट में आता जा रहा है।

पिछले कुछ वर्षों में यह स्पष्ट रूप से देखा गया है कि नशीले पदार्थों की आपूर्ति गांवों तक आसानी से पहुंच रही है। चिट्टा जैसे खतरनाक नशे, जिन्हें कभी महानगरों की समस्या माना जाता था, आज छोटे कस्बों और ग्रामीण क्षेत्रों में भी फैल चुके हैं। विभिन्न सामाजिक सर्वेक्षणों और समाचार रिपोर्टों के अनुसार भारत में नशे की शुरुआत करने वालों में बड़ी संख्या 15 से 30 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं की है। कुछ राज्यों में तो यह आंकड़ा 60-70 प्रतिशत तक बताया गया है, जहां युवाओं ने नशे की शुरुआत किशोरावस्था में ही कर दी।

ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोजगारी, शिक्षा के सीमित साधन, मनोरंजन की कमी और जागरूकता का अभाव युवाओं को नशे की ओर धकेलने वाले प्रमुख कारण हैं। जब युवा के पास समय तो होता है, लेकिन उसे सही दिशा देने वाले साधन उपलब्ध नहीं होते, तब वह गलत रास्तों की ओर आकर्षित हो जाता है। चिट्टा और स्मैक जैसे नशे शरीर और मस्तिष्क को बहुत तेजी से नुकसान पहुंचाते हैं। इनके सेवन से मानसिक संतुलन बिगड़ जाता है, याददाश्त कमजोर हो जाती है और अपराध प्रवृत्तियां बढ़ने लगती हैं। चोरी, हिंसा, पारिवारिक कलह और पढ़ाई व काम से विमुखता इसके सामान्य परिणाम हैं।

एक नशेड़ी केवल स्वयं ही नहीं गिरता, बल्कि अपने साथ पूरे परिवार और समाज को भी दुख और अस्थिरता में धकेल देता है। गांवों में यह समस्या और भी भयावह हो जाती है, क्योंकि सीमित संसाधनों के कारण उपचार और पुनर्वास की सुविधाएं आसानी से उपलब्ध नहीं होतीं। ऐसे समय में यदि नशे का स्थायी समाधान खोजा जाए, तो पुस्तकालय और खेल मैदान दो ऐसे सशक्त माध्यम हैं, जो युवाओं को नशे की दलदल से बाहर निकाल सकते हैं।



पुस्तकालय केवल पुस्तकों का संग्रह नहीं होते, बल्कि वे विचारों और चेतना के केंद्र होते हैं। एक अच्छा पुस्तकालय युवा के भीतर सोचने, समझने और सही-गलत में भेद करने की क्षमता विकसित करता है। गांव में पुस्तकालय की स्थापना से सकारात्मक वातावरण बनता है, पढ़ने की आदत विकसित होती है और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के अवसर मिलते हैं। प्रेरक साहित्य, महापुरुषों की जीवनियां और नैतिक मूल्यों से जुड़ी पुस्तकें युवाओं को सही दिशा प्रदान करती हैं। युवा अवस्था ऊर्जा और उत्साह से भरी होती है। यदि इस ऊर्जा को सही दिशा न मिले, तो वह विनाश का कारण बन सकती है।

खेल मैदान इस ऊर्जा को सकारात्मक रूप देने का सबसे प्रभावी साधन हैं। खेल से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य बेहतर होता है, अनुशासन और टीम भावना विकसित होती है तथा स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना जन्म लेती है। जो युवा नियमित रूप से खेलकूद से जुड़ा होता है, वह स्वाभाविक रूप से नशे से दूर रहता है, क्योंकि नशा उसकी फिटनेस, लक्ष्य और प्रदर्शन को नुकसान पहुंचाता है। नशा अज्ञानता, अकेलेपन और निराशा में पनपता है। पुस्तकालय ज्ञान देकर अज्ञानता को दूर करते हैं, जबकि खेल मैदान साथ, उत्साह और आत्मविश्वास देकर अकेलेपन व निराशा को समाप्त करते हैं। इस प्रकार ये दोनों नशे के सबसे बड़े शत्रु सिद्ध होते हैं।

यदि हर गांव में एक सुसज्जित पुस्तकालय, एक सुरक्षित खेल मैदान, पुस्तकालय प्रभारी और खेल प्रशिक्षक उपलब्ध हों, तो नशे की समस्या काफी हद तक नियंत्रित की जा सकती है। इसके लिए सरकार और पंचायतों को मिलकर ग्राम स्तर पर पुस्तकालय स्थापित करने चाहिए, खाली पड़ी सरकारी भूमि पर खेल मैदान विकसित करने चाहिए, नशे के दुष्परिणामों पर जागरूकता कार्यक्रम चलाने चाहिए और नशीले पदार्थों की तस्करी पर कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए।

नशा एक असामाजिक रोग है, जिसका इलाज केवल दंड से नहीं, बल्कि सही दिशा देने से संभव है। पुस्तकालय और खेल मैदान जैसे मजबूत आधार न केवल युवाओं को नशे से दूर रखते हैं, बल्कि एक स्वस्थ, शिक्षित और आत्मनिर्भर समाज की नींव भी रखते हैं। यदि आज हम अपने गांवों में ज्ञान और खेल की रोशनी फैला दें, तो कल नशे का अंधकार अपने आप छंट जाएगा।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

# हिमाचल के हक पर सच्चाई : वित्त आयोग के आंकड़े और राजनीतिक भ्रम



चेतन सिंह बरागटा
भाजपा नेता

हिमाचल प्रदेश को लेकर 16वें वित्त आयोग और राजस्व घाटा अनुदान (RDG) के नाम पर जिस तरह का राजनीतिक शोर मचाया जा रहा है, वह तथ्यों से ज्यादा भ्रम पर आधारित है। अगर भावनाओं को एक ओर रखकर केवल आधिकारिक आंकड़ों और वित्त आयोग की रिपोर्ट को देखा जाए, तो तस्वीर साफ है-हिमाचल को न तो नुकसान हुआ है और न ही उसके साथ कोई अन्याय।

सबसे पहले केंद्रीय करों के बंटवारे की बात करें। 15वें वित्त आयोग में हिमाचल प्रदेश की हिस्सेदारी 0.830 प्रतिशत थी, जो 16वें वित्त आयोग में बढ़कर 0.914 प्रतिशत हो गई है। यानी नई फार्मूला व्यवस्था में हिमाचल का हिस्सा घटा नहीं, बल्कि बढ़ा है। यह तथ्य अपने आप में उन तमाम दावों को खारिज करता है जिनमें कहा जा रहा कि राज्य को 'सजा' दी गई है। न केवल प्रतिशत हिस्सेदारी, बल्कि वास्तविक धनराशि के लिहाज से भी हिमाचल को लाभ हुआ है। 2025-26 के बजट अनुमानों के अनुसार, जहां पहले लगभग 11,561 करोड़ रुपए की राशि मिल रही थी, वहीं 16वें वित्त आयोग के तहत यह राशि बढ़कर लगभग 13,950 करोड़ हो जाती है। यानी करीब 2,388 करोड़ की शुद्ध वृद्धि। ऐसे में यह सवाल स्वाभाविक है कि जब हिस्सेदारी भी बढ़ी और पैसा भी बढ़ा, तो फिर संकट का नैरेटिव क्यों?

राजस्व घाटा अनुदान को लेकर भी आधा सच पेश किया जा रहा है। आरडीजी कोई स्थायी अधिकार नहीं, बल्कि एक अस्थायी और संक्रमणकालीन व्यवस्था थी। 15वें वित्त आयोग ने इसे कोविड जैसी असाधारण परिस्थिति में राज्यों को संभालने के लिए फ्रंट-लोडेड ब्रिज' के रूप में दिया था, ताकि 2025-26 तक अधिकांश राज्यों का राजस्व घाटा समाप्त हो सके। 16वें वित्त आयोग ने यह पाया कि कई राज्यों ने इस अवधि का उपयोग राजस्व बढ़ाने या खर्च सुधारने में नहीं किया, जिससे आरडीजी एक सुधारक उपाय की बजाय स्थायी सहारे जैसा बन गया। इसी कारण आयोग ने नियमित आरडीजी को आगे जारी न रखने का फैसला किया।



यह फैसला किसी राज्य विशेष या राजनीतिक दल के खिलाफ नहीं है। 16वें वित्त आयोग के नए फार्मूले से कई विपक्ष-शासित राज्यों को भी लाभ हुआ है। जनसंख्या, जनसांख्यिकीय प्रदर्शन और GDP में योगदान जैसे मानकों को महत्व देने का असर सभी राज्यों पर अलग-अलग पड़ा है। इसे पक्षपात कहना वित्त आयोग जैसी संवैधानिक संस्था की प्रक्रिया को न समझने या जानबूझकर अनदेखा करने जैसा है।

हिमाचल प्रदेश की मौजूदा वित्तीय चुनौती किसी दूसरे राज्य के अधिकारों को कथित रूप से कम करने से नहीं, बल्कि अपनी आंतरिक आर्थिक संरचना की कमजोरियों से जुड़ी हुई है। राज्य में कर-संग्रह की दर अपेक्षाकृत कम है, जबकि राजस्व व्यय लगातार बढ़ता गया है। इसके साथ ही सार्वजनिक कर्ज में वृद्धि और सीमित पूंजीगत निवेश ने दीर्घकालिक विकास की संभावनाओं को और संकुचित किया है। ये सभी संकेतक मिलकर एक ऐसी तस्वीर पेश करते हैं, जो तात्कालिक राहत से अधिक गहरे और टिकाऊ समाधान की मांग करती है।

इन्हीं तथ्यों और आंकड़ों के आधार पर 16वें वित्त आयोग ने यह स्पष्ट निष्कर्ष निकाला कि स्थायी समाधान अतिरिक्त अनुदानों में नहीं, बल्कि वित्तीय अनुशासन, बेहतर संसाधन प्रबंधन और संरचनात्मक सुधारों में निहित है। आयोग के आंकड़े यह भी दर्शाते हैं कि हिमाचल को उसके संवैधानिक अधिकार के अनुरूप संसाधन प्राप्त हुए हैं-और कई मामलों में पहले से बेहतर स्थिति बनी है।

आज आवश्यकता इस बात की है कि डर, भ्रम और राजनीतिक बयानबाजी से ऊपर उठकर तथ्यों को ईमानदारी से स्वीकार किया जाए। असली बहस इस पर केंद्रित होनी चाहिए कि उपलब्ध संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग कैसे किया जाए, ताकि हिमाचल का आर्थिक भविष्य अधिक मजबूत, संतुलित और आत्मनिर्भर बन सके।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

# यूजीसी कानून और आरक्षण : सामाजिक न्याय बनाम सामाजिक विभाजन



सुखदेव सिंह
स्वतंत्र लेखक, नूरपुर
जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

शिक्षण संस्थानों में छात्रों के साथ होने वाली जाति-आधारित अनहोनी घटनाओं पर रोक लगाने के उद्देश्य से ही यूजीसी कानून बनाया गया है। यह कानून किसी विशेष जाति को दोषी ठहराने के लिए नहीं, बल्कि भेदभाव की प्रवृत्ति को रोकने के लिए लाया गया है।

इस कानून के अंतर्गत कहीं भी यह नहीं कहा गया कि स्वर्ण जातियों के छात्र अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति या ओबीसी छात्रों के साथ दुर्व्यवहार करते हैं। भेदभाव केवल जाति के आधार पर ही नहीं होता, बल्कि रंग, नस्ल, भाषा, क्षेत्र, धर्म और सामाजिक पहचान के नाम पर भी नफरत फैलाई जाती है। आज के समय में लगभग सभी जातियां किसी न किसी रूप में भेदभाव का शिकार हो रही हैं। यह भी सत्य है कि ब्राह्मण, राजपूत जैसी स्वर्ण जातियों को कई बार अपमानजनक नामों से संबोधित किया जाता है, जो किसी भी रूप में उचित नहीं है, किंतु यूजीसी कानून को लेकर स्वर्ण समाज के कुछ वर्गों द्वारा यह कहना कि इससे उनके बच्चों का भविष्य खतरे में पड़ गया है, समाज में अनावश्यक भय और भ्रम फैलाने का कार्य करता है। इससे सामाजिक एकता कमजोर होती है।

सर्वोच्च न्यायालय द्वारा यूजीसी कानून पर मार्च महीने तक रोक लगाए जाने के बाद बहुजन समाज के कुछ वर्गों ने इस फैसले पर आपत्ति जताई है। वहीं स्वर्ण समाज ने इस निर्णय का स्वागत किया। परिणामस्वरूप सोशल मीडिया पर स्वर्ण, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और ओबीसी समुदायों के बीच विरोधाभास की ज्वाला भड़क उठी है। बहुजन समाज इसे अपने अधिकारों पर हमला मान रहा है, जबकि स्वर्ण समाज इसे राहत के रूप में देख रहा है। कुल मिलाकर समाज में टकराव की स्थिति बनती जा रही है। इस विवाद के बीच यह तथ्य भी महत्वपूर्ण है कि यूजीसी कानून में पहले अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति को शामिल किया गया था, लेकिन बाद में ओबीसी वर्ग को भी इसमें जोड़ा गया। इससे बहुजन समाज का दायरा और व्यापक हो गया, जिसने स्वर्ण समाज की चिंता को और बढ़ाया। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा स्वर्ण समाज की याचिका पर त्वरित कार्रवाई करते हुए रोक लगाए जाने को लेकर भी कई सवाल उठाए जा रहे हैं। इसी संदर्भ में यह मांग फिर से तेज हो गई है कि देश में आरक्षण जाति के बजाय आर्थिक आधार पर लागू किया जाना चाहिए, किंतु जातिवाद समाप्त किए बिना सामाजिक समानता की कल्पना करना कठिन है।




आज सरकारी विभागों में स्थायी रोजगार के अवसर लगातार घटते जा रहे हैं। सरकारें राजस्व बचाने के नाम पर भर्तियां पीटीए, अनुबंध, आउटसोर्सिंग, वन मित्र, रोगी मित्र, पशु मित्र और आपदा मित्र जैसी अस्थायी व्यवस्थाओं के माध्यम से कर रही हैं। ऐसे में यह प्रश्न स्वाभाविक है कि आरक्षण का वास्तविक लाभ आखिर किसे मिल रहा है। क्रीमी लेयर की प्रभावी व्यवस्था न होने के कारण आरक्षण का लाभ सीमित परिवारों तक सिमट गया है, जबकि वास्तविक पात्र आज भी अपने अधिकारों से वंचित हैं।

यह एक ऐतिहासिक सच्चाई है कि सदियों तक सामाजिक वर्चस्व कुछ समुदायों के हाथ में रहा। संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर द्वारा लागू किए गए आरक्षण को आज, 77 वर्षों बाद, चुनौती दी जा रही है। स्वर्ण समाज की पीड़ा को पूरी तरह नकारा नहीं जा सकता, लेकिन अनुसूचित जाति और जनजाति समुदायों पर हुए ऐतिहासिक अत्याचारों-मंदिर प्रवेश से रोक, शिक्षा से वंचित करना और अमानवीय व्यवहार को भी भुलाया नहीं जा सकता।

दुर्भाग्यवश 21वीं सदी में भी योग्यता से अधिक जाति को महत्व दिया जा रहा है। यूजीसी कानून का विरोध और समर्थन समाज को दो ध्रुवों में बांट रहा है। केंद्र सरकार के लिए यह कानून एक कठिन परीक्षा बन गया है। आवश्यकता है संवाद, संतुलन और संवैधानिक समाधान की, ताकि सामाजिक तनाव कम हो और लोकतंत्र मजबूत बने।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

# सिविल सेवा परीक्षा और हिंदी माध्यम : समान अवसर का अधूरा वादा



विशाल कल्याण
सहायक प्रोफेसर, महाराजा
अग्रसेन यूनिवर्सिटी, मोबाइल
9418233028/8221050880

भारत में सिविल सेवा परीक्षा केवल एक प्रतियोगी परीक्षा नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक शासन की रीढ़ मानी जाती है। इसके माध्यम से देश के विभिन्न सामाजिक, भाषाई और क्षेत्रीय वर्गों को प्रशासन में प्रतिनिधित्व मिलता है, किंतु हाल के वर्षों में एक गंभीर प्रवृत्ति सामने आई है-हिंदी माध्यम से सिविल सेवा में चयनित होने वाले उम्मीदवारों की संख्या लगातार घट रही है। यह केवल शैक्षणिक असंतुलन नहीं, बल्कि समान अवसर, सामाजिक न्याय और भाषाई समावेशन जैसे संवैधानिक मूल्यों से जुड़ा प्रश्न है।

अक्सर यह धारणा बना दी जाती है कि हिंदी माध्यम के छात्र कम योग्य या कम विश्लेषणात्मक होते हैं। यह सोच न केवल तथ्यहीन है, बल्कि अन्यायपूर्ण भी है। वास्तविक समस्या छात्रों की क्षमता में नहीं, बल्कि सिविल सेवा परीक्षा की उस संरचना में है, जो व्यवहारिक रूप से अंग्रेजी के पक्ष में झुकी हुई है। यद्यपि संघ लोक सेवा आयोग हिंदी और अंग्रेजी दोनों माध्यमों में उत्तर लिखने की अनुमति देता है, लेकिन प्रश्न निर्माण से लेकर मूल्यांकन तक की प्रक्रिया अब भी अंग्रेजी-केंद्रित है। अधिकांश प्रश्नपत्र पहले अंग्रेजी में तैयार किए जाते हैं और बाद में उनका हिंदी अनुवाद किया जाता है। इस प्रक्रिया में कई बार अवधारणात्मक स्पष्टता प्रभावित होती है। प्रशासनिक, दार्शनिक और तकनीकी शब्दों के सटीक और प्रचलित हिंदी विकल्पों का अभाव हिंदी माध्यम के छात्रों को प्रश्न की मूल मांग समझने में उलझा देता है, जबकि अंग्रेजी माध्यम के छात्रों को वही प्रश्न अधिक सहज लगते हैं।मूल्यांकन प्रणाली भी इस असमानता को बढ़ाती है। परीक्षक प्राय: अंग्रेजी शैक्षणिक पृष्ठभूमि से आते हैं और अनजाने में अंग्रेजी उत्तरों को अधिक परिष्कृत और तार्किक मान लेते हैं। हिंदी उत्तर, चाहे उनमें विचार की गहराई हो, फिर भी अपेक्षाकृत कम अंक प्राप्त करते हैं।




यह स्थिति हिंदी माध्यम के छात्रों के मनोबल को कमजोर करती है। इस समस्या की जड़ें उच्च शिक्षा व्यवस्था में भी हैं। भारत के अधिकांश प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय, शोध संस्थान और अकादमिक संसाधन अंग्रेजी माध्यम तक सीमित हैं। हिंदी में गुणवत्तापूर्ण पाठ्यपुस्तकों, शोध सामग्री और संदर्भ ग्रंथों की भारी कमी है। परिणामस्वरूप हिंदी माध्यम के छात्र दर्शन, अर्थव्यवस्था, अंतरराष्ट्रीय संबंध और नैतिकता जैसे विषयों के लिए अंग्रेजी स्त्रोतों पर निर्भर हो जाते हैं, जिससे उनकी तैयारी असंतुलित रह जाती है। कोचिंग संस्थानों में भी यही असमानता दिखाई देती है। हिंदी माध्यम के लिए उपलब्ध अध्ययन सामग्री प्राय: केवल अनुवाद तक सीमित रहती है, जिसमें विश्लेषणात्मक गहराई का अभाव होता है। इससे हिंदी माध्यम के छात्रों में हीनभावना उत्पन्न होती है और उनका प्रदर्शन प्रभावित होता है। आज की सिविल सेवा परीक्षा तथ्यों की नहीं, बल्कि विश्लेषण, प्रस्तुतीकरण और दृष्टिकोण की परीक्षा है, जबकि करंट अफेयर्स, सरकारी रिपोर्टें और अंतरराष्ट्रीय सूचकांक अधिकांशत: अंग्रेजी में ही उपलब्ध हैं। साक्षात्कार चरण में भी हिंदी माध्यम के उम्मीदवारों को अभिव्यक्ति की अतिरिक्त कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। विरोधाभास यह है कि संविधान हिंदी को राजभाषा का दर्जा देता है, लेकिन शासन-प्रशासन में अंग्रेजी का वर्चस्व बना हुआ है। जब प्रशासन हिंदी को व्यवहारिक भाषा के रूप में नहीं अपनाता, तो परीक्षा में भाषाई समानता औपचारिकता बन जाती है। समाधान ठोस सुधारों में है-समान स्तर के प्रश्नपत्र, प्रशिक्षित परीक्षक और गुणवत्तापूर्ण हिंदी अध्ययन सामग्री।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# स्कूलों में मोबाइल फोन पर राज्यव्यापी प्रतिबंध : सीएम

## एक मार्च से पूरे प्रदेश में होगा लागू, छात्रों के भविष्य को मजबूत करने की दिशा में सरकार का बड़ा फैसला

अनंत ज्ञान

**अरुण डोगरा रीतू, बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश सरकार ने शिक्षा व्यवस्था को अधिक अनुशासित, केंद्रित व गुणवत्तापूर्ण बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाया है।

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने प्रदेश के सभी सरकारी व निजी स्कूलों में छात्रों द्वारा मोबाइल फोन लाने और उपयोग करने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की घोषणा की है। यह निर्णय 1 मार्च 2026 से पूरे प्रदेश में लागू होगा। सरकार का मानना है कि स्कूलों में मोबाइल फोन का बढ़ता उपयोग विद्यार्थियों का ध्यान पढ़ाई से भटका रहा है और उनके सामाजिक, मानसिक व नैतिक विकास पर नकारात्मक प्रभाव डाल रहा है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि यह फैसला छात्रों के हित में, उनकी एकाग्रता बढ़ाने और शिक्षा के मूल उद्देश्य को सशक्त करने के लिए लिया गया है। नए प्रावधानों के तहत अब कोई भी छात्र विद्यालय परिसर में मोबाइल फोन लेकर नहीं आ सकेगा यदि कोई छात्र मोबाइल फोन के साथ पकड़ा जाता है तो उस पर 500 रुपए का जुर्माना, मोबाइल फोन की जब्ती, तथा अभिभावकों की अनिवार्य काउंसलिंग की जाएगी। बार-बार नियमों के उल्लंघन की स्थिति में सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए शिक्षा विभाग को मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह देखा गया है कि लंच ब्रेक और स्कूल समय के दौरान मोबाइल फोन का अत्यधिक उपयोग विद्यार्थियों को न केवल पढ़ाई से दूर करता है, बल्कि उनके आपसी संवाद और व्यक्तित्व विकास में भी बाधा बनता है। उन्होंने कहा कि वे स्वयं सरकारी स्कूल से पढ़े हैं और शिक्षा की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। शिक्षाविदों व अभिभावकों ने सरकार के इस निर्णय का स्वागत करते हुए इसे समय की आवश्यकता बताया है।



शिलान्यास व उद्घाटन करते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू। अनंत ज्ञान

उनका कहना है कि मोबाइल फोन से दूर रहकर छात्र पढ़ाई, खेलकूद और रचनात्मक गतिविधियों में अधिक सक्रिय हो सकेंगे। राज्य सरकार का यह फैसला आने वाले समय में अनुशासनयुक्त शैक्षणिक वातावरण, बेहतर शैक्षणिक परिणाम और विद्यार्थियों के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

### मुख्यमंत्री सुक्खू ने 'पढ़ाई विद एआई' ऐप का किया शुभारंभ

**बरठीं।** मुख्यमंत्री सुक्खू ने बरठीं में जिला प्रशासन बिलासपुर की अभिनव पहल 'पढ़ाई विद एआई' ऐप का शुभारंभ किया। यह एआई आधारित डिजिटल शिक्षण प्लेटफॉर्म जिला बिलासपुर के उन विद्यार्थियों के लिए शुरू किया गया है, जो विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा सामाजिक परिवर्तन का सबसे सशक्त माध्यम है और राज्य सरकार तकनीक के माध्यम से विद्यार्थियों को समान अवसर उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। उन्होंने जिला प्रशासन की इस पहल को विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक दूरदर्शी कदम बताया। इस ऐप के माध्यम से प्रत्येक सप्ताह विषयवार ऑनलाइन कक्षाएं आयोजित की जाएंगी। विद्यार्थी किसी भी समय अपने प्रश्न पूछ सकेंगे, जिनके उत्तर 60 हजार से अधिक अनुभवी शिक्षकों के सहयोग से उपलब्ध कराए जाएंगे। साथ ही निरंतर अकादमिक काउंसलिंग की सुविधा भी प्रदान की जाएगी। यह पहल प्रारंभिक चरण में बिलासपुर जिले में लागू की जा रही है। मुख्यमंत्री ने इस नवाचार के लिए उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार की सराहना की और कहा कि यह मॉडल अन्य जिलों के लिए भी प्रेरणास्रोत बनेगा। उपायुक्त राहुल कुमार ने बताया कि यह पहल एनटीपीसी के सहयोग से साकार की गई है। इस अवसर पर तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं एनटीपीसी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### सीएम ने श्री राधाकृष्ण मंदिर कोटला कलां के धार्मिक उत्सव में लिया भाग

# गीता के कर्मयोग की भावना से जनसेवा में जुटी है सरकार

अनंत ज्ञान

**ऊना।** मुख्यमंत्री सुक्खू ने ऊना के कोटला कलां स्थित श्री राधाकृष्ण मंदिर समिति द्वारा आयोजित वार्षिक धार्मिक महासम्मेलन में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना कर माथा टेका तथा राष्ट्रीय संत बाबा बाल जी महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रीमद्भागवत गीता में कर्म करने और फल की चिंता न करने का जो संदेश दिया गया है, उसी कर्मयोग की भावना से प्रदेश सरकार जनकल्याण के कार्यों में निरंतर जुटी हुई है। राज्य सरकार महिलाओं, आमजन और गरीब वर्ग के कल्याण के लिए संवेदनशील, समावेशी और मानवीय दृष्टिकोण के साथ योजनाओं को लागू कर रही है। मुख्यमंत्री सुख-आश्रय योजना के अंतर्गत प्रदेश सरकार निराश्रित बच्चों के लिए माता-पिता की भूमिका निभा रही है। हिमाचल प्रदेश देश का पहला राज्य है, जिसने प्रदेश के 6,000 निराश्रित बच्चों को 'चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट' का कानूनी दर्जा प्रदान किया है। निराश्रित बच्चों की 27 वर्ष की आयु तक शिक्षा, स्वास्थ्य व समग्र देखभाल की जिम्मेदारी राज्य सरकार उठा रही है। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत प्रत्येक बच्चे को 4,000 रुपए मासिक पॉकेट मनी दी जा रही है, जबकि शिक्षा, आवास और स्वास्थ्य सहित सभी आवश्यकताओं का प्रबंध सरकार द्वारा किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि कोई भी विद्यार्थी केवल आर्थिक अभाव के कारण उच्च शिक्षा से वंचित न रहे।



सीएम संत बाबा बाल जी महाराज से आशीर्वाद लेते हुए। अनंत ज्ञान

इसी उद्देश्य से डॉ. यशवंत सिंह परमार विद्यार्थी ऋण योजना शुरू की गई है, जिसके तहत 20 लाख रुपए तक का शिक्षा ऋण मात्र एक प्रतिशत ब्याज दर पर उपलब्ध करवाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वे दूसरी बार श्री राधाकृष्ण मंदिर आए हैं और यहां से उन्हें सदैव आध्यात्मिक ऊर्जा और आशीर्वाद प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि हिमाचल के हक-हकूक की लड़ाई वे जनता के सहयोग और भगवान के आशीर्वाद से निरंतर लड़ते रहेंगे। इस अवसर पर बाबा बाल जी महाराज ने मुख्यमंत्री को शुभाशीर्वाद देते हुए कहा कि भगवान की कृपा से मुख्यमंत्री पूरे हिमाचल का भला कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री का परिवार धार्मिक संस्कारों से युक्त है और वे प्रदेश की जनता के लिए निष्ठा और समर्पण भाव से कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में आई आपदा के समय मंदिर समिति की ओर से मुख्यमंत्री राहत कोष में 5 लाख रुपए का योगदान भी दिया गया था। इस अवसर पर विधायक राकेश कालिया, विवेक शर्मा, सुदर्शन सिंह बबलू, पूर्व विधायक ऊना सतपाल सिंह रायजादा, राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष कुलदीप कुमार, महाधिवक्ता अनूप रत्न, जिला कांग्रेस अध्यक्ष देशराज गौतम, एससी आयोग के सदस्य अधिवक्ता विजय डोगरा, उपायुक्त जतिन लाल, पुलिस अधीक्षक अमित यादव सहित अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

## साढ़े तीन साल में एक भी प्राथमिक सड़क नहीं बना पाई सरकार : बलबीर

अनंत ज्ञान

**अंब।** चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक बलबीर सिंह ने भाजपा कार्यालय अंब में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान प्रदेश सरकार और मुख्यमंत्री पर तीखा हमला बोला।

उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार के साढ़े तीन साल के कार्यकाल में यह बताना मुश्किल है कि कोई एक भी ऐसी सड़क कौन-सी है जिसे सरकार की प्राथमिकता में शामिल किया गया हो, जिसकी डीपीआर तैयार हुई हो और जिस पर कार्य के लिए धनराशि स्वीकृत हुई हो। पूर्व विधायक ने कहा कि पेयजल योजनाओं की स्थिति भी इससे अलग नहीं है। उन्होंने मुख्यमंत्री के दौरों को लेकर लोगों से धन उगाही के आरोप लगाते हुए कहा कि पहले स्थानीय लोगों से और अब बैंकों से भी मुख्यमंत्री के कार्यक्रमों के लिए पैसे मांगे जा रहे हैं, जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। बलबीर सिंह ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का उल्लेख करते हुए बताया कि इसके तीसरे चरण में चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र को चार सड़कें मिली थीं, जिनकी कुल लागत लगभग 32 करोड़ रुपए थी। इनमें अंब चौक से ल्यूमिनस तक सड़क व पुल, टकारला से बड़ुही पुल तक, चुररू से भैरा तक तथा नंदग्राम से भिंडला तक सड़क शामिल हैं। इनमें से तीन सड़कें पूरी हो चुकी हैं, जबकि चौथी पर कार्य प्रगति पर है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार की योजनाओं से बनी सड़कों के उद्घाटन के दौरान न तो स्थानीय सांसद, न ही क्षेत्र के विधायक राकेश कलिया और न ही वर्तमान एससी कमीशन के चेयरमैन कुलदीप धीमान का नाम शिलापट्ट पर अंकित किया गया, जो सरकारी गाइडलाइन का उल्लंघन और पक्षपात को दर्शाता है। पूर्व विधायक ने मुख्यमंत्री पर केंद्र से मिले धन पर योजनाओं का उद्घाटन करने और साथ ही केंद्र सरकार की आलोचना करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भरता और व्यवस्था परिवर्तन के दावे खोखले साबित हो रहे हैं।

# उपमुख्यमंत्री ने दिलवां में शिव रुद्रा पेट्रोल पंप का किया उद्घाटन

## बोले- सेवा, सहयोग और समन्वय से ही क्षेत्रीय विकास को मिलती है गति

अनंत ज्ञान

**ऊना।** उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने वीरवार को अंब उपमंडल के दिलवां में इंडियन ऑयल के सौजन्य से नवस्थापित शिव रुद्रा पेट्रोल पंप का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने पेट्रोल पंप के प्रबंधक प्रवीन शर्मा एवं उनके परिवार को शुभकामनाएं देते हुए इसे क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण सुविधा बताया।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि प्रवीन शर्मा मूलतः समाजसेवी एवं आध्यात्मिक प्रवृत्ति के व्यक्ति हैं। उनके प्रयासों से क्षेत्रवासियों को एक आवश्यक सुविधा उपलब्ध हुई है। उन्होंने सहकारिता एवं सामाजिक क्षेत्र में उनके योगदान की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन और विकास को गति देते हैं। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि माता श्री चिंतपूर्णी से पूरे प्रदेश की गहरी आस्था जुड़ी हुई है। श्रद्धालुओं की सुविधाओं और इस प्रमुख आस्था केंद्र के समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए मंदिर के भव्य भवन निर्माण, परिसर के सौंदर्यीकरण तथा आधारभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए पहले चरण में लगभग 130 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। उन्होंने बताया कि इसमें 75 करोड़ रुपए प्रदेश सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए हैं, जबकि शेष राशि स्वदेश दर्शन योजना के माध्यम से प्राप्त हुई है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि जब देश में महाकाल, वैष्णो देवी और वृंदावन जैसे धार्मिक स्थलों का भव्य विकास संभव है, तो माता श्री चिंतपूर्णी मंदिर के विकास में देरी का कोई औचित्य नहीं है। उन्होंने स्थानीय विधायक सुदर्शन बबलू से आग्रह किया कि माता रानी के आशीर्वाद से स्वीकृत राशि का समयबद्ध एवं पूर्ण उपयोग सुनिश्चित करते हुए सभी हितधारकों के साथ समन्वय बनाकर विकास कार्यों को गति दी जाए। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि श्री चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र में सिंचाई एवं पेयजल योजनाओं पर लगभग सवा सौ करोड़ रुपए व्यय किए जा रहे हैं। उन्होंने दोहराया कि विकास कार्यों के लिए धन की कोई कमी नहीं है। स्थानीय विधायक की मांग पर क्षेत्र में विभिन्न जलापूर्ति योजनाओं के मरम्मत कार्यों के लिए एक करोड़ रुपये प्रदान करने की भी घोषणा की गई। उन्होंने कहा कि ऊना जिले में 'हर घर, हर खेत पानी' के लक्ष्य को मिशन मोड में प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाया जा रहा है। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि श्री चिंतपूर्णी मंदिर एवं आसपास की 16 पंचायतों की पेयजल समस्या के स्थायी समाधान के लिए 13 करोड़ रुपए की योजना पूर्ण हो चुकी है, जिससे क्षेत्र में जल संकट समाप्त होगा।



उपमुख्यमंत्री पेट्रोल पंप का उद्घाटन करते हुए। अनंत ज्ञान

**◆ श्री चिंतपूर्णी मंदिर विकास के लिए प्रथम चरण में 130 करोड़ रुपए उपलब्ध**

विधायक सुदर्शन बबलू ने प्रवीन शर्मा के उद्यमी, सामाजिक एवं आध्यात्मिक योगदान की सराहना की। उन्होंने ऊना के सुप्रसिद्ध सदाशिव मंदिर समिति के अध्यक्ष तथा उत्तर भारत के प्रसिद्ध बाबा डेरा रुद्रानंद के निकट सहयोगी के रूप में उनके योगदान को भी उल्लेखनीय बताया।

## केंद्रीय परियोजनाओं पर भूमि कर से अब सांसद का भी माथा ठनका : सांख्यान

अनंत ज्ञान

**बिलासपुर।** प्रदेश कांग्रेस के पूर्व मीडिया को-ऑर्डिनेटर संदीप सांख्यान ने कहा कि रेवन्यू डेफिसिट ग्रांट बंद करने को लेकर भाजपा के सांसदों, विधायकों और नेताओं द्वारा दिए जा रहे तर्कों से अब यह साफ हो गया है कि कहीं न कहीं अनुराग ठाकुर भी मान चुके हैं कि हिमाचल के साथ अन्याय हुआ है। तभी तो हमीरपुर के सांसद यह कह रहे हैं कि मुख्यमंत्री और मंत्री उनके साथ चलें, ताकि केंद्रीय वित्त मंत्री से मिलकर हिमाचल पर लगाई गई ब्याज दरों को कम करवाया जा सके।



16वें वित्त आयोग के तहत भारतीय संविधान के अनुच्छेद 275(1) के अनुसार मिलने वाली रेवन्यू डेफिसिट ग्रांट को बंद किया जाना प्रदेश के साथ सीधा अन्याय है, जिन बातों को प्रदेश कांग्रेस पिछले तीन वर्षों से उठा रही थी, वहीं बातें आज अनुराग ठाकुर कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब प्रदेश सरकार ने केंद्र सरकार को यह स्पष्ट संदेश दिया कि हिमाचल में बनी केंद्रीय परियोजनाओं पर भूमि कर लगाया जाएगा, क्योंकि वन, नदियां और खड्डें हिमाचल की हैं, तभी भाजपा सांसदों का माथा ठनका। अनुराग से सवाल किया कि जब प्रदेश सरकार और कांग्रेस नेता बार-बार प्रदेश हित में चार लोकसभा और तीन राज्यसभा सांसदों से केंद्र सरकार से बात करने का आग्रह कर रहे थे, तब उनके कानों में जूं तक नहीं रेंगी। उन्होंने कहा कि यदि भाजपा के सभी सांसद पहले ही हिमाचल की जनता के हित में केंद्र सरकार के समक्ष बात रखते, तो आज प्रदेश इस संकट का सामना नहीं कर रहा होता और न ही सांसदों को यह कहना पड़ता कि प्रदेश सरकार उनके साथ केंद्रीय वित्त मंत्री से मिले। केंद्रीय बजट से अनुराग और केंद्र सरकार की राजनीति पूरी तरह एक्सपोज हो चुकी है।

# राष्ट्रीय हैंडबॉल प्रतियोगिता में हिमाचल बना चैंपियन

अनंत ज्ञान

**घुमारवीं, बिलासपुर।** घुमारवीं में आयोजित 69वीं राष्ट्रीय अंडर-19 बालिका हैंडबॉल प्रतियोगिता का समापन बड़े उत्साह और खेल भावना के साथ संपन्न हुआ।

प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में हिमाचल प्रदेश की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए राजस्थान को 31-20 के बड़े अंतर से पराजित कर खिताब अपने नाम किया। पूरे टूर्नामेंट में हिमाचल की टीम ने अनुशासित खेल, बेहतरीन तालमेल और आक्रामक रणनीति का परिचय दिया। फाइनल मुकाबला वीरवार को खेला गया। इसमें दोनों टीमों के बीच कड़ा संघर्ष देखने को मिला। हालांकि, शुरुआत से ही हिमाचल की टीम ने बढ़त बना ली व मैच के अंत तक राजस्थान को वापसी का कोई मौका नहीं दिया। दर्शकों से खचाखच भरे खेल मैदान में हिमाचल की जीत पर जोरदार तालियां गूंजीं। वहीं, तीसरे स्थान के लिए खेले गए मुकाबले में हरियाणा ने पंजाब को 25-18 से हराकर कांस्य पदक हासिल किया। दोनों टीमों के बीच मुकाबला रोमांचक रहा, लेकिन हरियाणा की टीम ने बेहतर रणनीति व फिटनेस के दम पर जीत दर्ज की। प्रतियोगिता के समापन समारोह में हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुक्खू ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। मुख्यमंत्री ने विजेता व उपविजेता टीमों को ट्रॉफी एवं पुरस्कार प्रदान कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि खेल युवाओं के सर्वांगीण विकास का माध्यम हैं और प्रदेश सरकार खेलों को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयासरत है।



हैंडबॉल प्रतियोगिता के समापन पर सीएम सुक्खू। अनंत ज्ञान

उन्होंने खिलाड़ियों को भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हिमाचल की बेटियां राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का नाम रोशन कर रही हैं। समारोह में शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर, तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी सहित कई वरिष्ठ नेता, खेल अधिकारी, प्रशिक्षक और बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित रहे। अतिथियों ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए आयोजकों और जिला प्रशासन की सराहना की।

कई दिनों तक चली इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देशभर की प्रतिभाशाली अंडर-19 बालिका हैंडबॉल टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के दौरान खेल मैदान में अनुशासन, खेल भावना और उत्साह का माहौल बना रहा। स्थानीय लोगों ने भी खिलाड़ियों का भरपूर समर्थन किया, जिससे घुमारवीं क्षेत्र में खेल उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। इस उपलब्धि के साथ हिमाचल प्रदेश ने एक बार फिर राष्ट्रीय खेल मंच पर अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है।

## जौडबड़-बरेट सड़क की हालत खस्ता हादसों का शिकार हो रहे ग्रामीण

अनंत ज्ञान

**चिंतपूर्णी।** चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले जोड़बड़ से बरेट सड़क मार्ग की हालत इन दिनों बद से बदतर हो चुकी है। लंबे समय से रखरखाव के अभाव में यह सड़क अब अपने जीर्णोद्धार के लिए तरस रही है। सड़क पर जगह-जगह गहरे गड्ढे होने के कारण ग्रामीणों और राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क की खस्ता हालत का सबसे ज्यादा खामियाजा दोपहिया वाहन चालकों को भुगतना पड़ रहा है। स्थानीय निवासियों मनोज कुमार, विशाल सिंह, नितेश कुमार, विधि सिंह और केसर सिंह ने बताया कि सड़क पर पड़े गड्ढों के कारण आए दिन वाहन अनियंत्रित हो रहे हैं। हाल ही में कई दोपहिया वाहन चालक गिरकर चोटिल भी हो चुके हैं। ग्रामीणों का कहना है



कि रात के समय इस मार्ग पर सफर करना किसी खतरे से कम नहीं है। इस संबंध में लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के एसडीओ नीरज ठाकुर ने बताया कि मीडिया के माध्यम से यह मामला उनके संज्ञान में आया है। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए कहा कि सड़क की स्थिति का जायजा लेकर जल्द ही इसकी मरम्मत का कार्य शुरू करवा दिया जाएगा, ताकि जनता को राहत मिल सके।

# बिलासपुर अस्पताल में स्वास्थ्य व्यवस्था बे-पटरी

## तीन दिनों से एक्स-रे मशीन खराब, मरीज निजी क्लीनिकों में लुटने को मजबूर

अनंत ज्ञान

**बिलासपुर।** जिला मुख्यालय स्थित क्षेत्रीय अस्पताल बिलासपुर में स्वास्थ्य सुविधाओं की पोल एक बार फिर खुलकर सामने आ गई है। अस्पताल की एक्स-रे मशीन पिछले तीन दिनों से खराब पड़ी है।

अनंत ज्ञान मुद्दा

इससे सैकड़ों मरीजों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हालत यह है कि सरकारी अस्पताल में जांच संभव न होने के कारण मरीजों को मजबूरी में निजी क्लीनिकों का रुख करना पड़ रहा है, जहां उनसे मनमाने व महंगे शुल्क वसूले जा रहे हैं। हड्डी टूटने, सड़क दुर्घटनाओं, सीने के दर्द व अन्य गंभीर मामलों में एक्स-रे एक बुनियादी जांच होती है, लेकिन जिला मुख्यालय के अस्पताल में यह सुविधा ठप होना व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा करता है। दूर-दराज गांवों से इलाज की उम्मीद लेकर पहुंचे मरीज, अस्पताल के बाहर निराश और आक्रोशित दिखाई दिए।




अस्पताल में बंद पड़ा एक्स-रे रूम का दरवाजा। अनंत ज्ञान

मरीजों का कहना है कि गरीब और मध्यम वर्ग के लिए निजी क्लीनिकों में सैकड़ों रुपए तक खर्च करना आसान नहीं है, लेकिन इलाज की मजबूरी उन्हें वहां जाने को मजबूर कर रही है।

कई मरीजों ने आरोप लगाया कि अस्पताल प्रशासन को मशीन खराब होने की जानकारी पहले से थी, फिर भी वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की गई। सबसे चिंताजनक बात यह है कि यह स्थिति जिला मुख्यालय की है। यदि यहां यह हाल है, तो ग्रामीण क्षेत्रों के स्वास्थ्य केंद्रों की स्थिति का अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है। सरकार द्वारा बार-बार किए जा रहे 'व्यवस्था परिवर्तन' के दावों पर यह हालात करारा तमाचा साबित हो रहे हैं। स्थानीय लोगों व सामाजिक संगठनों ने मांग की है कि एक्स-रे मशीन को तुरंत ठीक किया जाए, जब तक मशीन दुरुस्त नहीं होती, तब तक निजी क्लीनिकों में मुफ्त या रियायती दरों पर जांच की व्यवस्था सरकार करे और लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए।

## श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में आज से श्री शिव महापुराण कथा

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** नगर के प्रसिद्ध श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर, मंदिर बिलासपुर में 6 फरवरी से 16 फरवरी तक भव्य श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। यह दिव्य कथा प्रतिदिन दोपहर 3:30 बजे से 6:30 बजे तक आयोजित होगी, जिसमें श्रद्धालु भगवान शिव की महिमा, लीला और पुराणों में वर्णित आध्यात्मिक रहस्यों का श्रवण कर सकेंगे। कथा का वाचन श्री श्री 1008 श्री महंत संगम भारती जी (वृंदावन वाले) द्वारा किया जाएगा। महंत संगम भारती जी अपनी ओजस्वी वाणी, सरल शैली और गहन आध्यात्मिक ज्ञान के लिए देशभर में प्रसिद्ध हैं। उनके मुखारविंद से शिव महापुराण कथा श्रवण करने के लिए आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। आयोजकों के अनुसार, शिव महापुराण कथा के दौरान भगवान शिव की कृपा, भक्ति, वैराग्य और जीवन में धर्म के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला जाएगा। कथा आयोजन से क्षेत्र में आध्यात्मिक वातावरण बनेगा तथा श्रद्धालुओं को मानसिक शांति और सकारात्मक ऊर्जा की अनुभूति होगी।

**लाभकारी** बंगाणा में 'प्राकृतिक खेती खुशहाल किसान योजना' से बदली किसानों की तकदीर

# प्राकृतिक खेती बनी किसानों के लिए संजीवनी

अनंत ज्ञान

**लविश शर्मा, जोल।** उपमंडल बंगाणा की पंचायतों में प्राकृतिक खेती अब केवल एक प्रयोग नहीं, बल्कि किसानों के लिए वरदान बनकर उभर रही है।

महंगाई के इस दौर में जहां रासायनिक खाद, कीटनाशक और बीजों की बढ़ती कीमतों ने किसानों की कमर तोड़ दी थी। वहीं, प्राकृतिक खेती ने उन्हें फिर से खेतों से जोड़ दिया है। बीते कई वर्षों तक उपमंडल बंगाणा के अधिकांश किसानों ने खेती करना लगभग छोड़ दिया था। महंगी रासायनिक खाद व दवाइयों पर अत्यधिक खर्च के बावजूद फसल की पैदावार लागत के अनुरूप नहीं होती थी। नतीजतन, उपजाऊ जमीन होते हुए भी खेत बंजर पड़े रहने लगे थे, लेकिन प्रदेश सरकार की 'प्राकृतिक खेती खुशहाल किसान योजना' ने इस तस्वीर को बदल दिया है। कम लागत, स्थानीय संसाधनों का उपयोग व बाजार में बेहतर दाम मिलने से किसान दोबारा खेती की ओर लौट रहे हैं और आर्थिक रूप से सशक्त हो रहे हैं। बंगाणा उपमंडल में प्राकृतिक खेती न केवल किसानों की आय बढ़ा रही है, बल्कि मिट्टी की उर्वरता, पर्यावरण संरक्षण व स्वास्थ्य के लिहाज से भी बेहद लाभकारी साबित हो रही है। उपमंडल बंगाणा की उपतहसील जोल के अंतर्गत ग्राम पंचायत अंबेहड़ा धीरज की महिला किसान वीना देवी प्राकृतिक खेती की सफलता की जीवंत मिसाल हैं। वीना देवी बताती हैं कि उन्होंने लगभग दस वर्षों पहले खेती करना छोड़ दिया था, क्योंकि खेती में लागत इतनी अधिक हो गई थी कि फसल से आधी भी भरपाई नहीं हो पाती थी। अप्रैल 2025 में कृषि विभाग बंगाणा की दो महिला कृषि सखियों ने उनके घर आकर उन्हें प्राकृतिक खेती खुशहाल किसान योजना की जानकारी दी। इसके बाद उन्होंने अपनी 10 कनाल भूमि पर प्राकृतिक



तरीके से खेती शुरू करने का निर्णय लिया। शुरुआत में यह खेती कठिन लगी, लेकिन कुछ ही महीनों में इसके सकारात्मक परिणाम सामने आने लगे। जून 2025 में उन्होंने 20 किलो अदरक का बीज 150 रुपए प्रति किलो की दर से खरीदा, जिस पर कुल खर्च लगभग 3000 रुपए आया। जनवरी 2026 में जब अदरक की खुदाई की गई, तो उत्पादन 100 किलो से अधिक हुआ। प्राकृतिक अदरक होने के कारण गांव और आसपास के क्षेत्रों से लोग घर पर ही खरीदने पहुंचे। 150 रुपए प्रति किलो की दर से अब तक वह 15 हजार रुपए का अदरक बेच चुकी हैं, जबकि कुछ बीज अगली बिजाई के लिए सुरक्षित रखा गया है। इसी तरह, उन्होंने देसी हल्दी की खेती भी की। 10 किलो हल्दी बीज पर मात्र 900 रुपए खर्च हुए। उत्पादन लगभग 80 किलो रहा, जिसे गांव के किसानों ने कच्ची हल्दी के रूप में बीज के लिए खरीद लिया। इससे उन्हें करीब 7 हजार रुपए का लाभ प्राप्त हुआ। इसके अलावा वीना देवी ने मक्की, तिल, सोयाबीन की खेती कर अच्छा उत्पादन लिया है। वर्तमान में वह अपनी भूमि पर गेहूं, चना, सरसों व मटर की मिश्रित खेती के साथ-साथ प्याज, देसी लहसुन और अमेरिकन हाथी लहसुन की प्राकृतिक विधि से खेती कर रही हैं, जिसमें उनका पूरा परिवार सहयोग कर रहा है। खंड तकनीकी प्रबंधक रवि कुमार (कृषि विभाग, आत्मा परियोजना, बंगाणा) ने बताया कि उपमंडल बंगाणा में लगभग 3000 किसान अपनी करीब 600 हेक्टेयर भूमि पर प्राकृतिक खेती खुशहाल किसान योजना के तहत रासायनिक मुक्त खेती अपना रहे हैं। किसानों को घर-घर जाकर समय-समय पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है, ताकि मिट्टी की सेहत सुधरे और किसानों की आय में निरंतर वृद्धि हो। इस योजना के तहत देसी गाय के गोबर व गोमूत्र से तैयार जैविक इनपुट, पारंपरिक ज्ञान व आधुनिक तकनीकों का समन्वय किया जा रहा है। साथ ही किसानों को बाजार से जोड़कर उन्हें उनकी उपज का बेहतर मूल्य दिलाया जा रहा है। रवि कुमार के अनुसार प्राकृतिक खेती से खेती की लागत में भारी कमी आई है।

## राहुल गांधी माफी मांगें: रूपिंदर

**अनंत ज्ञान, ऊना।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश मीडिया सह प्रभारी एवं ऊना मंडल के पूर्व अध्यक्ष रूपिंदर सिंह देहल ने संसद में कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू को 'गद्दार' कहे जाने की कड़ी निंदा की है। उन्होंने इस बयान को सिख समाज पर सीधा, अपमानजनक और असहनीय हमला बताया। देहल ने कहा कि यह टिप्पणी राहुल गांधी की सिख विरोधी और विभाजनकारी मानसिकता को उजागर करती है।

उन्होंने कहा कि यह बयान केवल एक मंत्री का नहीं, बल्कि पूरे सिख समाज की अस्मिता, गौरव और बलिदान का अपमान है। कांग्रेस के इतिहास पर टिप्पणी करते हुए उन्होंने कहा कि ऑपरेशन ब्लू स्टार और 1984 के सिख नरसंहार आज भी पार्टी के माथे पर कलंक हैं। उन्होंने राहुल गांधी से देश और सिख समाज से सार्वजनिक माफी की मांग की। साथ ही चेतावनी दी कि यदि माफी नहीं मांगी गई तो सिख समाज और भाजयुमो लोकतांत्रिक तरीके से जोरदार विरोध करेगा और कांग्रेस की सिख विरोधी राजनीति को जनता के सामने उजागर किया जाएगा।

## हर लाभार्थी तक गुणवत्तापूर्ण खाद्यान्न पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता, बर्दाश्त नहीं लापरवाही : डॉ. कत्याल

अनंत ज्ञान

**ऊना।** राज्य खाद्य सुरक्षा आयोग के अध्यक्ष डॉ. सत्य प्रकाश कत्याल ने वीरवार को लघु सचिवालय ऊना में खाद्य सुरक्षा से जुड़ी विभिन्न विभागों की योजनाओं की प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक की। बैठक में जिला अधिकारियों के साथ सार्वजनिक वितरण प्रणाली, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम तथा पोषण से संबंधित केंद्र व राज्य सरकार द्वारा प्रायोजित योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तार से चर्चा की गई।



डॉ. कत्याल ने कहा कि लाभार्थियों तक समय पर खाद्यान्न एवं पोषण आहार पहुंचाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय से कार्य करने, योजनाओं में पारदर्शिता व जवाबदेही सुनिश्चित करने तथा नियमित फील्ड विजिट कर डाटा अपडेट रखने के निर्देश दिए। राशन की समय पर आपूर्ति और भंडारण व्यवस्था की स्वयं जांच करने पर भी उन्होंने बल दिया। बैठक में नागरिक एवं खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा राशन वितरण, खाद्यान्नों की गुणवत्ता और शिकायत निवारण प्रणाली की समीक्षा की गई। वहीं शिक्षा विभाग के अंतर्गत मिड-डे मील, डाइट चार्ट, आहार गुणवत्ता, शौचालयों की स्थिति तथा न्यूट्रीशन गार्डन की उपलब्धता पर चर्चा हुई। महिला एवं बाल विकास विभाग से आंगनवाड़ियों के संचालन, शिशु पोषण व स्वास्थ्य तथा स्वास्थ्य विभाग से गर्भवती और धात्री महिलाओं व नवजात शिशुओं की नियमित जांच पर फीडबैक लिया गया। अतिरिक्त उपायुक्त महेंद्र पाल गुर्जर ने बताया कि जिले में 326 उचित मूल्य दुकानों के माध्यम से 1,42,090 राशनकार्डधारकों को सस्ती दरों पर राशन उपलब्ध कराया जा रहा है। बैठक में संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# सपरून में फुट ओवर ब्रिज न बनने से बढ़ी मुश्किलें

## फोरलेन की फेंसिंग से सड़क क्रॉस बंद; फुटपाथ अधर में, लोग परेशान

अनंत ज्ञान

**आर मोहन चौहान, सोलन।** सपरून में फोरलेन सड़क निर्माण के नाम पर फुटपाथों को उजाड़ दिया गया है। एनएचएआई ने कस्बों में तो फुट ओवर ब्रिज और पैदल पथ बनाए, लेकिन शहर की अति संवेदनशील जगहों पर अभी तक कुछ नहीं हुआ। चंडीगढ़ और उपनगरों से सोलन आने वाले लोग अब सड़क पार नहीं कर पा रहे। स्कूली बच्चे, बुजुर्ग और राहगीर भटक रहे हैं, जिससे उनकी मुश्किलें बढ़ गई हैं। फोरलेन निर्माण के दौरान फुटपाथ पूरी तरह गायब हो गए। अब लोग घूम-फिरकर सड़क पार करने को मजबूर हैं।

खासकर वार्ड 13 और 14 के निवासी ठेकेदार व नगर निगम की लेन-देन का खामियाजा भुगत रहे हैं। नगर निगम ने एनएचएआई से सपरून और बाईपास पर डीएवी व गुरुकुल स्कूल के पास फुट ओवर ब्रिज बनाने की मांग की है, लेकिन पांच साल बीतने को हैं, फुटपाथ का निर्माण भी अधर में लटका हुआ है।

अनंत ज्ञान मुद्दा

### स्कूली बच्चों व बुजुर्गों की परेशानी बढ़ी

**सपरून** बाईपास पर डीएवी और गुरुकुल स्कूल जाने वाले बच्चों को बस स्टॉप तक पहुंचने में भारी दिक्कत हो रही है। तेज रफ्तार वाहनों के बीच सड़क पार करना जानलेवा साबित हो रहा। बुजुर्गों को भी लंबा चक्कर लगाना पड़ रहा है। राहगीर बताते हैं कि फुट ओवर ब्रिज न होने से दुर्घटना का खतरा बढ़ गया है। एक स्थानीय निवासी ने कहा कि एनएचएआई ने फैंसिंग तो लगा दी, लेकिन पैदल यातायात की व्यवस्था क्या? हम भटक-भटककर थक गए।

### नगर निगम की मांग पर जिला प्रशासन से अपील

**मेयर** उषा शर्मा ने कहा कि नगर निगम ने एनएचएआई से सपरून और बाईपास में लोगों व स्कूली बच्चों की सुरक्षा के लिए फुट ओवर ब्रिज बनाने की मांग की है। इस मांग को फिर से जिला प्रशासन के समक्ष रखा जाएगा। फुटपाथ निर्माण भी शीघ्र पूरा करवाएंगे। उन्होंने वार्ड 13-14 के निवासियों की समस्याओं पर संज्ञान लेते हुए सपरून में प्रशासन से जल्द फुट ओवर पाथ बनाने और नगर निगम से अधूरे पड़े फुटपाथ को पूरा करने की मांग की है।

### क्या कहते हैं स्थानीय बाशिंदे

**स्थानीय** लोगों का कहना है कि पांच साल हो गए, फुटपाथ का निर्माण नहीं हुआ। बच्चे स्कूल कैसे जाएं? एनएचएआई अधिकारियों से संपर्क करने पर उन्होंने कहा कि प्रस्ताव विचाराधीन है। जिला प्रशासन से उम्मीद बंधी है कि जल्द समाधान होगा, वरना आंदोलन की चेतावनी दी जा रही है।



फोर लेन की फेंसिंग से बंद हुई क्रॉसिंग। अनंत ज्ञान

## बाइपास सोलन में पिकअप यूनियन ने की मांगें ओवरब्रिज और शौचालय की जरूरत पर जोर

**सोलन।** सोलन बाइपास पर पैदल यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा को लेकर पिकअप यूनियन के प्रधान गोपाल शर्मा ने सरकार से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। यूनियन ने ओवरब्रिज और सार्वजनिक शौचालय निर्माण की प्रमुख मांगें उठाई हैं, क्योंकि वर्तमान स्थिति में रोड क्रॉसिंग बेहद जोखिम भरी हो चुकी है।प्रधान ने बताया कि बाईपास पर तेज रफ्तार वाहनों के कारण पैदल यात्री खतरे में हैं। लोग डिवाइडर के नीचे लेटकर निकलने को मजबूर हैं, जो किसी भी समय हादसे का कारण बन सकता है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि सलोगड़ा, बरूरी और धर्मपुर जैसे स्थानों पर नेशनल हाईवे पर ओवरब्रिज बनाए गए हैं, उसी तरह यहां भी जल्द निर्माण हो। इससे न केवल यात्रियों को सुरक्षित क्रॉसिंग मिलेगी, बल्कि दुर्घटनाओं में कमी भी आएगी।इसके अलावा, सार्वजनिक शौचालय की कमी से यात्रियों को भारी असुविधा हो रही है। यूनियन ने सरकार से अपील की है कि इन सुविधाओं पर शीघ्र ध्यान दिया जाए, ताकि बाईपास पर आने वाले हजारों लोग सुरक्षित और सुविधाजनक यात्रा कर सकें। यूनियन ने चेतावनी दी कि मांगें पूरी न होने पर आंदोलन तेज किया जाएगा। स्थानीय लोगों ने भी इन मांगों का समर्थन किया है। बाईपास पर बढ़ते ट्रैफिक के बीच ऐसी सुविधाओं की सख्त जरूरत है।

## न्यूज ब्रीफ

### सिकन की मधुबाला का 108 में कुशल प्रसव

**अनंत ज्ञान, सराहां।** उपमंडल पछाद के अंतर्गत आने वाले डिंगर सिकन गांव की मधु बाला का एम्बुलेंस में कुशल प्रसव बुधवार रात को 11 बजे हुआ। गौरतलब है कि मधु बाला को प्रसव पीड़ा होने पर 108 एंबुलेंस से सराहां अस्पताल लाते समय प्रसव पीड़ा ज्यादा होने पर पैरामेडिक गुमान ठाकुर को रास्ते में ही प्रसव करवाना पड़ा। बच्चा अम्बिलिकल कॉर्ड से ग्रस्त था, कॉर्ड बच्चे की गर्दन में दो राउंड में लपेटी हुई थी, जिससे बच्चे को सांस लेने में समस्या हो सकती थी, लेकिन सही समय पर 108 में तैनात पैरामेडिक ईएमटी गुमान ठाकुर ने इसे निकालकर कुशल प्रसव करवाया और मां और बच्चा दोनों सुरक्षित अस्पताल पहुंचाए।

### कंडाघाट के सीरिनगर में शिव महापुराण शुरू



कलश यात्रा निकालते श्रद्धालु। अनंत ज्ञान

**अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** उपमंडल मुख्यालय समीप सीरिनगर के प्राचीन शिवालय सिद्ध पीठ प्रांगण में 19वां शिवरात्रि शिवपुराण ज्ञान यज्ञ वीरवार को कलश यात्रा और सर्वदेव पूजन के साथ शुरू हुआ। इस धार्मिक आयोजन के आरंभ में मंदिर कमेटी के पदाधिकारी चैन सिंह विनोद ठाकुर, रमेश ठाकुर देविंद्र ठाकुर सहित कई सदस्यों ने पुराण और कथावाचक आचार्य साहिल शर्मा का आयोजन परिसर में पहुंचने पर स्वागत किया। इसके साथ ही कलश यात्रा और सर्वदेव पूजन के साथ सैकड़ों श्रद्धालुओं की उपस्थिति में आयोजन शुरू हुआ। आज से शुरू हुआ आयोजन 16 फरवरी तक चलेगा। शिवरात्रि के विशेष आयोजन में हजारों की संख्या में यंहा श्रद्धालू पहुंचते हैं।

### बिरला गांव में स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**अनंत ज्ञान, नाहन।** ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने के उद्देश्य से आज ग्राम पंचायत बिरला में एक विशाल सामुदायिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर 'इंडिया' संस्था द्वारा 'LIC HFL' के वित्तीय सहयोग से आयोजित किया गया, जिसमें बिरला पंचायत के अंतर्गत आने वाले सभी गांवों के निवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी सेहत की जांच करवाई। शिविर की सबसे बड़ी विशेषता नाहन से आए विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम और उनके द्वारा लाए गए आधुनिक चिकित्सा यंत्र रहे। स्वास्थ्य जांच के उपरांत डॉक्टरों द्वारा परामर्श दिया गया और मरीजों को संस्था की ओर से मुफ्त दवाइयां भी उपलब्ध करवाई गई, जिससे स्थानीय लोगों को काफी राहत मिली। इस चिकित्सा दल में नाहन मेडिकल कॉलेज से डॉ. छवि, आयुर्वेदिक कंसल्टेशन के लिए डॉ. सुनील, और CHO डॉ. शिल्पा व डॉ. अंजुमन ने अपनी विशेष सेवाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान इंडिया के प्रोजेक्ट मैनेजर अजय दास ने बताया कि संस्था पिछले तीन वर्षों से बिरला और कन्डो कान्सार क्षेत्र में LIC HFL के सहयोग से सक्रिय है।

### सड़क सुरक्षा विषय पर जागरूकता कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** अंबुजा सीमेंट लिमिटेड दाड़लाघाट की ओर से राजकीय उच्च विद्यालय रौडी में 5एस के महत्व एवं सड़क सुरक्षा विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों के बीच जन-जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से अनुशासन, सुव्यवस्थित कार्य पद्धति और सुरक्षित जीवनशैली पर चर्चा की गई। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों के भीतर 5एस की अवधारणा को कैसे विकसित किया जाए, इस पर विस्तृत विमर्श किया गया। 5एस के माध्यम से दैनिक जीवन में अनुशासन और कार्य पद्धति में सुधार लाने की एक रूपरेखा भी प्रस्तुत की गई। 5एस के अंतर्गत पहला मंत्र पुर्नव्यवस्थापन बताया गया। दूसरा मंत्र सुव्यवस्था है, जिसके तहत प्रत्येक वस्तु के लिए निश्चित स्थान निर्धारित कर उसे उसी स्थान पर रखने पर बल दिया गया। तीसरा मंत्र सफाई है, जिसमें कार्य क्षेत्र को स्वच्छ रखने की आदत विकसित करने की बात कही गई। चौथा मंत्र मानकीकरण है, ताकि पहले बताए गए तीनों चरणों का संचालन निर्धारित नियमों के अनुसार हो सके। पांचवां मंत्र अनुशासन है, जिसके अंतर्गत स्वअनुशासन के माध्यम से नियमों का पालन करते हुए 5एस को जीवन में आत्मसात करने पर जोर दिया गया।

### कैंसर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** कैंसर जागरूकता दिवस के अवसर पर अंबुजा फाउंडेशन दाड़लाघाट की सामुदायिक स्वास्थ्य परियोजना के तहत स्वास्थ्य सखियों के माध्यम से परियोजना क्षेत्र के 30 से अधिक गांवों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों का शुभारंभ संघोई गांव से किया गया, जिसमें जनभागीदारी के माध्यम से लोगों को कैंसर के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य परियोजना के अंतर्गत बताया गया कि कैंसर गैर-संचारी रोगों में से एक प्रमुख कारण है, जो बीमारियों और मृत्यु का बड़ा कारण बन रहा है। विशेषज्ञों के अनुसार, मुख्य जोखिम कारकों से बचाव कर कैंसर से होने वाली लगभग 30 से 50 प्रतिशत मौतों को रोका जा सकता है।

### वृत्त की गतिविधियों पर एक विशेष कार्यशाला

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट ।** पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला दाड़लाघाट में विज्ञान वृत्त की गतिविधियों के अंतर्गत एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डिग्री कॉलेज बिलासपुर के भौतिक विज्ञान प्रोफेसर डॉ. अरुण उपस्थित रहे। डॉ. अरुण ने विद्यार्थियों को खेल-खेल में विज्ञान सिखाते हुए यह समझाया कि किस प्रकार विज्ञान प्रकृति में छिपा हुआ है और इसे दैनिक जीवन की गतिविधियों से कैसे जोड़ा जा सकता है। उन्होंने टीएलएम की सहायता से विज्ञान के कई रोचक प्रयोग कराए और विज्ञान से जुड़े अनेक रहस्यों से पर्दा उठाया। कार्यशाला में विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. नरेंद्र, विज्ञान एवं गणित विषय के अध्यापक तथा लगभग 60 विद्यार्थी उपस्थित रहे। प्रधानाचार्य डॉ. नरेंद्र ने विद्यार्थियों को इस प्रकार से सरल व रोचक ढंग से विज्ञान की जानकारी देने के लिए डॉ. अरुण का आभार व्यक्त किया।

### कैंपस इंटरव्यू का आयोजन 7 फरवरी को

**अनंत ज्ञान, सराहां।** उप रोजगार कार्यालय सराहां में 7 फरवरी 2026 को कैंपस इंटरव्यू का आयोजन करवाया जा रहा है। इस कैंपस इंटरव्यू में हिमाचल प्रदेश की प्रतिष्ठित संस्था मेसर्ज ऑटो टेक्सटाइल बद्दी जिला सोलन के द्वारा ट्रेनी/अपरेंटिस के 150 पदों के लिए कैंपस इंटरव्यू का आयोजन किया जा रहा है, जिसके लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 8वीं से 12वीं है, जिसका कार्य स्थल बद्दी है और वेतनमान 12750 प्रशिक्षण के उपरांत 18402 सीटीसी दिया जाएगा।

## जिला की पर्यटन इकाइयां व होम स्टे अपना पंजीकरण करें सुनिश्चित

अनंत ज्ञान

◆ अधिसूचना प्रकाशन के तीन माह के भीतर पंजीकरण अनिवार्य

**सोलन।** हिमाचल प्रदेश होम स्टे नियम, 2025 के तहत सोलन जिला की सभी पर्यटन इकाइयों एवं होम स्टे इकाइयों को अधिसूचना के प्रकाशन के तीन माह के भीतर जिला पर्यटन विकास अधिकारी, पर्यटन और नागरिक उड्डयन विभाग सोलन में पंजीकरण करना सुनिश्चित बनाना होगा। यह जानकारी जिला पर्यटन विकास अधिकारी सोलन पदमा छोडोन ने दी।

पदमा छोडोन ने कहा कि भारत सरकार की इनक्रेडिबल इंडिया बेड एंड ब्रेकफास्ट प्रतिष्ठान व इनक्रेडिबल इंडिया होमस्टे प्रतिष्ठान योजना या हिमाचल प्रदेश होम स्टे योजना, 2008 के तहत पूर्व में पंजीकृत व कार्यरत पर्यटन इकाइयां या होम स्टे को ई-सर्विसेज पोर्टल के माध्यम से निर्धारित प्राधिकारी के पास होम स्टे के पंजीकरण के लिए आवेदन कर सकते हैं।

उन्होंने कहा कि सभी पर्यटन इकाइयां एवं होम स्टे इकाइयां https://homestay.hp.gov.in पोर्टल पर भी अपना पंजीकरण करवा सकते हैं। उन्होंने कहा कि पंजीकरण की अंतिम तिथि तक निर्धारित प्राधिकारी पूर्व में पंजीकृत व कार्यरत पर्यटन इकाइयों या होम स्टे का नि:शुल्क पंजीकरण करेगी। जिला पर्यटन विकास अधिकारी सोलन ने पूर्व में पंजीकृत व नए स्थापित पर्यटन इकाइयों या होम स्टे को अपना पंजीकरण करवाने का आग्रह किया।

## बजट 2026: युवाओं को बोझ नहीं, भारत की सबसे बड़ी पूंजी मानता है : राजेश ठाकुर

अनंत ज्ञान

◆ डिग्री से आगे बढ़कर स्किल रोजगार और उद्यमिता पर फोकस



आईईसी यूनिवर्सिटी में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित मुख्यातिथि उपाध्यक्ष प्रदेश भाजपा राजेश ठाकुर और अन्य। अनंत ज्ञान

**ओम शर्मा, बीबीएन।** भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश ठाकुर ने आईईसी यूनिवर्सिटी बद्दी में आयोजित युवा बजट सम्मेलन में युवाओं के बीच अपने विचार साझा करते हुए कहा कि बजट 2026 पूरी तरह युवा केंद्रित बजट है, जो भारत की जनसंख्या संरचना और युवा शक्ति को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि आज भारत दुनिया का सबसे युवा देश है और आने वाले 25 वर्षों में वैश्विक विकास की दिशा भारत के युवाओं से तय होगी। राजेश ठाकुर ने कहा कि भारत की माध्यम आयु लगभग 29 वर्ष है, जबकि चीन की 39 वर्ष और यूरोप की 44 वर्ष है, यह भारत के लिए एक बड़ा अवसर है। उन्होंने कहा कि हर वर्ष लगभग 1.5 से 1.6 करोड़ युवा रोजगार बाजार में प्रवेश करते हैं, लेकिन लंबे समय तक शिक्षा, कौशल और रोजगार के बीच समन्वय की कमी रही। डिग्री होने के बावजूद कौशल की कमी और कौशल होने पर भी स्थिर आय का अभाव एक बड़ी चुनौती थी।

राजेश ठाकुर ने कहा कि यह बजट युवाओं को नई दिशा, नए अवसर और नया आत्मविश्वास देने वाला है तथा विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में युवा शक्ति सबसे बड़ी भूमिका निभाएगी।

### बजट से प्रदेश के पर्यटन को लगेंगे पंख : भंडारी

**अनंत ज्ञान, सराहां।** सराहां में पत्रकार वार्ता में भाजपा नेता बलदेव भंडारी ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा जो नौवीं बार बजट प्रस्तुत किया है, उससे देश व प्रदेश का चौमुखी विकास होगा। यह बजट 2047 विकसित भारत बनाने को लेकर अहम योगदान देगा। उन्होंने प्रदेश सरकार को घेरते हुए कहा कि केंद्र सरकार द्वारा प्रदेश सरकार को आपदा को लेकर 6 हजार करोड़ रुपए दिए हैं, परंतु केंद्र द्वारा दी गई सहायता राशि का कोई पता नहीं चल रहा है कि प्रदेश सरकार ने यह पैसा कहां लगाया है। उन्होंने कहा कि मनरेगा योजना की जगह केंद्र सरकार द्वारा विकसित भारत को लेकर जी राम जी योजना का नाम दिया है, जिसके तहत पहले मजदूर को साल में 100 दिन का रोजगार मिलता था, परंतु अब 125 दिन का रोजगार दिया जाएगा। इस मौके पर पच्छाद भाजपा मंडल अध्यक्ष अनूप शर्मा, पंचायत समिति सदस्य सचिन कुमार, सुशील शर्मा व सूर्य प्रकाश शर्मा भी मौजूद थे।

## व्यावसायिक शिक्षकों के लिए रोजगार योग्यता शिक्षा पर 3 दिवसीय प्रशिक्षण



मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित प्रशिक्षण शिविर में हिस्सा लेते शिक्षक। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**बीबीएन।** समग्र शिक्षा हिमाचल प्रदेश के तत्वावधान में तथा मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन के सहयोग से डाइट सोलन में एम्प्लॉयबिलिटी एजुकेशन प्रोग्राम के अंतर्गत व्यावसायिक शिक्षकों के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण 3 से 5 फ़रवरी तक आयोजित हुआ, जिसमें जिला सोलन के धर्मपुर, कंडाघाट एवं कुठार शिक्षा खंडों से कुल 50 व्यावसायिक शिक्षकों ने सहभागिता की।

प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों को करियर साक्षरता, जीवन कौशल, वित्तीय साक्षरता, लैंगिक समानता, बाल संरक्षण तथा कार्यक्रम क्रियान्वयन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य अनुभवात्मक शिक्षण पद्धति के माध्यम से व्यावसायिक शिक्षा को सुदृढ़ करना तथा विद्यार्थियों की शिक्षा उपरांत रोजगार क्षमता को बढ़ाना है।

यह पहल राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप तैयार की गई है, जिसमें गतिविधि-आधारित शिक्षण के माध्यम से शिक्षकों के क्षमता संवर्धन पर विशेष बल दिया गया है। प्रशिक्षण सत्रों में सहभागिता, समूह कार्य, भूमिका निर्वहन तथा व्यवहारिक गतिविधियों के माध्यम से शिक्षकों को विषयवस्तु को प्रभावी ढंग से कक्षा में लागू करने के लिए प्रशिक्षित किया गया। इस अवसर पर ब्लॉक कार्यवाहक प्रधानाचार्य मनीषी अवस्थी ने प्रतिभागी शिक्षकों को आवश्यक दिशा-निर्देश एवं मार्गदर्शन प्रदान किया तथा प्रशिक्षण के सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के सफल संचालन में जिला समन्वयक संदीप चंदेल, मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन के प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर भूपेश शर्मा तथा प्रोग्राम मैनेजर विवेक शर्मा का विशेष योगदान रहा। इसके अतिरिक्त मास्टर ट्रेनर्स मेहर चंद, निखिल परिहार, तेजेंद्र कुमार एवं समन धीमान ने प्रशिक्षण के दौरान पूर्ण शैक्षणिक एवं तकनीकी सहयोग प्रदान किया।

## जिला ग्राम सभाओं की निर्वाचक नामावली अंतिम रूप से प्रकाशित

अनंत ज्ञान

**सोलन।** जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) एवं उपायुक्त सोलन द्वारा जिला की 243 ग्राम सभाओं में से 218 ग्राम सभाओं को निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन 03 फरवरी, 2026 को कर दिया गया है। यह जानकारी जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) एवं उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने दी। उन्होंने कहा कि निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन पंचायती राज (निर्वाचन) नियम, 1994 के नियम 21 (1) के अंतर्गत किया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) ने कहा कि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा प्रथम अक्तूबर, 2025 की अर्हता तिथि के अनुसार निर्वाचन नामावली के प्रारूप प्रकाशन का कार्यक्रम जारी किया गया था। इसके अनुसार जिला सोलन की 239 ग्राम सभाओं के निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का प्रारूप प्रकाशन 06 अक्तूबर, 2025 को किया गया था। इसी तिथि के अनुसार आमजन से दावे व आक्षेप भी आमंत्रित किए गए थे।

- **विकास खंड कुनिहार** की 56 ग्राम सभाओं में से 49 ग्राम सभाओं की निर्वाचक नामावली का प्रकाशन अंतिम रूप से किया गया है। उन्होंने कहा कि ग्राम सभा हाटकोट के पूर्ण रूप से नगर पंचायत में सम्मिलित होने, ग्राम सभा शहरोल, बड़ोग, हनुमान बड़ोग व दाडला ग्राम सभाओं का पुनर्गठन तथा ग्राम सभा कुनिहार व कोठी का नगर पंचायत गठन के दृष्टिगत निर्वाचक नामावली प्रकाशन नहीं किया गया है।
- **विकास खंड धर्मपुर** की 26 ग्राम सभाओं में से 21 ग्राम सभाओं की निर्वाचक नामावली का प्रकाशन अंतिम रूप से किया गया है। उन्होंने कहा कि विकास खंड धर्मपुर में ग्राम सभा कामली एवं अम्बोटा के नगर पंचायत में सम्मिलित होने अथवा 06 अक्तूबर, 2025 के उपरांत गठन के दृष्टिगत ग्राम सभा टकसाल, चम्मो और जाबली ग्राम सभा के पुनर्गठन के कारण इनकी निर्वाचक नामावलियां अंतिम रूप से प्रकाशित नहीं की गई है।
- **विकास खंड पट्टा** की 25 ग्राम सभाओं में से 21 ग्राम सभाओं की निर्वाचक नामावली का प्रकाशन अंतिम रूप से किया गया है। उन्होंने कहा कि विकास खण्ड पट्टा में भटोलीकलां, हरिपुर संडोली, सूरजपुर और ग्राम सभा बरोटीवाला के नगर निगम क्षेत्र में सम्मिलित होने के कारण इनकी निर्वाचक नामावलियां अंतिम रूप से प्रकाशित नहीं की गई है।
- **विकास खंड नालागढ़** की 73 ग्राम सभाओं में से 69 ग्राम सभाओं की निर्वाचक नामावली का प्रकाशन अंतिम रूप से किया गया है। उन्होंने कहा कि विकास खण्ड नालागढ़ में ग्राम सभा रत्योड के 06 अक्तूबर, 2025 के गठन अथवा नगर पंचायत में सम्मिलित होने के कारण तथा ग्राम सभा दभोटा के पुनर्गठन और ग्राम सभा थाना व मलपुर के नगर निगम अथवा नगर पंचायत क्षेत्र में सम्मिलित होने के कारण इनकी निर्वाचक नामावलियां अंतिम रूप से प्रकाशित नहीं की गई है।
- **विकास खंड सोलन** की 37 ग्राम सभाओं में से 34 ग्राम सभाओं की निर्वाचक नामावली का प्रकाशन अंतिम रूप से किया गया है। उन्होंने कहा कि विकास खण्ड सोलन की ग्राम सभा सुल्तानपुर, बड़ोग व बोहली के पुनर्गठन के कारण इनकी निर्वाचक नामावलियां अंतिम रूप से प्रकाशित नहीं की गई है।
- **विकास खंड कंडाघाट** की 26 ग्राम सभाओं में से 24 ग्राम सभाओं की निर्वाचक नामावली का प्रकाशन अंतिम रूप से किया गया है। उन्होंने कहा कि विकास खंड कंडाघाट की ग्राम सभा बाशा व बीशा के पुनर्गठन के कारण इनकी निर्वाचक नामावलियां अंतिम रूप से प्रकाशित नहीं की गई है।

कार्यक्रम | सामाजिक मुद्दों को उजागर करने में महत्वपूर्ण योगदान निभा रहा मीडिया : अनिरुद्ध सिंह

## लोकतंत्र को मजबूत करने में मीडिया की अहम भूमिका

अनंत ज्ञान



ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह का स्वागत करते आयोजक। अनंत ज्ञान

**सोलन।** ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने कहा कि लोकतंत्र को मज़बूत करने में मीडिया अहम भूमिका निभाता है। अनिरुद्ध सिंह वीरवार को यहां एक निजी बेव पोर्टल द्वारा आयोजित प्राइड ऑफ सोलन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। अनिरुद्ध सिंह ने कहा कि समाज के गंभीर मुद्दों को सरकार तक तथा सरकार की योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने में मीडिया का महत्वपूर्ण योगदान होता है। उन्होंने कहा कि मीडिया भी समय-समय पर सामाजिक मुद्दों को उजागर कर जागरूक करने में अहम भूमिका निभा रहा हैं। पंचायती राज मंत्री ने कहा कि नशा आज समाज के लिए एक चुनौती बनकर उभर रहा है। युवाओं को नशे के चंगुल से बचाने के लिए कड़े कदम उठाने की आवश्यकता है। उन्होंने उपस्थित लोगों से आग्रह किया कि युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए प्रेरित करें।

अनिरुद्ध सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में मादक पदार्थ चिट्टे के विरुद्ध जन आंदोलन आरंभ किया गया है। इसी कड़ी में प्रदेश भर में चिट्टे के विरुद्ध सघन अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस जन आंदोलन को सफल बनाने के लिए सभी का सहयोग अपेक्षित है। ग्रामीण विकास मंत्री ने इस अवसर पर एक निजी बेव पोर्टल द्वारा चिट्टे के विरूद्ध 'चिट्टे की ऐसी तैसी' अभियान का शुभारंभ भी किया।

पंचायती राज मंत्री ने इस अवसर पर जिला सोलन की उन 50 विभूतियों को सम्मानित किया, जिन्होंने अपने उत्कृष्ट कार्यों से क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू का 'चिट्टा मुक्त हिमाचल' संदेश भी प्रसारित किया गया। जोगिन्द्र केंद्रीय सहकारी बैंक के अध्यक्ष मुकेश शर्मा, कांग्रेस नेता राहुल ठाकुर, प्रदेश विश्वकर्मी समाज कल्याण बोर्ड के सदस्य मदन हिमाचली, हिमाचल प्रदेश अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति विकास निगम के प्रबंध निदेशक अजय कुमार यादव, उपमण्डलाधिकारी सोलन डॉ. पूनम बंसल, ज़िला पंचायत अधिकारी जोगिन्द्र राणा, बेव पोर्टल के प्रबंधक पदाधिकारी व अन्य गणमान्य इस अवसर पर उपस्थित थे।

## नाहन दंगा प्रकरण: छठा आरोपी धरा

अनंत ज्ञान

**नाहन।** सिरमौर जिले के नाहन में दर्ज दंगा मामले की जांच के दौरान पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। पहले गिरफ्तार किए गए पांच आरोपी पहले से पुलिस हिरासत में हैं और जांच जारी है। पुलिस थाना सदर नाहन में दर्ज दंगा प्रकरण में पहले पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका था। मामले की गहन जांच के दौरान पुलिस ने अब एक अन्य आरोपी को भी हिरासत में लिया है।

पुलिस के अनुसार पकड़ा गया आरोपी हरियाणा के यमुनानगर जिले से संबंधित है। उसे माननीय न्यायालय में पेश कर पुलिस हिरासत रिमांड प्राप्त किया गया है, ताकि मामले से जुड़े अन्य पहलुओं की जांच की जा सके। जांच के दौरान सभी आरोपियों की आपराधिक पृष्ठभूमि की भी पड़ताल की गई। पुलिस के अनुसार कुछ आरोपी पहले भी दंगा और मारपीट जैसे मामलों में संलिप्त रहे हैं, जिनके संबंध में अन्य राज्यों के थानों में मामले दर्ज हैं।

**कड़ी कानूनी कार्रवाई का संदेश:** पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि कानून व्यवस्था भंग करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई जारी रहेगी। अधिकारियों ने कहा कि ऐसी कार्रवाई से आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों में कानून का संदेश जाएगा।

### दो अलग-अलग मामलों में अवैध शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**नाहन।** जिला सिरमौर में पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो अलग-अलग मामलों में आरोपियों को पकड़ा है। दोनों मामलों में आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमे दर्ज कर जांच आगे बढ़ाई जा रही है। पुलिस थाना रेणुका जी की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर एक व्यक्ति को अवैध शराब के साथ पकड़ा। कार्रवाई के दौरान आरोपी को एक प्लास्टिक कैनी में लगभग पांच लीटर कच्ची कसीदशुदा शराब के साथ हिरासत में लिया गया।

**दूसरे** मामले में पुलिस थाना पच्छाद की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर एक व्यक्ति के रिहायशी मकान में छापेमारी की। तलाशी के दौरान कमरे में रखे ट्रंक के पास छुपाकर रखी गई प्लास्टिक कैनी से करीब पांच लीटर अवैध कसीदशुदा शराब बरामद की गई।

### प्रदेश सरकार शुरू नहीं कर पाई कोई भी नई योजना : राकेश गर्ग

**अनंत ज्ञान, नाहन।** सिरमौर जिला भाजपा मीडिया प्रभारी राकेश गर्ग ने कहा है कि मौजूदा समय में सिरमौर जिला के भीतर ऐसी कोई भी योजना नहीं है जो मौजूदा प्रदेश सरकार द्वारा शुरू की गई हो मात्र वही योजनाएं चल रही हैं, जिन पर केंद्र सरकार पैसा खर्च कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता सिर्फ योजनाओं का श्रेय लेने की कोशिश करते हैं। राकेश गर्ग ने कहा कि आए दिन कांग्रेस नेता सिर्फ केंद्र सरकार को कोसने का काम करते हैं। विभिन्न योजनाओं के लिए केंद्र सरकार द्वारा करोड़ों रुपए की राशि खर्च की जा रही है, मगर वह पैसा भी सही तरीके से इस्तेमाल नहीं हो रहा है। उन योजनाओं में केंद्र सरकार पूरा पैसा दे रही है मगर प्रदेश सरकार की तरफ से दी जाने वाली राशि नहीं मिल पा रही है, जिसके चलते लोगों को योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### दो पिस्तौल व जिंदा कारतूस के साथ दो काबू

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** अलग-अलग स्थानों से जिला पुलिस ने दो युवकों को काबू कर उनके कब्जे से दो पिस्तौल तथा दो जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। संबंधित थाना पुलिस आरोपितों से पूछताछ कर रही है। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि असलहा धारक किस वारदात को अंजाम देने के फिराक में थे। इसके अलावा असलहा कहां से लाया गया, इसको लेकर जानकारी जुटाई जा रही है। डिटेक्टिव स्टाफ को सूचना मिली थी कि गांव शाहपुर बस अड्डे के निकट एक युवक अवैध असलहा के साथ खड़ा हुआ है, जो कहीं जाने की फिराक में है। सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए युवक को काबू कर लिया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक पिस्तौल बरामद हुआ। पुलिस पूछताछ में पकड़े गए युवक की पहचान गांव शाहपुर निवासी आशीष के रूप में हुई। वहीं सीआईए स्टाफ सफीदों ने गांव साहनपुर निवासी विजय को काबू कर उसके कब्जे से एक पिस्तौल तथा दो जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। संबंधित थाना पुलिस ने पकड़े गए दोनों आरोपियों के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है। गुरुवार को जानकारी देते हुए सदर थाना सफीदों के जाच अधिकारी संदीप ने बताया कि आरोपित असलहा कहां से लेकर आए हैं, अवैध असलहा रखने का उद्देश्य क्या था, इसके बारे में पूछताछ की जा रही है।

### शिल्पकार ने बनाई 12 लाख की तंजौर पेंटिंग

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** 39वां सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय आत्मनिर्भर शिल्प मेला कला प्रेमियों के लिए किसी स्वर्ग से कम नहीं है। मेले में देश-विदेश की विविध संस्कृतियों के बीच दक्षिण भारत की पारंपरिक चित्रकला अपनी अमिट छाप छोड़ रही है। इस वर्ष स्टॉल नंबर 917 पर तमिलनाडु से आए शिल्पकार केशव की तंजौर पेंटिंग पर्यटकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। शिल्पकार केशव के स्टॉल पर 12 हजार रुपए से लेकर 12 लाख रुपए तक की बेशकीमती पेंटिंग्स प्रदर्शित की गई हैं। तिरुपति बालाजी की 12 लाख रुपए की कीमत वाली पेंटिंग अपनी सूक्ष्म कारीगरी, शुद्ध सोने की पन्नी के काम और कीमती रत्नों के जुड़ाव के कारण मेले की सबसे महंगी और भव्य कलाकृतियों में से एक है, जो मेले में आकर्षण का केंद्र बनी है। शिल्पकार केशव ने बताया कि तंजौर चित्रकला तमिलनाडु की 16वीं शताब्दी की एक प्रसिद्ध पारंपरिक कला शैली है। इस कला में चित्रों में शुद्ध सोने की पन्नी और कीमती रत्नों का उपयोग किया जाता है। उन्होंने बताया कि लकड़ी के तख्तों पर बनाई जाने वाली इन पेंटिंग्स में उभरी हुई नक्काशी इन्हें एक शानदार त्रि-आयामी रूप देती है। इस कला में पेंटिंग्स मुख्य रूप से हिंदू देवी-देवताओं को जीवंत और आध्यात्मिक रूप में दर्शाती हैं। प्राचीन भारतीय चित्रकला की इस अनूठी विरासत को देखने के लिए पर्यटकों की भारी भीड़ स्टॉल नंबर 917 पर उमड़ रही है। लोग न केवल इन पेंटिंग्स की सुंदरता को निहार रहे हैं, बल्कि इस कठिन और बारीकी वाली कला को करीब से समझने में भी रुचि दिखा रहे हैं।

### पीएम मोदी 7 फरवरी से मलेशिया के दौरे पर

**एजेंसी, नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 7 और 8 फरवरी को मलेशिया का दौरा करेंगे। विदेश मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि प्रधानमंत्री की मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम के साथ द्विपक्षीय वार्ता में दोनों देशों के बीच सहयोग की समीक्षा की जाएगी। इसमें व्यापार और निवेश, रक्षा, सुरक्षा और समुद्री सहयोग से लेकर डिजिटल और वित्तीय प्रौद्योगिकी, ऊर्जा, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, संस्कृति, पर्यटन और जन-संबंधों तक के क्षेत्र शामिल हैं। विदेश मंत्रालय ने कहा कि वार्ता में पारस्परिक लाभ के लिए भविष्य में होने वाले सहयोग की रूपरेखा भी तैयार की जाएगी। (अनंत ज्ञान)

### युवक पर जानलेवा हमला करने के 5 आरोपी पकड़े

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** करनाल रोड पर एक युवक पर जानलेवा हमला करने के मामले में सीआईए-1 पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। डीएसपी बीर भान ने वीरवार को बताया कि गांव कैलरम निवासी अमन खान की शिकायत के आधार पर यह कार्रवाई की गई है। अमन खान ने बताया कि उसका चचेरा भाई असलम दो फरवरी को करनाल रोड फाटक के पास मौजूद था, जहां गांव के ही नानू नामक युवक ने अपने साथियों के साथ मिलकर उस पर डंडों व गंडासियों से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में असलम के सिर और पैरों में गंभीर चोटें आईं और वह मौके पर ही गिर पड़ा। डीएसपी के अनुसार आरोपी कार में सवार होकर मौके पर पहुंचे थे और वारदात को अंजाम देने के बाद हथियारों सहित फरार हो गए। जाते-जाते आरोपियों ने पीड़ित परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि करीब 15 दिन पहले गांव के बस अड्डे पर आरोपियों और असलम के बीच गाली-गलौज व मारपीट हुई थी, उसी रंजिश के चलते इस हमले को अंजाम दिया गया। सीआईए-1 प्रभारी एसआई जसवंत सिंह के नेतृत्व में एएसआई रघुबीर सिंह की टीम ने गांव कैलरम निवासी बिंटू व सचिन, गांव तितरम निवासी आशु, गांव सिणंद निवासी मनप्रीत और गांव मटौर निवासी रोहित को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में खुलासा हुआ कि आरोपी नानू करनाल रोड पर कोरियर ऑफिस चलाता है। घटना वाले दिन असलम अपने साथियों के साथ नानू के ऑफिस में पहुंचा था। विवाद बढ़ने पर नानू ने अपने साथियों को बुला लिया और असलम पर हमला करने की साजिश रची। आरोपियों ने गाड़ी से असलम को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

### प्लॉट खरीदने के नाम पर ठगी का आरोपी काबू

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** पानीपत में प्लॉट की खरीदने में भारी मुनाफे का झांसा देकर दोस्त से 28 लाख की ठगी करने मामले में आरोपी ने न्यायालय में सरेंडर किया। आरोपी की पहचान विकास नगर निवासी हरि कृष्ण के रूप में हुई है। आरोपी को पकड़ने के लिए पुलिस द्वारा उसके संभाविक ठीकानों पर दबिश दी जा रही थी। पूछताछ में आरोपी हरि कृष्ण ने हिस्सेदारी में प्लाट खरीदने के नाम पर विकास नगर निवासी अपने दोस्त प्रदीप रावल से 28 लाख रुपए ठगी करने की उक्त वारदात को अंजाम देना स्वीकारा है। पुलिस अधीक्षक को दी शिकायत मे विकास नगर वासी प्रदीप रावल ने बताया था कि विकास नगर निवासी हरि कृष्ण ने उसको साझेदारी में एक प्लाट खरीदने को कहा बाद में प्लाट बेचकर जो मुनाफा होगा हिस्सेनुसार बाट लेंगे। इसके बाद हरि कृष्ण ने हिस्सेदारी में प्लाट खरीदने के लिए उससे वर्ष 2020 में 28 लाख रुपए कैश लेकर कैथल में अपनी मां के नाम एक प्लाट खरीद लिया। उसको उक्त प्लाट की 42 लाख रुपए कीमत बताई गई। हरि कृष्ण ने प्लाट के दो हिस्सो का स्वयं को व एक हिस्से का उसको मालिक बताया। उसने हरि कृष्ण को प्लाट के कागजात दिखाने के लिए कहा, तो वह टाल मटोल करता रहा हरि कृष्ण ने धोखाधड़ी कर प्लाट में इन्वेस्ट करने के बहाने उससे पैसे लिए थे। वापस मांगने पर आरोपी ने उसके व चार अन्य लोगों के खिलाफ झूठी शिकायत दी थी। जांच में सभी आरोप झूठे व बेबुनियाद पाए गए। आरोपी ने परिवार के अन्य सदस्यों के साथ मिलकर उससे ठगी व धोखाधड़ी की है। प्रदीप की शिकायत पर थाना सेक्टर 29 में अभियोग दर्ज कर उक्त मामले की जांच व आरोपी की धरपकड़ शुरू कर दी थी पुलिस ने वीरवार को पूछताछ के बाद रिमांड अवधी पूरी होने पर आरोपी को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत जेल भेज दिया।

## बंगाल में टीएमसी के बाद कांग्रेस ने भी किया अकेले चुनाव लड़ने का ऐलान

**एजेंसी, नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में इस साल विधानसभा का चुनाव होना है। कांग्रेस ने फैसला लिया है कि वह अकेले चुनाव लड़ेगी। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के घर पर हुई बैठक में ये निर्णय लिया गया। पार्टी के फैसले पर अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि हम आलाकमान के फैसले के साथ हैं। कांग्रेस पश्चिम बंगाल में अकेले चुनाव लड़ेगी। प्रभारी महासचिव गुलाम अहमद मीर ने इसकी पुष्टि की है।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के आवास पर हुई बैठक के गुलाम अहमद ने इसकी जानकारी दी। इससे पहले टीएमसी प्रमुख सीएम ममता बनर्जी ने भी साफ किया था कि उनकी पार्टी विधानसभा का चुनाव अकेले लड़ेगी। ममता बनर्जी ने कहा, तृणमूल कांग्रेस बंगाल में अकेले चुनाव लड़ती है। सभी पार्टियां तृणमूल कांग्रेस के खिलाफ लड़ती हैं, उन्हें लड़ने दो, सबकी अपनी-अपनी सोच होती है। 2016 और 2021 के चुनावों में कांग्रेस का लेफ्ट के साथ सीट-शेयरिंग समझौता था। हालांकि, इस बार कांग्रेस ने अभी तक लेफ्ट के साथ गठबंधन में कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई है। नतीजतन, यह अटकलें लगाई जा रही थीं कि क्या कांग्रेस 2011 की तरह तृणमूल के साथ गठबंधन करेगी। कांग्रेस के फैसले पर अधीर रंजन चौधरी ने कहा है कि आलाकमान ने जो फैसला किया हम उसके साथ हैं। कांग्रेस और लेफ्ट फ्रंट ने 2016 में पहली बार एक साथ चुनाव लड़ा था, जब कांग्रेस ने 44 सीटें जीती थीं और सीपीआई(एम) को 26 सीटें मिली थीं। 2021 में लेफ्ट फ्रंट और कांग्रेस दोनों को एक भी सीट नहीं मिली। 2024 के लोकसभा चुनावों में, कांग्रेस एक सीट जीतने में कामयाब रही, जबकि लेफ्ट को कोई सीट नहीं मिली। (अनंत ज्ञान)

# सोना फिर 1.50 लाख से नीचे लुढ़का, चांदी में भी गिरावट

**एजेंसी, नई दिल्ली**

सोने-चांदी के वायदा भाव में गिरावट देखने को मिल रही है। दोनों के भाव वीरवार (5 जनवरी) को तेजी के साथ खुले। खबर लिखे जाने के समय घरेलू बाजार में सोने के वायदा भाव 1,49,00 रुपए, जबकि चांदी के भाव 2,52,750 रुपए के करीब कारोबार कर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी सोना-चांदी नरमी के साथ कारोबार कर रहे हैं। सोने के वायदा भाव की शुरुआत गिरावट के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोने का बेंचमार्क अप्रैल कॉन्ट्रैक्ट 1,098 रुपए की गिरावट के साथ 1,51,948 रुपए के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 1,53,046 रुपए था। खबर लिखे जाने के समय यह कॉन्ट्रैक्ट 3,964 रुपए की गिरावट के साथ 1,49,082 रुपए के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 1,51,948 रुपए के भाव पर दिन का उच्च और 1,48,455 रुपए के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया। सोने के वायदा भाव ने पिछले महीने 1,80,779 रुपए के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया था। (अनंत ज्ञान)



### चांदी की चमक पड़ी फीकी

**चांदी** के वायदा भाव की शुरुआत सुस्त रही। चांदी का बेंचमार्क मार्च कॉन्ट्रैक्ट 10,754 रुपए की गिरावट के साथ 2,58,096 रुपए पर खुला। पिछला बंद भाव 2,68,850 रुपए था। खबर लिखे जाने के समय यह कॉन्ट्रैक्ट 16,131 रुपए की गिरावट के साथ 2,52,719 रुपए के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 2,58,096 रुपए के भाव पर दिन का उच्च और 2,52,719 रुपए के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया। चांदी के वायदा भाव ने इस साल 4,20,048 रुपए किलो के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया।

## उत्तर भारतीय सिर्फ हिंदी जानते हैं, यहां आकर बेचते हैं पानी पूरी: एमआरके

**एजेंसी, नई दिल्ली।** तमिलनाडु के कृषि मंत्री एमआरके पन्नीरसेल्वम ने कहा कि उत्तर भारत से आए लोग सिर्फ हिंदी जानते हैं, इसलिए उन्हें अच्छी नौकरियां नहीं मिलतीं।



वे तमिलनाडु आकर टेबल साफ करने, मजदूरी करने या पानी पूरी बेचने जैसे काम करते हैं। पन्नीरसेल्वम ने एक सार्वजनिक कार्यक्रम में ये बातें कहीं। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु की दो-भाषा नीति (तमिल और अंग्रेजी) की वजह से हमारे बच्चे अमेरिका, लंदन जैसी जगहों पर जाकर करोड़ों कमा रहे हैं। भाजपा और दूसरी विपक्षी पार्टी के नेता इस बयान का विरोध कर रहे हैं। तमिलनाडु भाजपा ने सोशल मीडिया X पर पन्नीरसेल्वम की वीडियो शेयर करते हुए लिखा कि यह केवल एक व्यक्तिगत टिप्पणी नहीं है, बल्कि एक पैटर्न बन चुका है। भाजपा ने कहा- डीएमके के कई नेता प्रवासी मजदूरों का, विशेषकर उत्तर भारतीय या हिंदी बोलने वालों का बार-बार मजाक उड़ा चुके हैं, ऐसे में जब तमिलनाडु में प्रवासी मजदूरों के खिलाफ हिंसा बढ़ रही है, इस तरह के बयान गैर-जिम्मेदाराना और खतरनाक हैं। (अनंत ज्ञान)

## व्हाइट हाउस का दावा-रूसी तेल नहीं खरीदने पर भारत ने जताई प्रतिबद्धता

**एजेंसी, वॉशिंगटन**

अमेरिका के राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय 'व्हाइट हाउस' ने कहा कि भारत ने रूसी तेल की खरीद बंद करने की प्रतिबद्धता जताई है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रमुख अमेरिकी क्षेत्रों में 500 अरब अमेरिकी डॉलर के निवेश पर भी सहमति व्यक्त की है।

यह बयान 'व्हाइट हाउस' की प्रेस सचिव कैरोलाइन लेविट ने दिया। कैरोलाइन ने पत्रकारों के साथ बातचीत में कहा, 'राष्ट्रपति (डोनाल्ड ट्रंप) ने भारत के साथ एक और बड़ा व्यापार समझौता किया है। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी से बात की। दोनों देशों के बीच बहुत अच्छे संबंध हैं। भारत न केवल रूस से तेल खरीदना बंद करने के लिए प्रतिबद्ध है, बल्कि अमेरिका से तेल खरीदने के लिए भी प्रतिबद्ध है। संभवत: वेनेजुएला से भी जिससे हमें पता है कि अब अमेरिका और अमेरिकी जनता को सीधा लाभ होगा।' इसके अलावा प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिका में 500 अरब डॉलर के निवेश की प्रतिबद्धता जताई है। इसमें परिवहन, ऊर्जा एवं कृषि उत्पाद भी शामिल हैं। इसलिए राष्ट्रपति ट्रंप की बदौलत यह एक और शानदार व्यापार समझौता है।

इस बीच, अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जैमीसन ग्रीर ने 'सीएनबीसी स्क्वॉक बॉक्स' के साथ साक्षात्कार में व्यापार समझौते के तहत भारत के अमेरिकी औद्योगिक व कृषि उत्पादों, जैसे कि 'फल व सब्जियां' पर शुल्क घटाकर शून्य प्रतिशत करने को 'बड़ी जीत' करार दिया। उन्होंने कहा, 'हम कागजी कार्रवाई पूरी कर लेंगे लेकिन हमें सारी बारीकियां पता हैं।' ग्रीर ने कहा कि भारत के साथ औद्योगिक वस्तुओं पर वर्तमान में औसत शुल्क करीब 13.5 प्रतिशत है। उन्होंने कहा, 'यह सभी वस्तुओं पर लगभग शून्य हो जाएगा। लगभग कहने का मेरा मतलब 98-99 फीसदी से है। कृषि क्षेत्र में कृषि उत्पादों की विशाल श्रृंखला है। इसलिए यह शुल्क शून्य हो जाएगा।' (अनंत ज्ञान)

# सेंसेक्स 503 अंक गिरकर 83,313 पर बंद

## निफ्टी भी 133 अंक गिरा, मेटल शेयरों में हुई सबसे ज्यादा बिकवाली

**एजेंसी, मुंबई**

वैश्विक शेयर बाजारों में कमजोरी के रुझान के बीच, बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी वीरवार को तीन दिन की तेजी को तोड़ते हुए गिरावट के साथ बंद हुए।

मंदी के साथ कारोबार शुरू करने के बाद, 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 503.76 अंक गिरकर 83,313.93 पर बंद हुआ। दिन के दौरान, यह 666.07 अंक गिरकर 83,151.62 पर पहुंच गया। 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 133.20 अंक या 0.52 प्रतिशत गिरकर 25,642.80 पर बंद हुआ। सेंसेक्स सूची में शामिल कंपनियों में से, इटरनल, भारती एयरटेल, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, आईटीसी, इंफोसिस, रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईसीआईसीआई बैंक और एशियन पेंट्स प्रमुख रूप से पिछड़ने वाली कंपनियों में शामिल थीं। वहीं, ट्रेंट, टाटा स्टील, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया और बजाज फाइनेंस को लाभ हुआ। एशियाई बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कोस्पी सूचकांक लगभग 4 प्रतिशत गिरकर बंद हुआ। जापान का निक्केई 225 सूचकांक और शंघाई का एसएसई कंपोजिट सूचकांक भी नकारात्मक दायरे में बंद हुए, जबकि हांगकांग का हैंग सेंग सूचकांक बढ़त के साथ बंद हुआ।



यूरोपीय बाजारों में गिरावट देखी गई। बुधवार को अमेरिकी बाजार अधिकतर गिरावट के साथ बंद हुए। नैस्डैक कंपोजिट इंडेक्स में 1.51 प्रतिशत की गिरावट आई और एसएंडपी 500 में 0.51 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। वहीं, डाउ जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज 0.53 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुआ। जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के अनुसंधान प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि भारतीय शेयर बाजारों में स्थिरता देखी गई, क्योंकि हाल के सत्रों में अमेरिका-भारत व्यापार समझौते को लेकर आशावाद के चलते कमजोरी के बाद तेज उछाल आया था, जिससे पता चलता है कि मुनाफावसूली हो रही थी।

उन्होंने कहा कि वैश्विक संकेतों ने और दबाव डाला, अंतरराष्ट्रीय बाजारों में व्यापक तकनीकी बिकवाली की चिंताओं और अमेरिका-ईरान तनाव में वृद्धि के कारण जोखिम से बचने की भावना पैदा हुई। नायर ने कहा कि बाजार के भागीदार अब आगामी आरबीआई नीति बैठक पर अपना ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

## केंद्रीय बजट को विधायक बतरा ने बताया निराशाजनक

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा स्कीम का नाम बदलने के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नगर निगम के बाहर सांकेतिक धरना दिया और शहर में विरोध प्रदर्शन करते हुए डीसी के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। बाद में पत्रकारों से बातचीत करते कांग्रेस विधायक बीबी बतरा ने कहा कि भाजपा सिर्फ धर्म के नाम पर राजनीति कर रही है और विकास कार्यो से सरकार का कोई लेना देना नहीं है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का देश की आजादी में अहम योगदरान रहा और पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने महात्मा गांधी के नाम पर गरीब व मजदूर वर्ग के हितो के लिए ही मनरेगा स्कीम की शुरूआत की थी। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सिर्फ वोट बैंक के लिए ही स्वतंत्रता सेनानियों का इस्तेमाल किया है और अब सरकार ने मनरेगा से महात्मा गांधी का नाम ही हटाया है, बल्कि पूरी योजना को ही बदल दिया है।

## कैंसर इलाज की बढ़ती लागत बनी बड़ी चुनौती

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** केयर हेल्थ इंश्योरेंस ने विश्व कैंसर जागरूकता दिवस पर, देश भर में कैंसर के इलाज के मामले में वित्तीय बोझ में हो रही बढ़ोतरी को रेखांकित किया है। कंपनी के दावों के आंकड़े से पता चलता है कि कैंसर का इलाज लंबे समय तक चलता है और इसमें काफी खर्च होता है, जिससे मरीजों तथा उनके परिवारों पर भारी बोझ पड़ता है। केयर हेल्थ इंश्योरेंस के मुख्य परिचालन अधिकारी, मनीष डोडेजा ने उभरते रुझानों पर अपनी टिप्पणी में कहा, 'कैंसर का इलाज न केवल चिकित्सकीय रूप से जटिल है, बल्कि इसमें लंबे और कई चरण की देखभाल के तरीके भी शामिल हैं, जो अक्सर कई महीनों तक चलते हैं।' दावों के विश्लेषण से स्पष्ट होता है कि कैंसर के इलाज की लागत तेजी से बढ़ रही है, शुरुआती चरण के इलाज में आमतौर पर 5-7 लाख प्रति मामले का खर्च आता है, जबकि अधिक जटिल मामलों और कैंसर के उन्नत चरण में बीमारी बढ़ने की स्थिति में देखभाल की जरूरत, उपचार प्रोटोकॉल और उपचार की अवधि के आधार पर खर्च 20-30 लाख प्रति उपचार तक हो सकता है।

## भारत को वैश्विक मैन्युफैक्चरिंग हब बनाने की दिशा में निर्णायक कदम है बजट : दीपक

**अनंत ज्ञान**

**चंडीगढ़।** बजट 2026 देश की आर्थिक विकास यात्रा को तेज करने और 'विकसित भारत' के विजन को आगे बढ़ाने की दिशा में एक निर्णायक रोडमैप पेश करता है।

सात रणनीतिक क्षेत्रों में मैन्युफैक्चरिंग को विस्तार देने व चैंपियन एमएसएमई को प्रोत्साहन देने पर दिया गया जोर, देश की घरेलू क्षमताओं को मजबूत करने के साथ-साथ भारत को वैश्विक मैन्युफैक्चरिंग हब के रूप में स्थापित करने की दिशा में अहम कदम है। यह बात जेसीबी इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर एवं सीईओ, दीपक शेट्टी ने कही। दीपक शेट्टी ने बताया कि कंस्ट्रक्शन इक्विपमेंट सेक्टर के लिए यह बजट खासतौर पर उत्साहजनक है। टनल बोरिंग मशीन, अर्थमूविंग इक्विपमेंट और क्रेन सिस्टम जैसे हाई-वैल्यू कैपिटल गुड्स के घरेलू निर्माण को बढ़ावा देने से उन्नत तकनीक वाले उपकरणों की मांग बढ़ेगी, नवाचार को गति मिलेगी और भारत की वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मक स्थिति और मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि बजट में बुनियादी ढांचे पर दिया गया विशेष ध्यान, खासकर सात हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर को ग्रोथ कनेक्टर के रूप में विकसित करने की योजना, क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को मजबूत करेगी, शहरी गतिशीलता में सुधार लाएगी और उत्पादकता बढ़ाएगी। इससे भारत वैश्विक निवेश के लिए और अधिक आकर्षक गंतव्य बनेगा।



इसके साथ ही विदेशी मुद्रा प्रबंधन ढांचे की समीक्षा, कॉरपोरेट बॉन्ड मार्केट को गहराई देने के उपाय और पोर्टफोलियो इन्वेस्टमेंट स्कीम के तहत नॉन-रेज़िडेंट निवेशकों की इक्विटी में भागीदारी जैसे सुधार, दीर्घकालिक पूंजी निवेश और उद्यम विकास के लिए एक मजबूत माहौल तैयार करते हैं। उन्होंने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि कुल मिलाकर, बजट 2026 विकास, संरचनात्मक सुधारों और दीर्घकालिक प्रतिस्पर्धात्मकता के बीच संतुलन बनाता है। यह देश को एक विश्वस्तरीय मैन्युफैक्चरिंग और इंफ्रास्ट्रक्चर हब के रूप में उभरने का रास्ता दिखाता है और ऐसे अवसर पैदा करता है, जिनका लाभ वैश्विक स्तर पर महसूस किया जाएगा।

# विधानसभा कमेटी ने पीजीआईएमएस का किया निरीक्षण

**अनंत ज्ञान**

**चंडीगढ़।** हरियाणा विधानसभा तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक शिक्षा, मेडिकल शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं की विधायकों की कमेटी ने वीरवार को पीजीआईएमएस रोहतक का दौरा किया। इस कमेटी ने यहां पीजीआईएमएस में सुविधाओं का जायजा लिया और कामकाज की समीक्षा की। कमेटी की अध्यक्षता इंद्री विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के विधायक रामकुमार कश्यप ने की। कमेटी में अध्यक्ष के अलावा दस अन्य विधायक भी शामिल हैं। हालांकि, इस दौरे में कुल 8 विधायक मौजूद रहे।

इस कमेटी के सदस्यों ने हेल्थ यूनिवर्सिटी के वीसी व पीजीआईएमएस रोहतक के डॉयरेक्टर के साथ भी मीटिंग की। इस दौरान कमियों को जल्द दूर करने के निर्देश दिए गए। बाद में पत्रकारों से बातचीत में विधानसभा कमेटी के अध्यक्ष रामकुमार कश्यप ने बताया कि पीजीआईएमएस में सभी प्रकार की सुविधाओं का जायजा लिया गया। संस्थान में दवाइयों की कमी नहीं है, लेकिन डॉक्टरों की कमी की बात सामने आई है। हालांकि, अधिकारियों ने बताया कि डॉक्टरों की कमी को पूरा करने के लिए प्रक्रिया शुरू कर दी गई है और जल्द ही रिक्त पद भरे जाएंगे। उन्होंने बताया कि अन्य प्रकार की कमियों को पूरा करने के लिए अधिकारियों को समयसीमा दी गई है।



बरौदा विधानसभा क्षेत्र से विधायक इंदूराज नरवाल ने कहा कि विधानसभा समिति के दौरे में मरीजों से बातचीत की गई। इसके अलावा पीजीआईएमएस में बहुत सारी कमियां मिली हैं। वार्डों का भी बुरा हाल है। इस बारे में अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि सुधार किया जाएगे। वे व्यक्तिगत तौर पर भी पीजीआईएमएस का दौरा कर सुविधाओं का जायजा लेंगे। बादली से कांग्रेस विधायक कुलदीप वत्स ने कहा कि पीजीआईएमएस में पूरे हरियाणा से लोग आते है और यहां पर काफी खामियां मिली है। काफी प्रोजेक्ट अधूरे पडे है, जिन पर कोई काम नहीं हुआ है। उन्होंने बताया कि पीजीआई में 22 सौ बेड है और 1350 नर्स है तो इसी बात से अंदाज लगाया जा सकता है कि कैसे मरीजों का ईलाज हो रहा है। उन्होंने कहा कि वह इस मामले को लेकर मुख्यमंत्री से मिलेगे और विधानसभा में भी इस मामले को प्रमुखता से उठाया जाएगा। साथ ही उन्होंने केन्द्रीय बजट को लेकर भी प्रतिक्रिया दी और कहा कि मौजूदा बजट किसान और मजदूर विरोधी है और केंद्र सरकार की नीतियां किसानों व मेहनतकश वर्ग को कमजोर करने की दिशा में काम कर रही हैं। पीजीआई के अधिकारियों ने कमेटी के सदस्यों को जल्द समस्याओं के समाधान का भी आश्वासन दिया।

**खुलासा** विदेश मंत्री से कहा था- भारत झुकेगा नहीं, ट्रंप के हटने का इंतजार करेंगे

# डोभाल की बैकडोर बातचीत के बाद हुई अमेरिकी ट्रेड डील

**एजेंसी, वॉशिंगटन**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पिछले साल सितंबर की शुरुआत में चीन गए थे, जहां उन्होंने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से दोस्ताना मुलाकात की थी। इसके कुछ ही दिनों बाद भारत ने अमेरिका के साथ बिगड़ते रिश्तों को संभालने की कोशिशें तेज कर दीं।

इसी सिलसिले में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल को वॉशिंगटन भेजा गया। वहां उन्होंने अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो से मुलाकात की। यह जानकारी अमेरिकी मीडिया ब्लूमबर्ग ने सूत्रों के हवाले से दी है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक, इस बातचीत में डोभाल ने साफ कहा कि भारत अमेरिका के साथ चल रही कड़वाहट को खत्म करना चाहता है और दोबारा ट्रेड डील पर बातचीत शुरू करने के लिए तैयार है। हालांकि, डोभाल ने यह भी स्पष्ट किया कि भारत किसी भी तरह के दबाव में नहीं आएगा। उन्होंने कहा कि अगर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनकी टीम सख्त रुख अपनाती है, तो भारत मौजूदा सरकार के कार्यकाल के खत्म होने का इंतजार भी कर सकता है। भारत इससे पहले भी अमेरिका की मुश्किल सरकारों का सामना कर चुका है।

### ट्रंप भारत के खिलाफ बयान देना बंद करें



**ब्लूमबर्ग** की रिपोर्ट के मुताबिक, डोभाल ने यह भी कहा था कि भारत चाहता है कि ट्रंप और उनके सहयोगी भारत के खिलाफ खुलेआम बयान देना बंद करें, ताकि रिश्ते दोबारा पटरी पर आ सकें। उस समय भारत ट्रंप के बयानों से नाराज था, क्योंकि अगस्त में ट्रंप ने भारतीय सामान पर 50% टैक्स लगा दिया था। ट्रंप ने भारत की अर्थव्यवस्था को 'डेड' (मरी हुई) कहा था और आरोप लगाया था कि भारत रूस से तेल खरीदकर यूक्रेन युद्ध में मदद कर रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक, डोभाल की इस बातचीत के कुछ ही दिनों बाद हालात बदलते दिखने लगे। 16 सितंबर को ट्रंप ने पीएम मोदी को उनके जन्मदिन पर फोन किया और उनके काम की तारीफ की। इसके बाद साल के अंत तक दोनों नेताओं के बीच चार बार और फोन पर बातचीत हुई। इसी दौरान दोनों देश टैक्स कम करने वाले समझौते की तरफ बढ़ते रहे।

### भारत-पाक संघर्ष पर ट्रंप के बयान से बिगड़े थे रिश्ते

**पिछले** कुछ महीनों में दोनों देशों के रिश्ते इसलिए भी खराब हुए थे, क्योंकि ट्रंप ने भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव सुलझाने का दावा किया था, जिसे मोदी ने साफ नकार दिया। इसके बाद मोदी ने व्हाइट हाउस जाने से भी इनकार कर दिया और एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में ट्रंप से मिलने से बचते नजर आए। दिसंबर में अमेरिका के नए राजदूत सर्जियो गोर के भारत आने के बाद रिश्तों में फिर से सुधार दिखने लगा।

### भारत को विकसित देश बनने के लिए अमेरिकी मदद चाहिए

**भारत** लगातार अमेरिका से रिश्ते सुधारने की कोशिश कर रहा था। डोभाल की सितंबर वाली मुलाकात इसी कोशिश का हिस्सा थी। भारत का मानना है कि अमेरिका उसके लिए लंबे समय का अहम साथी है और रिश्तों को ज्यादा खराब नहीं होने दिया जा सकता। भारत को लगता है कि चीन के मुकाबले और 2047 तक देश को विकसित बनाने के लिए अमेरिका की तकनीक, पैसा और सैन्य सहयोग बहुत जरूरी है। भारतीय अधिकारियों का कहना है कि ट्रंप एक अस्थायी दौर हैं।

# दंगल से प्रतिभा को प्रोत्साहन देना पुरानी परंपरा : बडौली

**अनंत ज्ञान**

**चंडीगढ़।** हरियाणा की पारंपरिक खेल संस्कृति को सशक्त बनाने और ग्रामीण प्रतिभाओं को मंच देने की दिशा में कुश्ती दंगल अहम भूमिका निभाते हैं, ऐसे आयोजनों से युवाओं को खेलों से जोड़ने का अवसर मिलता है, अनुशासन, परिश्रम और भाईचारे की भावना भी विकसित होती है।

कुश्ती दंगल से प्रतिभा को प्रोत्साहन देना हमारी पुरानी परंपरा है। दादा देसराज स्टेडियम, गांव हलालपुर में 28वें कुश्ती मिट्टी दंगल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश भाजपा प्रदेशअध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली मुख्यातिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने दंगल में भाग लेने वाले पहलवानों से परिचय प्राप्त किया और उनका उत्साहवर्धन किया। अखाड़े में उतरे पहलवानों ने दमखम दिखाते हुए शानदार कुश्ती का प्रदर्शन किया, जिसे दर्शकों ने सराहा। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कुश्ती हमारी प्राचीन खेल परंपरा का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं और ऐसे आयोजनों से ग्रामीण क्षेत्रों की खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है।



उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार खेल और खिलाड़ियों के हित में निरंतर कार्य कर रही है। सरकार द्वारा बेहतर सुविधाएं, आधुनिक स्टेडियम, प्रशिक्षण व्यवस्था और प्रोत्साहन प्रदान किया जा रहा है, जिससे प्रदेश खेलों के क्षेत्र में देशभर में अग्रणी बना हुआ है। कार्यक्रम के दौरान विजेता पहलवानों को पुरस्कृत किया गया। प्रदेश अध्यक्ष ने कुश्ती दंगल के सफल आयोजन के लिए आयोजक सामबीर दहिया और आयोजन समिति को बधाई दी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश की खेल नीति खिलाड़ियों को सम्मान, सुरक्षा और उज्ज्वल भविष्य देने पर केंद्रित है, जिसके परिणामस्वरूप हरियाणा के खिलाड़ी विभिन्न खेलों में पदक जीतकर प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष अशोक भारद्वाज, खरखौदा विधायक पवन खरखौदा सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी, ग्रामीण उपस्थित रहे।

## कोटक फ्लेक्सी कैप फंड ने लॉन्ग टर्म वेल्थ क्रिएशन जर्नी के पूरे किए 15 साल

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ।** कोटक महिंद्रा एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड ('कोटक म्यूचुअल फंड') ने कोटक फ्लेक्सी कैप फंड के 15 साल पूरे होने की घोषणा की। इस योजना ने शुरू होने से अब तक 16.59% की सालाना औसत रिटर्न दिया है और अलग-अलग मार्केट साइकिल में लंबी अवधि में मजबूत प्रदर्शन किया है। कोटक महिंद्रा एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर, नीलेश शाह ने कहा कि, 'कोटक फ्लेक्सी कैप फंड के 15 साल पूरे होना हमारे लिए और उन निवेशकों के लिए गर्व की बात है, जो लगातार इस फंड से जुड़े रहे हैं। फ्लेक्सी कैप फंड की कैटेगरी आज भी बहुत अहम है, क्योंकि यह निवेशकों को भारत की ग्रोथ की यात्रा में अलग-अलग सेगमेंट्स में निवेश का मौका देती है, जबकि मार्केट कैपिटलाइजेशन से जुड़े फैसले एक अनुभवी निवेश टीम पर छोड़ दिए जाते हैं।'

## स्पोर्ट्स विंडो

### भारत की लंबी दूरी की धाविका पूजा डोप टेस्ट नहीं देने के कारण निलंबित

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारत की लंबी दूरी की धाविका पूजा आत्माराम को डोप टेस्ट से बचने के कारण एथलेटिक्स इंटीग्रिटी यूनिट (एआईयू) ने अस्थायी तौर पर निलंबित कर दिया है। पांच हजार और 10000 मीटर में भाग लेने वाली राजस्थान की पूजा 2024 में इंडियन ग्रां प्री 2 में तीसरे स्थान पर रही थी। पिछले साल लखनऊ में राष्ट्रीय क्रॉसकंट्री चैंपियनशिप में वह 25वें स्थान पर रही। एआईयू ने एक संक्षिप्त बयान में कहा,''एआईयू ने भारत की पूजा आत्माराम को नमूना देने से बचने, मना करने या नहीं देने के कारण अस्थायी तौर पर निलंबित कर दिया है। आरोप का नोटिस जारी कर दिया गया है।'' पूजा को विश्व डोपिंग निरोधक एजेंसी की आचार संहिता की धारा 2.3 के उल्लंघन के कारण निलंबित किया गया है। (अनंत ज्ञान)

### शीतकालीन ओलंपिक में मशाल थामकर गौरवान्वित हूं : बिंद्रा

**एजेंसी, नई दिल्ली।** ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता निशानेबाज अभिनव बिंद्रा ने वीरवार को कहा कि मिलान कोर्तिना शीतकालीन खेलों से पहले ओलंपिक मशाल थामकर वह काफी अच्छा और गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। शीतकालीन ओलंपिक शुक्रवार को इटली में शुरू हो रहे हैं। बिंद्रा ने बारिश के बीच ली गई तस्वीरों को एक्स पर साझा करते हुए लिखा,''मिलानोकोर्तिना 26 में ओलंपिक की मशाल थामकर गौरवान्वित हूं। यह एकता, दृढ़ता और साझा मानवीय आकांक्षा का प्रतीक है।'' बीजिंग ओलंपिक 2008 में 10 मीटर एयर राइफल में स्वर्ण पदक जीतने वाले बिंद्रा को पिछले साल अक्तूबर में मशाल वाहक चुना गया था। शीतकालीन ओलंपिक 22 फरवरी को समाप्त होंगे। इसमें 16 खेलों में 116 पदक दाव पर लगे हैं। (अनंत ज्ञान)

### पाकिस्तान खेले या नहीं, हम कोलंबो जाएंगे: सूर्यकुमार यादव

**एजेंसी, मुंबई।** भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने वीरवार को स्पष्ट किया कि भारत की टीम पाकिस्तान के खिलाफ आईसीसी टी20 विश्व कप मैच के लिए कोलंबो जाएगी, भले ही पाकिस्तान ने मुकाबले के बहिष्कार की घोषणा की हो। भारत को 15 फरवरी को अपने चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से खेलना है, लेकिन पाकिस्तान क्रिकेट टीम को उसकी सरकार ने सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए मैच में हिस्सा नहीं लेने का निर्देश दिया है। इसी वजह से टूर्नामेंट में बांग्लादेश की जगह स्कॉटलैंड को शामिल किया गया है। टूर्नामेंट से पहले कप्तानों की प्रेस कॉन्फ्रेंस में सूर्यकुमार ने कहा कि यह फैसला हमारे नियंत्रण में नहीं है। हमने खेलने से इनकार नहीं किया है। आईसीसी ने कार्यक्रम तय किया है और हमारी फ्लाइट की टिकट बुक हो चुकी है। हम कोलंबो जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि टीम के भीतर इस पर चर्चा हो चुकी है और भारत सात फरवरी को अपना अगला मैच खेलने के बाद कोलंबो के लिए रवाना होगा। हम वहां जा रहे हैं: पाकिस्तान के खिलाफ भारत के टी20 विश्व कप मैच पर सूर्यकुमार ने कहा मुंबई, पांच फरवरी (भाषा) भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने बृहस्पतिवार को कहा कि उनकी टीम पाकिस्तान के खिलाफ आईसीसी टी20 विश्व कप मैच के लिए कोलंबो जाएगी, फिर भले ही पड़ोसी देश ने मैच का बहिष्कार करने की घोषणा क्यों न की हो। (अनंत ज्ञान)

### खूबसूरत हॉकी खिलाड़ी डेनिएल ग्रेगा

डेनिएल ग्रेगा एक अमेरिकी फील्ड हॉकी खिलाड़ी हैं, जिन्हें 2018 में अमेरिकी महिला राष्ट्रीय टीम में नामित किया गया था। वह अपने पदार्पण के बाद से राष्ट्रीय टीम में लगातार उपस्थिति रही हैं, और पैन अमेरिकन गेम्स और एफआईएच प्रो लीग जैसे आयोजनों में भाग ले रही हैं।



भारत की नजरें छठे खिताब पर, इंग्लैंड की तेज गेंदबाजी से होगी कड़ी चुनौती

# जॉर्ज-म्हात्रे की फॉर्म से इंग्लैंड पर भारी भारत

## अंडर-19 विश्व कप फाइनल आज



**एजेंसी, हरारे**

छठा खिताब जीतने की कोशिश में जुटी भारत की अंडर-19 क्रिकेट टीम जब आईसीसी अंडर-19 विश्व कप के फाइनल में शुक्रवार को इंग्लैंड से खेलेगी तो उसकी उम्मीदें शानदार फॉर्म में चल रहे अपने बल्लेबाजों पर टिकी होंगी।

अफगानिस्तान के खिलाफ सेमीफाइनल में विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने जीत दर्ज की, जिसमें कप्तान आयुष म्हात्रे और सलामी बल्लेबाज आरोन जॉर्ज ने यादगार पारियां खेली। इस जीत से पांच बार की चैंपियन भारतीय टीम का हौसला बढ़ा है जिसने पिछली बार 2022 में खिताब जीता था।

भारत ने अमेरिका के खिलाफ पहले ग्रुप मैच से ही बेहतरीन खेल दिखाया है। सेमीफाइनल में 300 से अधिक के लक्ष्य का पीछा करते हुए अफगानिस्तान को हराकर भारतीय टीम ने अपराजेय रिकॉर्ड कायम रखा। अब उसका सामना एक और अपराजेय टीम इंग्लैंड से होना है।

भारत को बखूबी पता है कि गत चैम्पियन आस्ट्रेलिया को हराकर इंग्लैंड के हौसले बुलंद है और उसे हराना आसान नहीं होगा। भारत को एक ईकाई के रूप में अच्छा प्रदर्शन करना होगा और नजरें वैभव सूर्यवंशी पर भी लगी होंगी जिनके बल्ले से हो रही आतिशबाजी का जवाब तलाशने के लिए विरोधी गेंदबाज जूझते नजर आए हैं। अगले महीने 15 वर्ष के हो रहे सूर्यवंशी तीन अर्धशतक और एक शतक लगा चुके हैं। इंग्लैंड के सामने उन्हें हालांकि, संयम से खेलना होगा, क्योंकि मैन्नी लुम्सडेन की अगुवाई में उसके पास मजबूत तेज गेंदबाजी आक्रमण है। भारत का अंडर-19 विश्व कप फाइनल में रिकॉर्ड अच्छा रहा है और दसवीं बार टीम फाइनल में पहुंची है। पिछली बार 2022 में वेस्टइंडीज में हुए टूर्नामेंट में भारत ने इंग्लैंड को ही हराया था।

अफगानिस्तान के खिलाफ सेमीफाइनल में म्हात्रे के फॉर्म में लौटने से बल्लेबाजी और मजबूत हुई है। मध्यक्रम में विहान मल्होत्रा ने कई अच्छी पारियां खेली हैं जबकि विकेटकीपर बल्लेबाज अभिज्ञान कुंडू भी दो अर्द्धशतक लगा चुके हैं।

दीपेश देवेंद्रन , हेनिल पटेल और आर एस अंबरीश की मौजूदगी में भारतीय तेज आक्रमण भी अच्छा रहा है लेकिन इंग्लैंड के बल्लेबाज तेज गेंदबाजों को खेलने में माहिर हैं । ऐसे में स्पिनर कनिष्क चौहान और खिलन पटेल की भूमिका अहम हो जाएगा हालांकि टीम संयोजन पिच की स्थिति पर निर्भर करेगा। टूर्नामेंट में सर्वाधिक विकेट लेने वाले शीर्ष पांच गेंदबाजों में कोई भारतीय नहीं है। इंग्लैंड के मैन्नी लुम्सडेन 15 विकेट लेकर शीर्ष पर है, लेकिन भारतीय गेंदबाजों ने एक ईकाई के रूप में अच्छा प्रदर्शन किया है।

इंग्लैंड के लिए बेन मायेस ने एक शतक और दो अर्द्धशतक समेत 399 रन बनाए हैं। कप्तान थॉमस रियू भी अच्छे फॉर्म में हैं और सेमीफाइनल में आस्ट्रेलिया के खिलाफ शतक समेत 299 रन बना चुके हैं। (अनंत ज्ञान)

**मैच : दोपहर 1 : 00 बजे से**

**संभावित टीमें**

**भारत:** आरोन जॉर्ज, अभिज्ञान कुंडू, हरवंश पंगालिया, वैभव सूर्यवंशी, वेदांत त्रिवेदी, आयुष म्हात्रे (कप्तान), विहान मल्होत्रा, आरएस अंबरीश, कनिष्क चौहान, खिलन पटेल, दीपेश देवेंद्रन, हेनिल पटेल, मोहम्मद एनान, उद्धव मोहन और किशन सिंह।

**इंग्लैंड :** थॉमस रियू (कप्तान), राल्फी अलबर्ट, अली फारूक, बेन डॉकिंस, कालेब फाकनेर, फरहान अहमद, एलेक्स फ्रेंच, एलेक्स ग्रीन, ल्यूक हैंड्स, इसाक मोहम्मद, मैन्नी लुम्सडेन, बेन मायेस, जेम्स मिंटो, जोसेफ मूरेस, सेबेस्टियन मोर्गन।

## अगर भारत दूसरे देश में खेलने से मना करता है तो क्या आईसीसी उसे बाहर कर देगा : हुसैन

**एजेंसी, लंदन**

इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन ने विश्व क्रिकेट में निरंतरता की मांग करते हुए बांग्लादेश के टी20 विश्व कप से बाहर करने के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के फैसले पर सवाल उठाते हुए पूछा कि अगर भारत इतने कम समय के नोटिस में किसी देश में खेलने से इनकार कर देता तो क्या संचालन संस्था इतनी ही सख्ती बरतती।



आईसीसी ने बांग्लादेश के सुरक्षा मुद्दों के कारण भारत में खेलने से इनकार करने के बाद टी20 विश्व कप में उसकी जगह स्कॉटलैंड को शामिल कर दिया। हुसैन ने 'स्काई स्पोर्ट्स क्रिकेट पॉडकास्ट' पर पूछा, ''अगर भारत टूर्नामेंट से एक महीने पहले कहता कि हमारी सरकार हमें विश्व कप के लिए एक देश में नहीं खेलने देना चाहती तो क्या आईसीसी इतना ही सख्त रहता और कहता, 'आप नियम जानते हैं, हम तुम्हें टूर्नामेंट से बाहर कर रहे हैं?'' हुसैन ने नियमों के समान रूप से लागू करने की जरूरत पर जोर दिया।

उन्होंने कहा, ''सभी टीम सिर्फ एक ही सवाल पूछती हैं और वो है निरंतरता। बांग्लादेश, पाकिस्तान और भारत से एक समान व्यवहार किया जाना चाहिए। भारत में प्रशंसक कह सकते हैं, 'और रोओ, हमारे पास पैसा है'। लेकिन ताकत के साथ जिम्मेदारी भी साथ आती है। '' बांग्लादेश के टूर्नामेंट से बाहर किए जाने के बाद पाकिस्तान ने 15 फरवरी को भारत के खिलाफ अपना टी20 विश्व कप का बहिष्कार करने का फैसला किया। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा कि यह फैसला बांग्लादेश के साथ एकजुटता दिखाने के लिए किया गया।

हुसैन ने चेतावनी दी कि अगर विश्व क्रिकेट में फैसलों पर राजनीति हावी रही तो इस खेल का नुकसान होगा। उन्होंने कहा, ''मैं हैरान हूं कि पाकिस्तान ने इतनी सारी मुश्किलों के बावजूद कितना अच्छा प्रदर्शन किया है और कर रहा है। और मुझे सच में बांग्लादेश का अपने फैसले पर अडिग रहना और अपने खिलाड़ियों के लिए खड़े होना अच्छा लगा।'' हुसैन ने कहा, ''मुझे यह भी अच्छा लगा कि पाकिस्तान बांग्लादेश का साथ दे रहा है। किसी चरण पर किसी को कहना चाहिए कि अब बहुत हो गई राजनीति, क्या हम बस क्रिकेट खेलने पर ध्यान लगा सकते हैं।'' आईसीसी ने पाकिस्तान को चेतावनी दी है कि उसे अपने फैसले के गंभीर नतीजे भुगतने पड़ सकते हैं। (अनंत ज्ञान)

## बीएटीसी : थाईलैंड से हारकर भी भारत क्वार्टर फाइनल में

**एजेंसी, किंगदाओ (चीन)**



युवा तन्वी शर्मा के शानदार प्रदर्शन के बावजूद गत चैम्पियन भारत को बैडमिंटन एशिया टीम चैम्पियनशिप में ग्रुप वाय के दूसरे मैच में वीरवार को थाईलैंड के हाथों 2-3 से पराजय झेलनी पड़ी। इस हार के बावजूद भारत ने क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया है।


म्यामां को पहले मैच में 5-0 से हराने के बाद भारत ग्रुप वाय में थाईलैंड के बाद दूसरे स्थान पर रहा। दुनिया की 42वें नंबर की खिलाड़ी और 2024 में ऐतिहासिक स्वर्ण पदक विजेता भारतीय टीम की सदस्य रही तन्वी ने विश्व रैंकिंग में 16वें स्थान पर काबिज बुसानन ओंगामरूनंगफान को 21-14, 17-21, 21-18 से हराया।

गायत्री गोपीचंद और त्रिसा जॉली की जोड़ी ने इसके बाद 65वीं रैंकिंग वाली टी क्लीबायीसुन और नत्तामोन लेइसुआन की जोड़ी को 21-14, 20-22, 21-11 से हराया। रक्षिता रामराज हालांकि, 2023 विश्व जूनियर चैम्पियन 19 वर्ष की पिचामोन ओमात्पिपुत से 19-21, 17-21 से हार गई। दूसरे युगल मैच में तनीषा क्रास्टो और श्रुति मिश्रा को एच मिजाद और नापापाकोर्न तुंगकासातान ने 19-21, 21-14, 21-15 से हराया। मालविका बंसोड को पहले एकल में पोर्नपिचा चोइकीवोंग ने 21-18, 21-14 से हराया। (अनंत ज्ञान)

## भारत के खिलाफ मैच के बहिष्कार का फैसला सही, हम बांग्लादेश के साथ : शाहबाज शरीफ

**एजेंसी, कराची**

भारत के खिलाफ टी20 विश्व कप के मैच के बहिष्कार को सही फैसला बताते हुए पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने कहा कि बांग्लादेश के समर्थन के लिए यह 'सोच समझकर' लिया गया फैसला है।



पाकिस्तान सरकार ने अपनी क्रिकेट टीम को कोलंबो में भारत के खिलाफ 15 फरवरी को होने वाला मैच नहीं खेलने के लिए कहा है। इससे पहले सुरक्षा कारणों से भारत में खेलने से इनकार पर बांग्लादेश को विश्व कप से हटाकर स्कॉटलैंड को उसकी जगह शामिल किया गया। शरीफ ने यहां सरकार की एक बैठक के बाद कहा,''हमने टी20 विश्व कप पर स्पष्ट रुख अपनाया है कि हम भारत के खिलाफ नहीं खेलेंगे, क्योंकि खेल के मैदान पर कोई राजनीति नहीं होनी चाहिए।''

उन्होंने कहा कि हमने सोच समझकर यह रूख अपनाया है और हम पूरी तरह से बांग्लादेश के साथ हैं। मुझे लगता है कि यह बिल्कुल सही फैसला है। जवाब में बांग्लादेश के खेल सलाहकार आसिफ नजरूल ने जवाब में अपने आधिकारिक फेसबुक पेज पर लिखा,''शुक्रिया पाकिस्तान।''

आईसीसी ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को चेताया है कि यह 'हाई प्रोफाइल' मैच नहीं खेलने पर उसे गंभीर परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं। प्रसारकों, प्रायोजकों और विज्ञापनदाताओं के लिए यह मैच कमाई का सबसे बड़ा जरिया है। पाकिस्तानी टीम बाकी लीग मैच खेलने कोलंबो पहुंच गई है।

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड कह चुका है कि भारत का सामना अगर नॉकआउट चरण में होता है तो वह सरकार की सलाह पर अमल करेगा। पीसीबी प्रमुख मोहसिन नकवी ने कहा था कि बांग्लादेश को बाहर करने का फैसला सही नहीं है और सुरक्षा चिंताओं का निवारण किया जाना चाहिए था। आईसीसी ने भारत में विश्व कप मैचों के आयोजन स्थलों का सुरक्षा दौरा करके बांग्लादेश के लिए जोखिम को कम से मध्यम श्रेणी में रखा था। (अनंत ज्ञान)

## एशियाई निशानेबाजी : सुरुचि-सम्राट की जोड़ी ने जीता रजत

**एजेंसी, नई दिल्ली**



भारत की उभरती हुई निशानेबाज सुरुचि सिंह और विश्व चैंपियन सम्राट राणा को शानदार प्रदर्शन करने के बावजूद वीरवार को यहां एशियाई चैंपियनशिप की 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

बुधवार को ईशा सिंह के महिलाओं की एयर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने के बाद भारत के लिए दिन अच्छा रहा, लेकिन सीनियर वर्ग में कोई स्वर्ण पदक नहीं मिला। सुरुचि और राणा की जोड़ी ने 479.6 अंक जुटाए जो एक नया विश्व और एशियाई जूनियर रिकॉर्ड है। उज्बेकिस्तान की जोड़ी ने 481.3 अंक के विश्व रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता।

भारतीय जोड़ी ने शानदार शुरुआत करते हुए पहली सीरीज में 100.5 के स्कोर से चार टीम के फाइनल में बढ़त बनाई, लेकिन निगीना सैदकुलोवा और मुखम्मद कमालोव की उज्बेकिस्तान की जोड़ी ने तीसरी सीरीज तक बढ़त बना ली और 'एलिमिनेशन' चरण तक बढ़त बनाए रखी और स्वर्ण पदक अपने नाम किया। चीनी ताइपे की जोड़ी 412.2 के स्कोर के साथ तीसरे स्थान पर रही। पिछले साल चार आईएसएसएफ विश्व कप स्वर्ण पदक जीतने के अलावा सत्रांत विश्व कप फाइनल में शीर्ष पर रहीं 19 साल की सुरुचि और सम्राट ने क्वालीफिकेशन दौर में कुल 583 अंक के साथ दबदबा बनाया।

विन्ह थू ट्रिन्ह और मिन्ह कोंग लाई की वियतनाम की जोड़ी ने भी 583 अंक हासिल किए, लेकिन भारतीय जोड़ी ने अंदरूनी 10 अंक पर उनके 18 के मुकाबले 22 निशाने लगाकर शीर्ष स्थान हासिल किया। दो बार की ओलंपिक कांस्य पदक विजेता मनु भाकर और श्रवण कुमार की दूसरी भारतीय जोड़ी कुल 571 अंक के साथ नौवें स्थान पर रही और फाइनल में जगह नहीं बना पाई। भारत के सीनियर वर्ग में अब तक चार पदक हो गए हैं, जिसमें दो स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य पदक शामिल है। जूनियर वर्ग में पिछले साल की जूनियर विश्व कप और एशियाई चैंपियनशिप विजेता रश्मिका सहगल ने एक और स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल में 237.9 अंक के साथ सोने का तमगा अपने नाम किया। उनकी हमवतन वंशिका चौधरी ने 236.7 अंक के साथ रजत पदक जीता। वंशिका (577), रश्मिका (572) और अगम ग्रेवाल (565) की जूनियर टीम ने भी कुल 1714 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता। कजाखस्तान (1,671) और श्रीलंका (1,631) क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। (अनंत ज्ञान)

## बोक्सैम एलीट में लवलीना ने की जीत से शुरुआत, हितेश भी अगले दौर में

**एजेंसी, अलीकांटे (स्पेन)**



ओलंपिक कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन ने यहां बोक्सैम एलीट इंटरनेशनल 2026 में यूक्रेन की ओल्हा पिलिपचुक को आसानी से हराकर अपने अभियान की शुरुआत की, जबकि हितेश गुलिया भी अगले दौर में पहुंच गए जिससे भारतीय मुक्केबाजों ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा।

लवलीना महिलाओं के 75 किलोग्राम वर्ग में शानदार फॉर्म में थीं, उन्होंने तेज और सटीक मुक्कों के संयोजन से यूक्रेन की ओल्हा पिलिपचुक को 5-0 के सर्वसम्मत फैसले में हराकर आसानी से अगले दौर में प्रवेश किया। पुरुषों के 70 किलोग्राम वर्ग में हितेश ने भी शानदार फॉर्म जारी रखते हुए कनाडा के विन्सेंट सांटाओरिएलो को 5-0 से शिकस्त दी।

लवलीना के अलावा भारत की अन्य महिला मुक्केबाजों ने भी दमदार जीत दर्ज कीं। मंजू रानी (48 किलोग्राम) ने फ्रांस की ग्लोरिया डिअलेमेडा को 5-0 से हराया तो वहीं नीतू (51 किलोग्राम) ने स्पेन की लौरा काल्डेरॉन को पहले राउंड में आरएससी (रैफरी द्वारा मुकाबला रोका जाना) से जीत दर्ज की। कुसुम (51 किलोग्राम) ने स्पेन की क्लाडिया अलकानिज को 4-1 से जबकि अरुंधति चौधरी (70 किलोग्राम) ने कजाखस्तान की अजीजा इसिना को 5-0 से पराजित किया। बाद में सनामाचा चानू (75 किलोग्राम) ने कनाडा की विक्टोरिया पेने पर 4-1 से फैसले से एक और जीत हासिल की। पुरुषों के मुकाबलों में पवन बर्तवाल (55 किलोग्राम) ने थाईलैंड के थनारात सएनगफेट के दूसरे राउंड में रिटायर होने से अगले दौर में प्रवेश किया। जादुमणि सिंह (55 किलोग्राम) ने यूक्रेन के सियोवुश मुखामदिएव पर 4-0 से, दीपक (70 किलोग्राम) ने स्पेन के डेविड इडेनेल रोसालेन पर 5-0 से और अंकुश (80 किलोग्राम) ने कजाखस्तान के येरासिल जाकपेकोव पर 3-2 से जीत दर्ज की। (अनंत ज्ञान)

## युगल दूसरे दर्जे का प्रारूप नहीं : युकी

**एजेंसी, बेंगलुरु**



कभी भारत के सबसे प्रतिभाशाली एकल टेनिस खिलाड़ियों में गिने जाने वाले युकी भांबरी का करियर अप्रत्याशित मोड़ों और सीख से भरा रहा है। एटीपी रैंकिंग में शीर्ष 100 में जगह बनाने के बाद चोटों और प्रायोजन की अनिश्चितता ने उनके एकल करियर की रफ्तार रोक दी और उनसे जुड़ी कई उम्मीदें अधूरी रह गईं।

हालांकि, युकी ने युगल प्रारूप में खुद को भारत के शीर्ष खिलाड़ियों में स्थापित करते हुए अपने करियर का सबसे सफल दौर देखा है। पिछले 18 महीनों में उन्होंने चार एटीपी खिताब जीते, एक ग्रैंडस्लैम सेमीफाइनल खेला और यह दिखाया कि मजबूत ढांचागत समर्थन एलीट खिलाड़ियों के लिए कितना अहम हो सकता है।

पीटीआई से बातचीत में युकी ने इस धारणा को खारिज किया कि युगल सिर्फ एक 'सांत्वना विकल्प' है। उनका कहना है कि युगल को दूसरे दर्जे का प्रारूप मानना गलत है और टेनिस को भी क्रिकेट की तरह अपने विभिन्न प्रारूपों का सम्मान करना चाहिए।

नीदरलैंड के खिलाफ डेविस कप मुकाबले से पहले उन्होंने कहा, 'हर खिलाड़ी का सपना एकल ग्रैंडस्लैम जीतना होता है, मेरा भी था। लेकिन युगल इसलिए मौजूद है क्योंकि इसका अपना बाजार और दर्शक हैं। इसमें सफल होने के लिए भी उत्कृष्ट होना जरूरी है।'

युकी ने 'डबल्स ड्रीम प्रोजेक्ट' को अपने हालिया सफल प्रदर्शन का अहम कारण बताया। इस पहल के तहत शीर्ष भारतीय युगल खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की कोचिंग, फिटनेस, विश्लेषण और संसाधनों का समर्थन मिला।

33 वर्षीय युकी का मानना है कि भारतीय खिलाड़ी अपने खेल के शीर्ष पर अपेक्षाकृत देर से पहुंचते हैं क्योंकि उन्हें सही ज्ञान और मार्गदर्शन देर से मिलता है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि ढांचागत सुधारों पर जल्द ध्यान नहीं दिया गया तो भारत चीन और जापान जैसे देशों से और पीछे रह जाएगा, जिन्होंने टेनिस के बुनियादी ढांचे में बड़े निवेश किए हैं। (अनंत ज्ञान)

**हॉकी** राउरकेला चरण में बेल्जियम और अर्जेंटीना से भिड़ेगी टीम इंडिया, 11 फरवरी से मुकाबले

## एफआईएच प्रो लीग: भारत की 24 सदस्यीय हॉकी टीम का ऐलान

**एजेंसी, नई दिल्ली**



हॉकी इंडिया ने राउरकेला के बिरसा मुंडा अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में दस से 15 फरवरी तक होने वाले एफआईएच प्रो लीग के पहले चरण के लिये 24 सदस्यीय भारतीय पुरुष टीम की घोषणा की। हॉकी इंडिया ने पिछले महीने 33 संभावित खिलाड़ियों की सूची जारी की थी, जिसे अब घटाकर 24 कर दिया गया है। इस चरण में भारत के अलावा बेल्जियम और अर्जेंटीना की टीमें भाग लेंगी।

भारत के मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन ने एक विज्ञप्ति में कहा,''टीम में युवा और अनुभवी खिलाड़ियों का अच्छा मिश्रण है। हमारे पास रोशन कुजूर और मनमीत सिंह जैसे युवा हैं जबकि सीनियर खिलाड़ी भी टीम में हैं। यह संतुलन काफी जरूरी है। अर्जेंटीना और बेल्जियम बेहतरीन टीमें हैं और हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने उतरेंगे।'' पिछले सत्र में नौ टीमों में आठवें स्थान पर रही भारतीय टीम पहला मैच 11 फरवरी को बेल्जियम के खिलाफ खेलेगी जबकि 13 फरवरी को अर्जेंटीना से खेलना है। इसके बाद 14 फरवरी को बेल्जियम से और 15 फरवरी को अर्जेंटीना से मुकाबला होगा। इसके बाद भारतीय टीम होबर्ट जाएगी जहां 21 और 24 फरवरी को स्पेन से और 22 तथा 25 फरवरी को आस्ट्रेलिया से खेलना है। लीग का यूरोपीय चरण जून में खेला जाएगा। (अनंत ज्ञान)

**भारतीय टीम**

**गोलकीपर:** सूरज करकेरा, पवन।

**डिफेंडर:** अमित रोहिदास, जरमनप्रीत सिंह, जुगराज सिंह, हरमनप्रीत सिंह, सुमित, संजय, नीलम संजीप सेस, अमनदीप लाकड़ा।

**मिडफील्डर:** राजिंदर सिंह, मनमीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद, हार्दिक सिंह, एम रबिचंद्र सिंह, नीलाकांता शर्मा, रोशन कुजूर।

**फॉरवर्ड:** अभिषेक, सुखजीत सिंह, शिलानंद लाकड़ा, सेल्वम कार्ति, मनदीप सिंह, अराइजीत सिंह हुंडल, आदित्य अर्जुन लालागे।